Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 31
लखनऊ, सोमवार, 18 नवम्बर 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com



आभ्यन्तर

स्पोर्ट्स 12

पर्थ टेस्ट के लिए बुमराह को सौंपी गयी कप्तानी




# मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय की नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मणिपुर** में बढ़ती अशांति के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र में होने वाली अपनी सभी रैलियां रद्द कर दीं और स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक करने के लिए दिल्ली लौट आए। गृह मंत्री ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और उन्हें शांति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। शाह आगे के कदमों पर सोमवार को शीर्ष अधिकारियों के साथ एक और विस्तृत बैठक करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर में उग्र भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में शनिवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन और विधायकों तथा कांग्रेस के एक विधायक के आवास में आग लगा दी। साथ ही, सुरक्षाबलों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास में घुसने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया।

गृह मंत्री ने रविवार शाम को वरिष्ठ सुरक्षा और खुफिया अधिकारियों के साथ बैठक की और मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की। इस बीच, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के प्रमुख अनीश दयाल सिंह क्षेत्र में सुरक्षा अभियानों की निगरानी और समन्वय के लिए रविवार को इंफाल पहुंचे। हिंसक विरोध प्रदर्शन की ताजा घटनाएं शनिवार रात को हुईं, जबकि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा तीन महिलाओं और बच्चों की हत्या से गुस्साए लोगों ने शनिवार को तीन राज्य मंत्रियों और छह विधायकों के आवासों पर हमला किया, जिसके बाद अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया था।

इस बीच, मणिपुर सरकार ने केंद्र से राज्य के छह पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों से सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (एफएसपीए) की समीक्षा करने और उसे हटाने का अनुरोध किया है। केंद्र ने हिंसा प्रभावित जिरीबाम सहित मणिपुर के छह पुलिस थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 को फिर से लागू कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 नवंबर को इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई पुलिस थाने और लामसांग पुलिस थाने, इंफाल पूर्व के लामलाई, बिष्णुपुर के मोइरांग, कांगपोकपी के लेइमाखोंग और जिरीबाम जिले के जिरीबाम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में एफएसपीए को फिर से लागू कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि गुस्साए लोगों ने निंगथौखोंग में पीडब्ल्यूडी मंत्री गोविंददास कोंथौजम, लैंगमीडोंग बाजार में हियांगलाम के भाजपा विधायक वाई राधेश्याम, थौबल जिले में वांगजिंग टेंथा के भाजपा विधायक पाओनम ब्रोजेन और इंफाल पूर्व जिले में खुंद्रकपम के कांग्रेस विधायक थ लोकेश्वर के घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि जब गुस्साई भीड़ ने उनके आवासीय परिसरों में धावा बोला, संपत्तियों में तोड़फोड़ की और घरों में आग लगा दी, तब विधायक और उनके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। उन्होंने बताया कि घटनाओं में घर आंशिक रूप से जल गए। आग की लपटों ने घरों को अपनी चपेट में लेने से पहले ही अग्निशमन सेवाएं मौके पर पहुंच गईं और आग बुझा दी। शनिवार की रात को प्रदर्शनकारी इंफाल पूर्व में लुवांगसांगबाम में बीरेन सिंह के पैतृक आवास की ओर भी बढ़े, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें 100-200 मीटर पहले ही रोक दिया।

अधिकारियों ने बताया कि असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य के बलों सहित सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, रबड़ की गोलियां चलाईं और सिंह के घर को नुकसान पहुंचाने की कोशिश ( शेष पृष्ठ 9 )



मणिपुर के संवेदनशील इलाके में गश्त करते सुरक्षाकर्मी। राज्य के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। पीटीआई

## एनपीपी ने भाजपा से वापस लिया समर्थन

**शिलांगा/इंफाल( एजेंसी )।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने रविवार को यह दावा करते हुए हिंसा प्रभावित मणिपुर की भाजपा नीत सरकार से समर्थन वापस ले लिया कि एन बीरेन सिंह शासन इस पूर्वोत्तर राज्य में संकट का समाधान करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में एनपीपी के सात विधायक हैं। एनपीपी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजे पत्र में दावा किया कि पिछले कुछ दिनों में मणिपुर में स्थिति और बिगड़ गई है, कई निर्दोष लोगों की जान गई है तथा राज्य के लोग भारी पीड़ा से गुजर रहे हैं। एनपीपी ने पत्र में कहा, हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर सरकार संकट का समाधान करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह से विफल रही है। पार्टी ने कहा, वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए नेशनल पीपुल्स पार्टी ने मणिपुर में बीरेन सिंह सरकार से अपना समर्थन तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है।

# 'शीश महल' से शर्मिंदा कैलाश गहलोत ने आप छोड़ी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव से कुछ महीने पहले अरविंद केजरीवाल के अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी को जोर का झटका लगा है। दिल्ली सरकार में वरिष्ठ मंत्री और आप के दिग्गज नेता कैलाश गहलोत जिन्होंने खुद को केजरीवाल का 'हनुमान' बताया था, ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने 'शीश महल' विवाद और पार्टी द्वारा अपना राजनीतिक एजेंडा तय करने के लिए केंद्र से अनावश्यक लड़ाई का हवाला दिया। इसके साथ ही, तीन मंत्रियों समेत चार विधायकों ने आप से इस्तीफा दे दिया है। राजेंद्र पाल गौतम सितंबर में कांग्रेस में शामिल हुए थे, जबकि पटेल नगर और छतरपुर के विधायक राज कुमार आनंद और करतार सिंह तंवर लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। गहलोत आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के तीसरे मंत्री हैं, जिन्होंने पिछले डेढ़ साल में अपने पद से इस्तीफा दिया है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को संबोधित अपने त्यागपत्र में गहलोत ने अधूरे वादों और हाल के विवादों को भी पद छोड़ने का कारण बताया। गहलोत ने दिल्ली सरकार में परिवहन, कानून, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रशासनिक सुधार और महिला एवं बाल विकास जैसे विभागों सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। गहलोत ने पार्टी के सामने मौजूद गंभीर चुनौतियों की ओर इशारा किया। पार्टी में एक प्रमुख व्यक्ति गहलोत ने शीश महल जैसे कुछ अजीब और शर्मनाक विवादों को उठाते हुए केजरीवाल पर कटाक्ष किया और कहा कि इससे सभी को संदेह होता है कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं। शीश महल विवाद का गहलोत का संदर्भ भाजपा नेताओं के उस आरोप की पृष्ठभूमि में आया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि केजरीवाल ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित अपने पूर्व आधिकारिक आवास पर भव्य वस्तुओं और आधुनिक सुविधाओं पर करोड़ों खर्च किए हैं। भाजपा ने केजरीवाल के पहले के आवास को शीश महल करार दिया था। इस बीच, आप के राष्ट्रीय संयोजक ने गहलोत के इस्तीफे के कुछ घंटों बाद पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गहलोत के चौंकाने वाले इस्तीफे पर सवाल उठाने से इनकार कर दिया और तुरंत माइक्रोफोन को अपने बगल में बैठे विधायक दुर्गेश पाठक की ओर मोड़ दिया। जब उनसे जवाब मांगा गया, तो पाठक के बोलने से पहले केजरीवाल ने मुस्कुराते हुए कहा, आप जवाब चाहते हैं, है न दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री ने इसके तुरंत बाद बोलते हुए भाजपा की आलोचना की, लेकिन गहलोत के जाने का जिक्र नहीं किया।

भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए पाठक ने कहा कि गहलोत से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग महीनों से पूछताछ कर रहा था और छापेमारी कर रहा था। उन्होंने कहा, इसलिए उनके पास कोई विकल्प नहीं था। लेकिन इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा दिल्ली चुनाव हार चुकी है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है, वे ईडी, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग के दम पर लड़ रहे हैं और हम लोगों के मुद्दों पर लड़ रहे हैं। इससे पहले आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि गहलोत का इस्तीफा भाजपा की गंदी राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया, यह भाजपा की गंदी राजनीतिक साजिश है और वह ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करके दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतना चाहती है। दूसरी ओर, गहलोत की घोषणा पर भाजपा ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने गहलोत के इस्तीफे का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने एक साहसी कदम उठाया है। गहलोत ने उन्हीं मुद्दों को उठाते हुए इस्तीफा दिया, जिनके लिए भाजपा विरोध कर रही थी और केजरीवाल और आप के खिलाफ लड़ रही थी। सचदेवा ने कहा, उनके इस्तीफे से यह साबित होता है कि ( शेष पृष्ठ 9 )



# मुर्शिदाबाद पूजा पंडाल में सांप्रदायिक झड़प

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बांग्लादेश** की सीमा से लगे मध्य बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा इलाके में दो समुदायों के बीच हुई झड़प में कम से कम 50 लोग घायल हो गए। दोनों समुदायों के बीच झड़प के बाद कई घरों में आग लगा दी गई और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। सूत्रों ने बताया कि घायलों में कम से कम पांच महिलाएं और दोनों समूहों के कई अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पूरा इलाके में तनावपूर्ण है, हालांकि रविवार शाम तक झड़प की कोई नई खबर नहीं आई है। यह घटना शनिवार देर रात हुई, जब वार्ड नंबर 10 में कार्तिक पूजा पंडाल में बिजली के लाइट बोर्ड पर कथित रूप से अपवित्र टिप्पणियां लिखे जाने की खबरें सार्वजनिक होने के बाद एक समुदाय के सदस्यों ने पथराव किया। कार्तिक पूजा का आयोजन आमतौर पर उन महिलाओं द्वारा किया जाता है, जो मां बनने की इच्छा रखती हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सूर्य प्रताप यादव ने कहा, हमने कुछ लोगों के बीच झड़प के बाद उपद्रव करने के आरोप में कई लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें कुछ लोग घायल हुए हैं तथा कुछ संपत्तियों का नुकसान हुआ है। राज्य के डीजीपी राजीव कुमार ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी पुलिस रैपिड एक्शन फोर्स के साथ बड़ी संख्या में इलाके में पहुंचे, जबकि एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ( शेष पृष्ठ 9 )

# भारत नाइजीरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देता है: मोदी

**भाषा।** अबुजा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को सवोच्च प्राथमिकता देता है और वह रक्षा, ऊर्जा और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाने की दिशा में काम करेगा। बैठके के बाद अपने उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद, समुद्री डकैती और मादक पदार्थों की तस्करी को प्रमुख चुनौतियों के रूप में पहचाना और कहा कि दोनों देश इनसे निपटने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। पीएम मोदी 17 साल के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा पर रविवार को सुबह अबुजा पहुंचे। पीएम ने कहा, वह नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्हें विश्वास है कि हमारी बातचीत के बाद हमारे संबंधों में एक नया अध्याय शुरू होगा। उन्होंने लगभग 60,000 की संख्या वाले भारतीय प्रवासी समुदाय को भारत-नाइजीरिया संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बताया और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए टीनूबू को धन्यवाद दिया।



प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत पिछले महीने बाढ़ से प्रभावित नाइजीरियाई लोगों के लिए 20 टन राहत सामग्री भेज रहा है। उन्होंने पिछले साल भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ के जी-20 का स्थायी सदस्य बनने का भी जिक्र किया और इसे एक महत्वपूर्ण परिणाम बताया। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता से पहले, प्रधानमंत्री मोदी और टीनूबू ने राष्ट्रपति भवन में द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत भी किया गया। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के तहत नाइजीरिया में हैं। अबुजा से वे जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील जाएंगे। उनका अंतिम पड़ाव गुयाना होगा। अक्टूबर 2007 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अफ्रीकी राष्ट्र की यात्रा के दौरान भारत-नाइजीरिया संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। नाइजीरिया छह दशकों से अधिक समय से भारत का करीबी साझेदार रहा है।

# प्रधानमंत्री ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** ने गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है, और वह भी एक ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक फर्जी कहानी सीमित समय तक ही चल सकती है। आखिरकार, सच हमेशा सामने आते हैं। पीएम मोदी ने यह बात एक सोशल मीडिया यूजर को जवाब देते हुए कही, जिसने शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म के ट्रेलर के वीडियो के साथ उन्हें टैग किया था। 'द साबरमती रिपोर्ट' 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगने की घटना पर आधारित है, जिसमें अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू श्रद्धालु जलकर मर गए थे। इस घटना के कारण उस साल गुजरात में दंगे भड़क गए थे। धीरज सरना ने द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन किया है, जिसका निर्माण शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन ने किया है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा हैं।

# भारत ने लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत ने** एक बड़ी सैन्य उपलब्धि हासिल करते हुए ओडिशा के तट से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जिससे वह रूस और चीन के बाद उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास अत्यधिक तेज गति से हमला करने वाला हथियार है। यह मिसाइल ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक गति से 1,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित लक्ष्यों पर हमला कर सकती है और अधिकांश वायु रक्षा प्रणालियों को चकमा दे सकती है। शनिवार देर रात किए गए परीक्षण की सराहना करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के पहले लंबी दूरी के हाइपरसोनिक मिशन के तहत शनिवार को हुए मिसाइल परीक्षण को शानदार उपलब्धि और ऐतिहासिक क्षण बताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित मिसाइल को 1,500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने में सक्षम बनाया गया है।

रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, भारत ने ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा, यह एक ऐतिहासिक पल है और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी अहम और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियां हैं। आम तौर पर, पारंपरिक आयुध या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हाइपरसोनिक मिसाइलें समुद्र तल पर प्रति घंटे ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक (तकरीबन 1,220 किलोमीटर या पांच मैक) गति से उड़ान भर सकती हैं। हालांकि, कुछ उन्नत हाइपरसोनिक मिसाइलें 15 मैक से अधिक की गति से उड़ान भर सकती हैं। वर्तमान में, रूस और चीन हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने में बहुत आगे हैं जबकि अमेरिका अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत ऐसे हथियारों की एक श्रृंखला विकसित करने की प्रक्रिया में है। फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ईरान और इजराइल समेत कई अन्य देश भी हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणालियां विकसित करने की परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल को कई डोमेन में तैनात विभिन्न रेंज सिस्टम द्वारा ट्रैक किया गया था। रीडआउट में कहा गया, डाउन रेंज शिप स्टेशनों से प्राप्त उड़ान डेटा ने उच्च सटीकता के साथ सफल टर्मिनल युद्धाभ्यास और प्रभाव की पुष्टि की। इस मिसाइल को हैदराबाद स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स की प्रयोगशालाओं के साथ-साथ डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं और ( शेष पृष्ठ 9 )



ओडिशा के तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर डीआरडीओ की लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। पीटीआई

# सरकार की 'लाभ के पद' कानून को निरस्त करने की योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार 65** साल पुराने उस कानून को निरस्त करने की योजना बना रही है, जो लाभ के पद पर होने के कारण सांसदों को अयोग्य ठहराने का आधार प्रदान करता है। वह एक नया कानून लाने की योजना बना रही है, जो वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप हो। केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधाई विभाग ने 16वीं लोकसभा में कलराज मिश्र की अध्यक्षता वाली लाभ के पदों पर संयुक्त समिति (जेसीओपी) द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर तैयार संसद (अयोग्यता निवारण) विधेयक, 2024 का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य मौजूदा संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा-3 को युक्तिसंगत बनाना और अनुसूची में दिए गए पदों की नकारात्मक सूची को हटाना है, जिसके धारण पर किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य ठहराया जा सकता है। विधेयक में मौजूदा अधिनियम और कुछ अन्य कानूनों के बीच टकराव को दूर करने का भी प्रस्ताव है, जिनमें अयोग्य न ठहराए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। मसौदा विधेयक में कुछ मामलों में अयोग्यता के अस्थाई निलंबन से संबंधित मौजूदा कानून की धारा-4 को हटाने का भी प्रस्ताव है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# एनसीआर में धुंध की मोटी चादर, ग्रैप का चौथा चरण लागू

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**दिल्ली में** धुंध की मोटी चादर छाने के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएमक्यूएम) की उप-समिति ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण को लागू करने का फैसला किया है, जो सोमवार सुबह 8 बजे से लागू होगा। इसे गंभीर वायु गुणवत्ता की स्थिति के कारण लागू किया जाएगा, जिसमें धूल पैदा करने वाली निर्माण और विध्वंस गतिविधियों को पूरी तरह से रोकना और ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध शामिल है।

इसके अलावा, सरकार प्रदूषा नियंत्रण के लिए ऑड-ईवन प्रतिबंध लगाने का विकल्प चुन सकती है। आयोग ने यह आदेश तब जारी किया, जब दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब हो गया, जो रात 8 बजे 457 स्तर पर पहुंच गया। प्रतिकूल मौसम की स्थिति और घने कोहरे के कारण, राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम हो गई, जिससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर उड़ानें बाधित हुईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार सुबह घने कोहरे की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सीएक्यूएम ने रविवार को सभी हितधारकों के साथ बैठक के बाद जीआरएपी के चौथे चरण को लागू करने का निर्णय लिया गया।



आदेश के अनुसार, आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या स्वच्छ ईंधन (एलएनजी/सीएनजी/बीएस-6 डीजल/इलेक्ट्रिक) का उपयोग करने वाले ट्रकों को छोड़कर किसी भी ट्रक को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईवी और सीएनजी और बीएस-6 डीजल को छोड़कर दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर-आवश्यक हल्के वाणिज्यिक वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि आवश्यक सेवाओं को छोड़कर दिल्ली में पंजीकृत बीएस-4 या पुराने डीजल मध्यम और भारी माल वाहनों पर प्रतिबंध है। सीएक्यूएम का आदेश एनसीआर के लिए भी लागू होगा। राजमार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, बिजली लाइनों, पाइपलाइनों और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं सहित सभी निर्माण गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है।

सीएक्यूएम ने कक्षा छह से नौ और कक्षा 11 के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का सुझाव दिया। केंद्र सरकार अपने कार्यालयों में कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने पर उचित निर्णय ले सकती है। राज्य सरकारें भी कॉलेजों को बंद करने, गैर-जरूरी वाणिज्यिक गतिविधियों को सीमित करने और ऑड-ईवन वाहन नियमों को लागू करने का फैसला कर सकती हैं। सीएक्यूएम ने बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन हृदय या अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को भी बाहरी गतिविधियों से बचने और जितना संभव हो सके घर के अंदर रहने की सलाह दी। दिल्ली सरकार ने जूनियर स्कूल कक्षाओं के ऑनलाइन होने से प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए 14 नवंबर को पहले ही ग्रैप स्टेज 3 लागू करने के साथ प्रतिबंध लगा दिए थे। राजधानी में अंतरराज्यीय बसों के अलावा ईवी/सीएनजी/बीएस-6, निजी बीएस-3 पेट्रोल ( शेष पृष्ठ 9 )

# कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनएः सीएम योगी

**● 1947 में पाकिस्तान के लिए दंगा करने वाले मुसलमानों से वैसे ही निपट लेते, जैसे आज निपट रहेः योगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/कोल्हापुर/सतारा/पुणे



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में चौथे दिन चुनावी प्रचार में उतरे। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं, नीतियों व सहयोगियों पर खूब हमला किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए है। इनका इतिहास भारत के साथ धोखा देने का रहा है। कांग्रेस की कायरता, सत्तालोलुपता थी कि भारत को दो टुकड़ों में बांट दिया। लाखों हिंदू काटे गए। 1947 में कांग्रेस नेतृत्व चाहता तो भारत का विभाजन नहीं होता और न ही पाकिस्तान बनता। पाकिस्तान के लिए दंगा करने वाले मुसलमानों से वैसे ही निपटा जा सकता था, जैसे आज निपटते हैं।

सीएम योगी ने महाराष्ट्र की धरती पर महापुरुषों का वंदन किया। उन्होंने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद मैं आगरा में निरीक्षण कर रहा था, बताया गया कि यहां मुगल म्यूजियम है। जिसमें औरंगजेब व मुगल शासन के प्रतीक रखे जाएंगे। मैंने पूछा कि मुगलों का भारत से क्या संबंध है। इसे हटाइए, म्यूजियम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर होगा और यहां भारत के गौरव को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महायुति में जोड़ने वाली ताकते हैं तो महा अघाड़ी के नाम पर महा अनाड़ी गठबंधन बांटने का कार्य कर रहा है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने देश, हिंदू समाज को बांटा। कांग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए आ गया है। कांग्रेस के लिए देशहित कभी महत्व नहीं रखता। अंग्रेजों की तरह यह भी बांटों और राज करो की नीति पर चल रहे हैं।

## पहले पीओके, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे

सीएम योगी ने भोसरी में कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकी अब भारत की सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सकता। उसे पता है कि नया भारत घुसकर मारता है। 10 वर्ष में पाकिस्तान की हालत यह हो है कि कटोरा लेकर घूम रहा है, लेकिन कोई भीख भी नहीं दे रहा। सीएम ने आह्वान किया कि भारत की ताकत को बढ़ाइए तो पहले पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में आएगा, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे। गोहत्या बंद कराने का काम भी महायुति गठबंधन ही कर पाएगा, कांग्रेस नेतृत्व नहीं।

सीएम कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा के साथ ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी हमलावर रहे। बोले कि 1947 में खड़गे जी के गांव बारावत्ती को हैदराबाद के निजाम के रजाकारों ने जला दिया था, जिसमें उनकी मां, बहन व चाची की मृत्यु हो गई थी। जब मैं कहता हूं कि बंटोगे तो कटोगे तो खड़गे को बुरा लगता है। खड़गे जी बताइए कि निजाम और उसके रजाकार कौन थे। जिन्होंने निर्ममतापूर्वक हिंदुओं का कत्लेआम किया था। आप कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन नेतृत्व के भय से नहीं बोल रहे। आपको सच्चाई बोलनी चाहिए। निजाम का रजाकार कोई और नहीं, बल्कि वही कट्टरपंथी मुस्लिम हैं, जो आज भी गणपति महोत्सव, रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव व विशालगढ़ जैसे किलों पर कब्जा कर भारत को अपमानित करने का कार्य करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि जब विशालगढ़ में अतिक्रमण हटाने की कोशिश की जाती है तो पत्थरबाजी शुरू हो जाती है। सनातन पर प्रहार भारत पर प्रहार है। सनातन भारत के आधार का प्रतीक है, इस पर प्रहार महाविनाश को आमंत्रित करता है।महायुति गठबंधन की सरकार बनती है तो विशालगढ़ किले का अतिक्रमण हट जाएगा, गणपति बप्पा व रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। पत्थरबाज घर में सिमट जाएंगे, बाहर नहीं निकल पाएंगे। यदि निकलकर पत्थरबाजी किए तो यूपी का सूत्र लागू हो जाएगा और राम नाम सत्य की यात्रा निकलेगी। सीएम ने चेताया कि बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

## कांग्रेस, उद्धव ठाकरे व पवार में चल रही नूराकुश्ती

सीएम योगी ने कहा कि यह चुनाव महाराष्ट्र व भारत के लिए बहुत मायने रखता है। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), एनसीपी (अजीत पवार गुट) व आरपीआई का महायुति गठबंधन है। जिसका ध्येय एक भारत-श्रेष्ठ भारत है तो दूसरी तरफ महा अघाड़ी के रूप में महा अनाड़ी गठबंधन है। इनके पास नीति, नैतिक बल और निर्णय लेने का सामर्थ्य भी नहीं है। सबका साथ, परिवार का विकास ही इनका नारा है। कांग्रेस, उद्धव ठाकरे व पवार साहब में आपस में ही नूराकुश्ती चल रही है कि कौन-किसे कितना मात दे देता है। यह पहले एक-दूसरे, फिर हिंदू समाज, उसके बाद देश को धोखा देंगे।

सीएम योगी ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे ने मूल्यों की राजनीति की थी, वे होते तो कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करते, लेकिन उद्धव ठाकरे मूल्यों व आदर्शों से भटक गए। वे कहते थे कि हिंदुत्व के मुद्दे पर छत्रपति शिवाजी को सामने रखकर ही काम करेंगे। छत्रपति शिवाजी जिनके आदर्श रहे हों, वह बांटने की नहीं, एकता की बात करके एक भारत बनाने के लिए कार्य करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले महाराष्ट्र में सर्वाधिक किसानों ने आत्महत्या की थी। आज किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जितना केंद्र सरकार दे रही है, उतना ही महायुति गठबंधन सरकार भी देगी। यह सुविधा न मिल पाए, इसके लिए कांग्रेस व गठबंधन ने न्यायालय में अपील की। वे नहीं चाहते कि युवाओं को नौकरी मिले, महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ मिले और किसान खुशहाल हों। सीएम ने कहा कि अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए महायुति सरकार ने भव्य महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए जमीन आरक्षित कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया है।

### इन प्रत्याशियों के लिए की रैली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को तीन जनसभा की। पहली रैली में कोल्हापुर दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार अमल महादिक, कोल्हापुर उत्तर से शिवसेना (शिंदे गुट) राजेश क्षीरसागर, कारवीर से चंद्रवीर नारके के लिए वोट मांगा। उनकी दूसरी रैली कराड उत्तर विधानसभा क्षेत्र में हुई। भाजपा ने यहां से मनोज भीमराव घोरपड़े को टिकट दिया है। वहीं मुख्यमंत्री ने तीसरी रैली भोसरी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी महेश किशनराव लांडगे के पक्ष में की।

### प्रचार के आखिरी दिन झारखंड के समर में उतरेंगे योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड के समर में उतरेंगे। सीएम ने चुनाव प्रचार का आगाज भी पांच नवंबर को झारखंड से ही किया था। सीएम झारखंड में इसके पहले पांच नवंबर, 11 नवंबर व 14 नवंबर को रैली कर चुके हैं। सोमवार को यहां वे चौथे दिन चुनाव प्रचार में पहुंचेंगे। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी की पहली रैली साहबगंज जनपद में होगी। यहां की राजमहल विधानसभा क्षेत्र में सीएम वोट मांगेंगे। राजमहल से भारतीय जनता पार्टी ने अनंत ओझा को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री योगी दूसरी रैली जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में करेंगे। यहां से सीता सोरेन कमल चुनाव निशान पर मैदान में हैं। सीएम की तीसरी रैली देवघर में होगी। देवघर विधानसभा क्षेत्र से नारायण दास भाजपा के उम्मीदवार हैं।

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए उर्वरक : योगी

**● मुख्यमंत्री योगी का अधिकारियों को निर्देश खाद वितरण स्थलों पर सुविधाओं में करें सुधार**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश में खाद की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मुख्य सचिव, कृषि विभाग के प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निजी क्षेत्र से प्राप्त हो रहे उर्वरक को सहकारी समितियों और अन्य सरकारी माध्यमों से किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी कंपनियों से मिलने वाली खाद को उचित मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराना आवश्यक है ताकि उनकी फसल उत्पादन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे केंद्र सरकार के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करें और आवश्यकतानुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र सरकार के विभागों से नियमित संपर्क बनाए रखा जाए ताकि खाद की उपलब्धता में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने खाद वितरण स्थलों पर किसानों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद वितरण के दौरान किसानों को उचित लाइन, पानी की व्यवस्था, छाया और बैठने की सुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वितरण केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखा जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जाए। इसके साथ ही, किसानों के हितों की रक्षा करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने खाद वितरण प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक विशेष तंत्र की स्थापना का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अधिकारियों की एक टीम बनाई जाए जो वितरण प्रक्रिया पर नजर रखे और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इस तंत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खाद की कालाबाजारी या जमाखोरी न हो। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नदियों के साथ ही प्रयागराज के घाटों की स्वच्छता भी निभाएंगे गंगा प्रहरी

**● महाकुंभ के दौरान पूरे देश से 200 और गंगा प्रहरी पहुंचेंगे प्रयागराज**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/प्रयागराज



**अगले साल** प्रयागराज में लगने जा रहे सनातन धर्म के सबसे बड़े सम्मेलन महाकुंभ 2025 में आने वाले लाखों करोड़ों लोग यहां के स्वच्छ और निर्मल जल में आस्था की डुबकी लगाकर सनातन परंपरा का निर्वहन करते हैं। तीर्थों के तीर्थ संगम के प्रति लोगों की यह आस्था यूं ही बनी रहे, इसके लिए 500 गंगा प्रहरी दिन रात दोनों नदियों की स्वच्छता और निर्मलता को बनाए रखने में जुटे हुए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब करोड़ों लोग संगम में पवित्र स्नान करेंगे तब भी यही गंगा प्रहरी नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए पहरेदार बनकर खड़े रहेंगे। प्रयागराज में छोटे बड़े करीब 25 घाट हैं। महाकुंभ के दौरान इन सभी घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ने वाला है। ऐसे में घाटों के साथ साथ गंगा और यमुना नदी की स्वच्छता को बनाए रखना एक चुनौती होगी। प्रत्येक घाट पर तैनात गंगा प्रहरी इसको लेकर आश्वस्त हैं। वह निरंतर नदियों और घाटों की सफाई में जुट हुए हैं साथ ही श्रद्धालुओं को भी नदियों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं। प्रत्येक घाट पर 15 से 20 गंगा प्रहरी गंगा और यमुना दोनों ही नदियों की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। महाकुंभ के दौरान यह शिफ्ट में काम करेंगे। पूरे देश से चुनिंदा 200 से अधिक गंगा प्रहरी यहां बुलाए जा रहे हैं, ताकि गंगा और यमुना की स्वच्छता बनाए रखने में जनशक्ति की कमी न हो।

नमामि गंगे परियोजना के तहत वन्य जीव संस्थान के माध्यम से ये गंगा प्रहरी लगातार नदियों और घाटों की स्वच्छता के साथ साथ जलीय जीवों के संरक्षण में जुटे हुए हैं। जलज योजना में असिस्टेंट कॉर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे चंद्रा कुमार निषाद के अनुसार, गंगा और यमुना नदियों में लाखों लोग डुबकी लगाते हैं, लेकिन यदि जल स्वच्छ न हो तो उनकी आस्था को ठेस पहुंचती है। हमारी टीम दिन रात घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाती है। घाट के साथ साथ नदी में जो अपशिष्ट पदार्थ होते हैं उन्हें भी जाल के माध्यम से निकालकर नदी को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जाता है। हम श्रद्धालुओं को भी जागरूक करते हैं कि वो घाट और नदी दोनों ही जगह स्वच्छता का ध्यान रखें। इसमें कूड़ा या फूल माला न फेंके। इसके बावजूद जो लोग फूल या अन्य गंदगी फेंकते हैं तो हम तुरंत जाल और अन्य इक्विपमेंट से उठा लेते हैं।

## स्थानीय लोगों को बनाया नदियों का रक्षक

डबल इंजन की सरकार नदियों की स्वच्छता पर अच्छा काम कर रही है। नमामि गंगे परियोजना के तहत जो सबसे अच्छा काम हुआ है वो यह की नदियों की सुरक्षा और स्वच्छता की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों को दे दी गई है। जिन लोगों की आय का प्रमुख स्रोत जलीय जीवों का शिकार था, वही अब उनके रक्षक बन गए हैं। इसकी वजह से नदी में कछुओं, डॉल्फिन्स, मछलियों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यदि जलीय जीवों को बचा लिया जाए तो नदी कभी गंदी नहीं होगी, क्योंकि ये जीव नदी को साफ करने का कार्य करते हैं। वन विभाग के आईटी हेड आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि योगी सरकार ने स्थानीय लोगों को जलीय जीवों के शिकार के बजाय अन्य आय के स्रोतों से जोड़ने की पहल की है। जिससे जलीय जीवों का संरक्षण सुनिश्चित हुआ है। अर्थ गंगा योजना (जलज योजना) के अंतर्गत स्थानीय महिलाओं को सिलाई, ब्यूटीपार्लर, धूपबत्ती, जूट के थैले बनाने की ट्रेनिंग नि:शुल्क कराई जा रही है।

अब तक 100 से 150 गांवों की 700 से ज्यादा महिलाओं को ट्रेनिंग और रोजगार से जोड़ा गया है। वहीं, पुरुषों को भी गोताखोरी के अतिरिक्त वन्य विभाग से अन्य टास्क दिए जा रहे हैं, जिससे इन्हें आर्थिक सहायता भी मिल रही है। महाकुंभ में इन्हें एक निश्चित मानदेय भी प्रदान किया जाता है। चंद्रा कुमार निषाद ने बताया कि महाकुंभ के लिए योगी सरकार की ओर से उन्हें ट्रेनिंग दी गई है। स्वच्छ महाकुंभ के साथ ही उनकी टीम लोगों की मदद भी करेगी। लोगों को स्नान कराने के साथ साथ यदि घाट पर कोई खो जाता है तो उसको खोया पाया केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। यही नहीं, स्नानार्थियों को घर पर उपलब्ध सेवाओं और सुविधाओं से भी परिचित कराया जाएगा। सुरक्षा कर्मियों के साथ ही हमारी टीम भी घाट पर स्नानार्थियों पर नजर रखेगी और किसी भी आपात स्थिति में लोगों की मदद और उनकी जान बचाने के लिए तत्परता से कार्य करेगी।

# प्रयागराज जंक्शन व रामबाग रेल लाइन में इंटरलॉकिंग से महाकुम्भ में ट्रेनों का परिचालन होगा आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/प्रयागराज

**प्रयागराज** में महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन को लेकर प्रयागराज रेल मण्डल में भी पूरे उत्साह के साथ निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग दोहरीकरण कार्य के संबंध में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना की गई है। महाकुंभ में प्रयागराज रेल मण्डल लगभग 992 ट्रेनों का संचालन करेगा। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर क्योसन निर्मित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से ट्रेन संचालन में बेहतर फ्लेक्सबिलिटी के लिए 825 रूट उपलब्ध होंगे। नई इंटरलॉकिंग प्रणाली से महाकुंभ के दौरान प्रयागराज जंक्शन स्टेशन से निर्बाध ट्रेन संचालन आसानी से किया जा सकेगा। प्रयागराज रेल मण्डल के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि नई इंटरलॉकिंग प्रणाली प्रयागराज जंक्शन से निकलने वाले बहु दिशात्मक यातायात को सुगम बनाएगी। इस रूट पर रिले इंटरलॉकिंग 1993 से काम कर रही थी, जो 30 साल से अधिक पुरानी व्यवस्था थी। नई इंटरलॉकिंग प्रणाली महाकुंभ मेला और उसके बाद प्रयागराज स्टेशन से ट्रेनों को सुचारु एवं अतिरिक्त परिचालन क्षमता प्रदान करेगी। जिससे महाकुंभ के दौरान चलने वाली अतिरिक्त मेला स्पेशल ट्रेनों की आवाजाही, रेग्युलर ट्रेनों के परिचालन में कम से कम व्यवधान पैदा करेगा। नई इंटरलॉकिंग प्रणाली बेहतर फ्लेक्सबिलिटी के लिए प्रयागराज जंक्शन को 825 रूट उपलब्ध कराएगा। जिससे अत्यंत व्यस्त नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

इसके उपयोग से वाराणसी, लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय और सतना जाने वाली ट्रेनों के विलंबन समय में कमी आएगी। इस कार्य से कई ट्रेनों की आवाजाही एक साथ संभव हो सकेगी। ये कार्य प्रयागराज रामबाग से प्रयागराज जंक्शन पर लाइन नंबर 11 पर रिसेप्शन और लाइन नंबर 10 से नैनी के लिए प्रस्थान संबंधी समस्याएं दूर करेगा। साथ ही प्रयागराज जंक्शन की लाइन नंबर 18 और 19 से ट्रेनों को प्रयाग जंक्शन स्टेशन पर रवाना किया जा सकेगा। इससे प्रयाग स्टेशन से प्रयागराज जंक्शन की लाइन नंबर 13-17 पर भी ट्रेनों का रिसेप्शन हो सकेगा। इससे प्रयागराज जंक्शन के यार्ड में रनिंग लाइनों की उपलब्धता भी बढ़ जाएगी।




राजधानी के अति महत्वपूर्ण 1090 चौराहे पर उत्तर प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय द्वारा बनाये गए भव्य महाकुम्भ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते आमजन

### 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**71वें** अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समारोह के चौथे दिन उप्र राज्य भण्डारण निगम एवं उप्र उपभोक्ता संघ लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में राज्य भण्डारण निगम न्यू हैदराबाद लखनऊ के हॉल में सहकारी उद्यम में परिवर्तन विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सहकारिता विभाग परिवर्तन पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सहकारिता विभाग के उपनिबंधक आलोक सिंह के कुशल संचालन में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। समस्त अधिकारियों को वृक्ष भेंटकर सम्मानित किया गया। सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्रीराम प्रकाश अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक, प्रबन्ध निदेशक पैकफेड की अध्यक्षता में 'सहकारी उद्यम में परिवर्तन' पर अपने विचार व्यक्त किये।

# रोडवेज कुलियों को अगले हफ्ते से दी जाएगी महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनिंग

**● सीनियर सिटीजन और दिव्यांग यात्रियों के लिए मददगार होगी रोडवेज कुली सेवा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/प्रयागराज



**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के संकल्पित है। इसके लिए सभी प्रशासनिक विभागों की तरफ से युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग भी महाकुंभ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए कई अभियान चला रहा है ताकि आगंतुकों को किसी तरफ की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

आस्था के जन समागम प्रयागराज में इस बार 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कुम्भ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इन आगंतुकों में सबसे अधिक बस सेवा से प्रयागराज पहुंचेंगे। रोडवेज की यह अपेक्षा है कि कुंभ नगरी पहुचने वाले इन श्रद्धालुओं को बस स्टेशन पहुंचने पर कोई असुविधा न हो। आगंतुक अच्छा अनुभव यहां से लेकर जाएं इसके लिए राज्य सड़क परिवहन विभाग की तरफ से रोडवेज के कुलियों को भी तैयार किया जा रहा है। रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी का कहना है कि रोडवेज बस स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों का सबसे पहला संपर्क रोडवेज कुलियों से होता है। ऐसे में रोडवेज कुलियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलियों को यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ महाकुंभ जाने के साधनों और मार्गों की बुनियादी जानकारी देने का अभियान इसमें शामिल होगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक प्रारम्भ में इन्हें आठ - आठ घंटे की दो शिफ्ट में काम के लिए उतारा जाएगा । इन्हें इनकी यूनिफॉर्म और बैज भी प्रदान किये गए हैं । रेलवे के कुलियों की लाल यूनिफॉर्म की जगह इन्हें नीले रंग की पैंट-शर्ट यूनिफार्म के तौर पर दी गई है। इन कुलियों की बांह पर पीतल का एक बिल्ला लगा है जिस पर उनकी पहचान का नंबर लिखा गया है । रोडवेज ने इनकी पूरी पहचान और बर्ताव को परखने के बाद इन्हें सेवा में उतारा है । आधार कार्ड और आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी करने के बाद ही कुलियों को बिल्ले दिए गए हैं । पहले बैच में सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टैंड में 16 रोडवेज कुलियों को इस सेवा के लिए तैयार किया जा रहा है।

प्रयागराज के सिविल लाइन्स बस स्टेशन से 118 बसों का आवागमन होता है। इस बस स्टेशन में प्रतिदिन डेढ़ लाख से अधिक रोडवेज यात्रियों का आना जाना होता है । इन सभी यात्रियों को रोडवेज के कुली अपनी सेवा देंगे । सीनियर सिटीजन और दिव्यांग यात्रियों की मदद में ये सबसे अधिक मददगार साबित होंगे । रोडवेज कुली बनवारी लाल बताते हैं कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु हमारे लिए अतिथि होंगे, खास तौर पर दिव्यांग और सीनियर सिटीजन यात्री इन्हें बस के उतरते ही पूरी विनम्रता के साथ सेवा देने के साथ हम लोग उन्हें कुंभ के मार्गों और वहां पहुंचने के लिए साधन की जानकारी भी अपनी तरफ से देंगे ताकि उन्हें वहां पहुंचने में कोई असुविधा न हो। रोडवेज की तरफ से कुलियों को सेवा देने के एवज में जो भी पैसा निर्धारित होगा उसकी रेट लिस्ट बस स्टैंड में लगाई जाएगी।

# फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए सबसे अधिक आजमगढ़ में जारी किये गये ई रुपी वाउचर

**● आजमगढ़ में सबसे अधिक 61,019 वाउचर किये गये जारी, दूसरे नंबर पर आगरा में 56,512 वाउचर हुए जारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए गर्भवतियों को ई रुपी वाउचर जारी किये जा रहे हैं। 9 नवंबर तक 14 लाख से अधिक वाउचर जारी किये गये हैं। इसमें सबसे अधिक आजमगढ़ में 61 हजार से अधिक वाउचर जारी किये गये हैं। जबकि दूसरे नंबर पर आगरा में 56 हजार से अधिक और तीसरे नंबर पर बदायूं में 53 हजार से अधिक वाउचर जारी किये गये।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर हैं। ऐसे में योगी सरकार ने गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करने के लिए फरवरी 2023 में ई रुपी वाउचर योजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर आवश्यक जांच की सुविधाएं को उपलब्ध कराना है ताकि उनकी और उनके अजन्मे शिशु की सेहत सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में शासन द्वारा 9 नवंबर तक गर्भवती महिलाओं को 14,50,238 ई रुपी वाउचर जारी किये जा चुके हैं।

वहीं गर्भवती महिलाओं द्वारा 6,81,341 ई रुपी वाउचर का लाभ उठाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ में 9 नवंबर तक सबसे अधिक 61,019 वाउचर जारी किये गये हैं। इसी के साथ आजमगढ़ वाउचर जारी करने में पहले स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर आगरा है, जहां 56,512 वाउचर जारी किये गये हैं। इसी तरह तीसरे नंबर पर बदायूं हैं, जहां पर 53,733 वाउचर जारी किये गये हैं।

मिशन निदेशक ने बताया कि ई रुपी वाउचर जारी करने में प्रदेश के टॉप टेन जिलों में चौथे स्थान पर प्रयागराज, पांचवें स्थान पर देवरिया, छठें स्थान पर गाजियाबाद, सातवें स्थान पर गोरखपुर, आठवें स्थान पर बरेली, नौवें स्थान पर गाजीपुर और दसवें स्थान पर हरदोई है। इसी तरह सबसे कम कासगंज में 4,352 वाउचर जारी किये गये। इसके बाद भदोही में 4,876 और शामली में 5,749 ई रुपी वाउचर जारी किये गये।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव करेगा विकसित भारत के सपने को साकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एक राष्ट्र,** एक चुनाव देश में विकास की नई नींव रखेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देखा गया यह सपना विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। इससे समाज के हर वर्ग का कल्याण हो सकेगा। उक्त उद्गार रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के अटल सुशासन पीठ, लोक प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की गई और इसके सकारात्मक पक्ष को उजागर किया गया। इस अवसर पर अटल सुशासन पीठ के संयोजक एवं लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो नंद लाल भारती द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। लोक प्रशासन विभाग के शिक्षक डॉ सुशील सिंह चौहान द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। दो दिवसीय संगोष्ठी के चार तकनीकी सत्रों में शोधार्थियों द्वारा विभिन्न शोध पत्रों का वाचन भी किया गया। सत्र के अंत में विद्वत जनों द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव कराने में आने वाली चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की गई। अपने अनुभवों के आधार पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण उपाय भी सुझाए गए। अंतिम दिन विद्वानों द्वारा इस विषय के लाभों और चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो आईडी मिश्र द्वारा राष्ट्रीय चेतना से जोड़ते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के महत्व को समझाया गया। बीएचयू के प्रो अभिनव शर्मा ने इस मौके पर एक राष्ट्र, एक चुनाव में आने वाली समस्याओं और बाधाओं पर व्यापक चर्चा की। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से आये हुए प्रो पी एन गौतम ने कई उदाहरण देते हुए इसके लाभ और हानि दोनों से ही अवगत कराया। साथ ही उन्होंने जनता को विश्वास में लेने के बाद ही इसको लागू करने पर जोर दिया। समापन समारोह के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर डॉ श्रद्धा चंद्रा, डॉक्टर नंदिता कौशल, डॉ उत्कर्ष मिश्र, अणिमा शुक्ला, डॉ राजेश कुमार, सुरभि मिश्रा, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, रज्जन मिश्र,रविन्द्र वर्मा,स्वरूप किशोर, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, वंदना यादव,रिचा यादव,डॉ आरबी रावत, फैसल अंसारी, शिवानी सिंह एवं अन्य विभिन्न विद्वान, शोधार्थी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# कानूनी कुशलता विकसित करने के लिए अनुभवी के मार्गदर्शन में अभ्यास करें

**लखनऊ।** लविवि के विधि संकाय द्वारा आयोजित 5वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का तीसरा और अंतिम दिन अत्यंत जोश और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस दिन सेमी-फाइनल, फाइनल और समापन समारोह का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 29 टीमों ने भाग लिया। प्रारंभिक दौर के दो चरणों के बाद कठोर मूल्यांकन के आधार पर 8 टीमें क्वार्टर-फाइनल के लिए आगे बढ़ीं। सेमी-फाइनल में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई, जिसके बाद दो उत्कृष्ट टीमें फाइनल राउंड के लिए चयनित हुईं। विजेता टीम में शामिल क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर (टीसी 12) की आकांक्षा मलिक, पार्वती हरिकुमार, सना यादव रही। उन्हें पुरस्कार राशि के रूप में 15,000 रुपए व विजेता सर्टिफिकेट और एक ट्रॉफी दिया गया। उपविजेता टीम नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, लखनऊ विश्वविद्यालय (टीसी 18) के संदीप तिवारी, शिखा उपाध्याय, इशिका मिश्रा रहे। उन्हें पुरस्कार राशि के रूप में10,000 रुपए व उपविजेता प्रमाणपत्र और एक ट्रॉफी दी गई।

समापन समारोह की शुरुआत आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद विधि संकाय के प्रमुख और डीन, प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में सहभागिता के महत्व और



इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अतिथि सम्मान प्रो. (डॉ.) हरीश चंद्र राम ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पक्षों से तर्क प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रतिभागियों को आत्मविश्वास प्रदान करती है, जो वास्तविक अदालत में अभ्यास करते समय अत्यंत उपयोगी होती है। मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति अपनी भावनाएं साझा करते हुए इसे घर वापसी जैसा बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को सलाह दी कि अच्छी कानूनी कुशलता विकसित करने के लिए किसी अनुभवी वरिष्ठ के मार्गदर्शन में अभ्यास करें। समारोह का समापन छात्र संयोजक सृजन पांडेय द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने प्रतियोगिता की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, न्यायाधीशों, संकाय और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

## लखनऊ में डेंगू के 19 केस मिले

**लखनऊ।** जैसे-जैसे ठंड अपना पांव पसार रही है, वैसे ही डेंगू के मरीजों में कमी आना शुरू हो गया है। लखनऊ जनपद में डेंगू के कुल 19 केस सामने आये हैं। जिन इलाकों से डेंगू के रोगियों के मिलने की पुष्टि हुई है, उनमें टूडियागंज-3, इन्दिरानगर-5, चन्दरनगर-4, अलीगंज-5, मलिहाबाद-1, काकोरी-1) एवं मलेरिया के 1 (टूडियागंज-1) धनात्मक रोगी पाये गये। आज लगभग 874 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 4 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलो/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

## स्वास्थ्य महानिदेशक ने किया बलरामपुर अस्पताल का निरीक्षण

**लखनऊ।** आग बुझाने के यंत्रो का जायजा लेने के लिए महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। रविवार को उन्होंने चिकित्सालय में चल रहे अग्निशमन मॉकड्रिल, प्रशिक्षण की जानकारी ली। जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में कर्मचारियों की तत्परता बढ़ाना और सुरक्षा उपकरणों की प्रभावशीलता जांचना था। वहीं निरीक्षण के दौरान महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. ब्रजेश राठौर, निदेशक डॉ. पवन कुमार, अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता, रवि कुमार मौजूद रहे। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को मॉकड्रिल में आग बुझाने, सुरक्षित निकासी, और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार और डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. पवन कुमार ने कहा अस्पताल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन अस्पताल की सुरक्षा को मजबूत करते हैं।

## कलेक्ट्रेट में आज पेंशनधारियों का जीवित प्रमाण पत्र बनेगा

**लखनऊ।** आज कलेक्ट्रेट में पेंशनधारियों को जीवित प्रमाण पत्र के लिए कैंप लगेगा। कैंप में पेंशनधारियों का जीवित प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। साथ ही पेंशनधारियों की समस्याओं का अधिकारी समाधान भी करेंगे। राजधानी में पेंशनधारियों को जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए कलेक्ट्रेट के बैडमिंटन कोर्ट में सोमवार को भी कैम्प लगेगा। सोमवार को ज्यादा भीड़ होने की उम्मीद है। इसी वजह से कैम्प को बड़ा किया गया है। ज्यादा काउण्टर लगाए जाएंगे। जिसमें अधिकारी खुद मौजूद रहेंगे। वह हर रिटायर कर्मचारी की पेंशन की समस्या सुनेंगे। उनका निस्तारण भी करेंगे। उनके जीवित होने का सत्यापन भी करेंगे। रिटायर कर्मचारियों को पेंशन के लिए हर 11 महीने बाद जीवित होने का प्रमाण पत्र देना पड़ता है। इस महीने लगभग 13 हजार कर्मचारियों का जीवित रहने का सत्यापन होना है। जीवित होने का प्रमाण देने के लिए कर्मचारियों को खुद आना पड़ता है। तमाम कर्मचारी काफी बूढ़े हो गए हैं। अस्वस्थ्य रहते हैं। उन्हें आने जाने में दिक्कतें होती हैं। शनिवार से ही कैम्प शुरू हुआ था। लेकिन सोमवार को पहले से ज्यादा काउण्टर लगेंगे। ज्यादा काउन्टर होने से पेंशनधारियों के काम तुरंत हो जाएंगे। अब तक लगभग 6000 रिटायर कर्मचारियों के जीवित होने का सत्यापन हो चुका है। लगभग सात हजार कर्मचारी और बचे हैं। कैम्प 10 से दो बजे तक चलेगा।

## फैजुल्लागंज में सड़क की मरम्मत न होने से लोगों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** फैजुल्लागंज वार्ड प्रथम के श्रीनगर कॉलोनी में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न किए जाने से लोगों द्वारा नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। नाराज लोगों द्वारा रविवार को नगर निगम के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गयी। लोगों ने बताया कि यदि शीघ्र मरम्मत न की गई तो शांतिप्रिय आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने को मजबूर होंगे। रविवार को फैजुल्लागंज वार्ड प्रथम के लोगों ने खराब सड़क से परेशान होकर प्रदर्शन किया। बाल महिला सेवा संगठन के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पांडेय के नेतृत्व में इकट्ठा लोगों ने नगर निगम के खिलाफनाराजगी जाहिर की। स्थानीय निवासी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीस साल से यहां के लोग कॉलोनी के अंदर की सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे हैं। पार्षदए विधायक और नगर निगम के अधिकारियों तक गुहार लगा चुके हैं पर कहीं सुनवाई नहीं हो रही। उसके बाद 20 अक्तूबर को मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी गुहार लगाई। फिर भी निराशा ही हाथ लगी है।

## सड़क उखड़वाकर दोबारा ठेकेदार को बनाने के निर्देश

**लखनऊ।** नगराम में बनी सड़क में घटिया सामाग्री लगाने से उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी जताया गया। ग्रामीणों द्वारा खराब सड़क पर उच्चाधिकारियों से शिकायत की गयी थी, जिसके बाद संज्ञान लिया गया। सड़क उखड़वाकर दोबारा ठेकेदार को बनाने के निर्देश दिए गए हैं। नगराम के घोड़सारा गांव में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। पीडब्ल्यूडी ने जेसीबी से सड़क को उखड़वा दिया।

# संघ ने राजधानी के तीन स्थानों पर निकाला बाल पथ संचलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। बच्चे देश के भविष्य होते हैं। बाल्यकाल में ही बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण होता है। बच्चों में राष्ट्रभाव विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को लखनऊ के तीन अलग—अलग स्थानों से बाल पथ संचलन निकाला। लखनऊ पूरब भाग का बाल पथ संचलन सेंट्रल एकेडमी इंद्रानगर सेक्टर 9 से होकर ईश्वरधाम से होते हुए अरविंदो पार्क से होकर पुन: सेंट्रल एकेडमी में संपन्न हुआ। लखनऊ दक्षिण का बाल पथ संचलन विशिष्ट पार्क सेक्टर 6 तेलीबाग से प्रारम्भ होकर शनिमंदिर होते हुए तेलीबाग पुलिस चौकी होते हुए राम भरोसे स्कूल गेट के पास से वापस विशिष्ट पार्क में संपन्न हुआ। लखनऊ उत्तर भाग का बाल पथ संचलन सेक्टर-क्यू स्थित सरस्वती विद्या मंदिर से शुरू होकर स्वाद चौराहे, बेलीगारद से होते हुए वापस आकर विद्यालय पर समाप्त हुआ।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह ब्रजेश ने कहा कि देश के लिए मर मिटने के लिए जो भाव युवा पीढ़ी में आने चाहिए वह संस्कार बालपन में ही दिए जा सकते हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में बालक ध्रुव, प्रहलाद, धर्म रक्षा के लिए वीर हकीकत राय, बंदा बैरागी तथा गुरु गोविंद सिंह के चारों बेटे इतिहास में अविस्मरणीय है। विभाग प्रचारक अनिल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विविध कार्यक्रमों के माध्यम से बालकों में देश सेवा, समाज सेवा के भाव विकसित करने का काम करता है। बाल पथ संचलन इस बात का प्रमाण है कि भारत का भविष्य एक सुरक्षित हाथों में रहने वाला है। सह विभाग संघचालक भुवनेश्वर ने दक्षिण भाग के बाल स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि बालक ही देश के भविष्य हैं। दक्षिण भाग में भाग प्रचारक अजीत,सह भाग कार्यवाह सिद्धार्थ,पूरब भाग में सह विभाग कार्यवाह पंकज पटवा, भाग कार्यवाह ज्योति प्रकाश, सह भाग कार्यवाह मनुदेव, भाग प्रचारक कमलेश, सह विभाग विद्यार्थी कार्य प्रमुख हर्ष उपस्थित रहे। वहीं उत्तर भाग में भाग संघचालक डॉ. विश्वजीत, सह भाग संघचालक उमेश, भाग प्रचारक सतीश , भाग कार्यवाह शुभम, सह भाग कार्यवाह अभिषेक मोहन,भाग विद्यार्थी कार्य प्रमुख आशीष व सह भाग विद्यार्थी कार्य प्रमुख शाश्वत उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाने का चला अभियान 19 चालान काटा, आठ हजार का जुर्माना वसूला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऐशबाग** में जोनल अधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। ऐशबाग के राजा बाजार वार्ड में मेडिकल कालेज शाहमीना रोड पर भारी अतिक्रमण से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर आयुक्त क आदेश पर जोनल अधिकारी द्वारा अतिक्रमण अभियान चला कर दो ट्रक सामान जब्त किया गया। साथ ही 19 चालान काटते हुए 8 हजार का जुर्माना भी वसूला गया। रविवार को ऐशबाग में अतिक्रमण अभियान नगर निगम ने हटाया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार पर समस्त जोनों में चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान के तहत जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी ने वार्ड राजा बाजार जोन 2 में और जेड एस ओ राम सकल यादव के सहयोग से अभियान चलाया। जोनल अधिकारी ने मेडिकल कालेज शाह मीना रोड पर अतिक्रमण हटाया, प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई की, 19 चालान काटे गए। अभियान के दौरान नगर निगम प्रवर्तन ने 8000 रुपये जुर्माना वसूला। यह अभियान शहर की स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए निरंतर चलता रहेगा। हालांकि अभियान के दौरान जेडएसओ ने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर भारी मात्रा में कचरा निकला।

## एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता व संकल्प का प्रतीकः मौर्य

**लखनऊ।** उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य में नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बंटेंगे तो कटेंगे का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। मौर्य ने सत्तारूढ़ भाजपा में किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए यह भी साफ किया कि पार्टी का नारा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे ही है। विपक्षी सपा के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) की गालियों का जवाब उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था। मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्पष्ट संदेश और उनके भाषणों से उभरे नारे- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे -हम सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक हैं। इसी पोस्ट में उन्होंने सफाई दी, भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा। यह नारा मुझ जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के दिल की आवाज़ है।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का नारा एक रहेंगे तो सेफ़ रहेंगे ही है। पोस्ट में मौर्य ने पूछा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) और कांग्रेस को इस एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा है? अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा है, तो इलाज कराएं और दवा ले लें। इससे पहले शनिवार को प्रयागराज में आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर किए गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने नाराज स्वर में कहा था, मुख्यमंत्री कोई संबोधन करते हैं तो उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हो?.. क्या आप मीडिया के मित्र आपस में हमें लड़ाना चाहते हो? आदित्यनाथ ने सहसो के कसेरुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, सपा और उनके मुखिया श्री अखिलेश यादव एंड कंपनी द्वारा फैलाए गए फर्जी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की गालियों का जवाब हमें उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था।

## युवा बने बाल अधिकार के चैंपियनः डॉ ज़कारी ऐडम



● संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते के 35 एवं यूनिसेफ के भारत में 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यूनिसेफ द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते के 35 एवं यूनिसेफ के भारत में 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल संस्थान के बच्चों, यूनिसेफ प्रमुख डॉ ज़कारी ऐडम, सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट मानवी शर्मा, प्रोजेक्ट 100 के चीफ यशस्वी मुकेश एवं ममता चौहान ने दीप प्रज्वलन किया। यह आयोजन यूनिसेफ द्वारा इस्टीट्यूट ऑफ एन्ट्रोप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट उत्तर प्रदेश एवं चिल्ड्रेनस होप फॉर ऐक्शन एण्ड बेटर इम्पैक्ट यूथ एडवोकेसी नेटवर्क के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की आवाज को बढ़ावा देना एवं युवाओं को बाल अधिकार चैम्पीयन बनने के लिए प्रेरित करना था। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश प्रमुख एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ ज़कारी ऐडम ने कहा कि बच्चों एवं युवाओं के पास बदलाव लाने की शक्ति है अत: उन्हें समाधान का हिस्सा बनना होगा। युवा बाल अधिकार के विषयों को समझ कर बदलाव के एजेंट और बाल अधिकार के चैम्पीयन बन सकते हैं। डॉ जकारी ने 20 नवंबर को मनाए जाने वाले विश्व बाल दिवस की बधाई दी एवं बच्चों की बातें सुनी। यूनिसेफ की संचार विशेषज्ञ निपुण गुप्ता ने कहा, इस बार विश्व बाल दिवस का थीम है 'भविष्य की बात सुनें'। इसका उद्देश्य वयस्कों को बच्चों की बात सुनने एवं उनकी राय का सम्मान करने के लिए के लिए प्रेरित करना है। इससे बच्चों के आत्म-अभिव्यक्ति के अधिकार का सम्मान होगा और उनके बेहतर दुनिया के लिए विचारों को समझा जा सकेगा। यह थीम हमे इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है की कैसे आज के युग की नई चुनौतियाँ जैसे जलवायु परिवर्तन, डिजिटल युग से जुड़े खतरे, बढ़ता मानसिक अवसाद आदि बच्चों के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं। कार्यक्रम में युवाओं की आवाज सुनने के लिए एक पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें एडवोकेट मानवी शर्मा ने कहा बच्चों को अपने अधिकारों को जानना चाहिए ताकि वे उनकी मांग कर सकें। सत्र के दौरान यशस्वी मुकेश ने कहा कि युवाओं को अपनी बात आसान भाषा में कह कर दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। 17 वर्षीय मेरठ के रितिक शर्मा ने जल वायु परिवर्तन पर बात की एवं अन्य बच्चों के साथ एक राष्ट्रीय युवा स्टेटमेंट बनाकर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का अनुभव साझा किया। बाराबंकी से आए बाल सभा के बच्चों ने बताया कि वे बच्चों के सुझावों को ग्राम प्रधान एवं अन्य पंचायत सदस्यों के सामने रखते हैं जिससे बच्चों का विकास हो रहा है। कार्यक्रम में दृष्टि सामाजिक संस्थान के बच्चों ने हमको मन की शक्ति देना गाने पर प्रस्तुति दी एवं रॉबिनहुड अकेडेमी के बच्चों द्वारा भी एक प्रस्तुति दी गई। जिसमें भविष्य की बात सुनने की बात की गई। बच्चों ने अपने भविष्य के सपनों पर पत्र लिखे एवं अतिथियों को दिए। कार्यक्रम के दौरान चिल्ड्रेनस होप फॉर ऐक्शन एण्ड बेटर इम्पैक्ट यूथ ऐडवोकेसी नेटवर्क एवं यूनिसेफ द्वारा आयोजित यूथ इम्पैक्ट चेलेंज 2.0 के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। यूथ इम्पैक्ट चेलेंज 2.0 के लिए प्रदेश भर के युवाओं द्वारा जल-वायु परिवर्तन का बच्चों पर प्रभाव, बच्चों का पोषण एवं बच्चों के लिए सुरक्षित, समावेशी एवं सशक्त वातावरण विषयों पर ऐक्शन प्रोजेक्ट किए गए। संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते के 35 वर्ष पूरा होने पर निपुर्ण गुप्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता एक वैश्विक संधि है। जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 नवंबर 1989 को पारित किया था। अब तक इस समझौते को 196 देशों ने लागू किया है। भारत सरकार द्वारा 1992 में इसे पारित किया गया था। इसके तहत सरकारें बच्चों की उत्तरजीविता, सुरक्षा, विकास और भागीदारी से जुड़े सभी अधिकार बच्चों को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विधायक ने 32वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बस सेवा को दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को नटकुर मैदान से 32वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा (नि:शुल्क) बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस यात्रा के अंतर्गत दो बसों से रनियापुर और सरोसा-भरोसा के बुजुर्गों और महिलाओं को अयोध्या ले जाकर राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, सरयू घाट, राम की पैड़ी, दशरथ महल और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के दर्शन कराया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वयं सभी तीर्थयात्रियों को पटका पहनाकर बस में बिठाया। जय श्रीराम के जयकारों के साथ दोनों बसें अयोध्या के लिए रवाना हुईं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने नटकुर में 32वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा को रवाना करते हुए कहा राम मंदिर का निर्माण पूर्वजों के संघर्षों का सुखद परिमाण है। विधायक ने कहा कि हमारी अगली बीस पीढ़ियां हमें इस बात के लिए याद रखेंगी कि हमारे जीवनकाल में अयोध्या में भव्य



राम मंदिर का निर्माण हुआ। विधायक ने चुनाव प्रचार का समय याद करते हुए कहा कि उसी समय जनता के अंदर राम मंदिर निर्माण, उसके स्वरुप और दर्शन को लेकर अद्भुत जिज्ञासा थी। विधायक ने बताया उसी समय राम रथ के संचालन का संकल्प लिया था, 27 सितम्बर 2022 को पहली रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा संचालित हुई, जो निरंतर जारी है। डॉ. सिंह ने राम मंदिर के बारे में बताते हुए कहा मंदिर निर्माण में न ही स्टील का प्रयोग हुआ न ही सीमेंट का का प्रयोग हुआ है।

### सादुल्लानगर में आयोजित हुआ 96वां आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गयीं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक रविवार को एक ग्राम पंचायत में आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन भी किया जाता है। रविवार को खुशहालगंज मंडल के अंतर्गत सादुल्ला नगर में 96वां आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान विधायक की टीम ने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और विकास सम्बंधित सुझाव प्राप्त किये। ग्रामीणों ने सोलर लाइट, आवास, वृद्धवस्था पेंशन, सड़क, पशु शेड सम्बंधित 35 समस्याओं से अवगत कराया, जिनके प्रभावी समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। शिविर के दौरान गांव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सादुल्लानगर के 4 मेधावियों दीपांजलि (हाईस्कूल 84.84 फीसद), मो. फरहान ( हाईस्कूल 80.66 फीसद) तथा कंचन पटेल (इंटरमीडिएट 69.6 फीसद) और युवराज सिंह (इंटरमीडिएट 67 फीसद) को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की और से साइकिल घडी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# फ़िल्म निर्माण और कला के क्षेत्र में उम्र मात्र एक नंबरः अनिल रस्तोगी

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय अवध फिल्म फेस्टिवल का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए अवध चित्र साधना के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द जी पांडेय ने ऐतिहासिक फिल्मों जैसे अछूत कन्या और दो बीघा जमीन के माध्यम से सिनेमा की सामाजिक जिम्मेदारी और फ़िल्मों द्वारा समाज में बनाई गई परिकल्पना के बारे में चर्चा किया। वही अरुण त्रिवेदी सचिव अवध चित्र साधना ने संस्था के उद्देश्यों और भविष्य के लिए संस्था की रूप रेखा के बारे में बताया। मुख्य अतिथि लेखक अनंत विजय ने फ़िल्म निर्माण की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि एक फ़िल्म निर्माण में फ़िल्म निर्माता द्वारा विचारों को दृश्य के रूप में प्रस्तुत करना आसान नहीं है एक बड़ी चुनौती है। आज के डिजिटल युग कम समय में कहानी कहने का प्रचलन चला है। इस दौरान प्रोग्राम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर एन. एम.पी. वर्मा वॉइस चांसलर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्विद्यालय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा विद्यालय के ओपन एयर थियेटर को विकसित करने का प्रस्ताव रखा। और इसकी जिम्मेदारी जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष को दी। साथ ही उन्होंने कहा कि नोएडा फ़िल्म सिटी और ज़ेवर एयरपोर्ट के संचालन से लखनऊ में फ़िल्म निर्माताओं के लिए बेहतर अवसर मिलेगा। इसके



साथ उन्होंने कहा कि जन संचार पत्रकारिता विभाग ने इस विषय की शुरुआत कर बी ए फ़िल्म थिएटर और मीडिया स्टडीज का कोर्स शुरू किया। विशिष्ट अतिथि पवन चौहान ने कहा भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण रोल है क्यूंकि अधिकतर कहानियाँ उप्र या उत्तर भारत से जुड़ी है इसके संदर्भ में उन्होंने कहा कि फ़िल्म शोले की कहानी उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद से जुड़ी हुई है। विशिष्ट अतिथि लेखक निदेशक राष्ट्रधर्म प्रकाशन मनोजकांत ने फ़िल्म निर्माण में कहानियों के महत्व और कहानी चुनाव के बारे में बताया।

मास्टर क्लास में फ़िल्म विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. अनिल रस्तोगी और रमा अरुण त्रिवेदी ने छात्रों और फ़िल्म निर्माताओं को फ़िल्म निर्माण के गुण बताये। इस दौरान बॉलीवुड फ़िल्म कलाकार डॉ. अनिल रस्तोगी ने कहा कि फ़िल्म निर्माण और कला के क्षेत्र में उम्र मात्र एक नंबर है। आज मेरी उम्र 81 वर्ष से अधिक है लेकिन मैं लगातार अपना अच्छा किरदार निभाने की कोशिश करता हूँ। इस सत्र में डॉ. अनिल रस्तोगी से बात करते हुए रमा अरुण त्रिवेदी ने अपने बीते हुए लम्हों की यादों को ताजा किया। अवध फिल्म फेस्टिवल में देशभर से कुल सौ फिल्मे आयी थी। जिनमे कुल 54 फिल्में प्रतियोगिता के लिए चुना गया। जिनकी स्क्रीनिंग बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार, ऑडी 1 और ऑडी 2 में किया गया है। जिनमे कैंपस, प्रोफेशनल और जस्ट पास आउ श्रेणी में फिल्मों को अवार्ड मिला।

### कैंपस श्रेणी में

श्रेष्ठ निर्देशन के लिए 'द डिलेवरी' निर्देशित अर्पित गुप्ता को, श्रेष्ठ छायांकन के लिए दाग निर्देशित पलक कुमारी को, श्रेष्ठ फिल्म के लिए रोशनी निर्देशित अनिमेष नमन को और श्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री के लिए संयुक्त फिल्म बिजली महादेव मंदिर निर्देशित धीरेंद्र सिंह और दिलकुशा निर्देशित प्रगति पांडे को तथा श्रेष्ठ समीक्षा के लिए संयुक्त फिल्म गोमती सवाल अस्तित्व का निर्देशित आशीर्वाद दीक्षित और जल्दी जाना है क्या के नीतीश कुमार फिल्म को मिला।

# कैलाश गहलोत के इस्तीफे पर राजनीतिक घमासान

## भाजपा की गंदी राजनीति का हिस्सा : संजय सिंह

- बोले, ईडी-सीबीआई डर दिखाकर गहलोत पर दबाव बनाया गया, वह भाजपा की लिखी स्क्रिप्ट बोल रहे हैं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने ईडी सीबीआई के दबाव में आकर मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा इस्तीफा दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि गहलोत का इस्तीफा भाजपा की गंदी राजनीति और साजिश का हिस्सा है। उनकपर ईडी, सीबीआई का छापा डलवाकर दबाव बनाया गया और अब जो स्क्रिप्ट भाजपा की तरफ से उन्हें दी गई है, वह उसी हिसाब से बोल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी वाशिंग मशीन सक्रिय हो गई है। अब कई नेता इस मशीन के जरिए भाजपा में शामिल किए जाएंगे। पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि कैलाश और उनके परिवार पर ईडी–सीबीआई के कई केस चल रहे हैं इसलिए उन्होंने जेल जाने से बेहतर भाजपा में जाना समझा।

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा एक बार फिर अपने हथकंडे, घिनौनी राजनीति और षड़यंत्र में कामयाब हुई है। गहलोत के ऊपर लगातार भाजपा द्वारा दबाव बनाया जा रहा था। ईडी–सीबीआई के छापे मारे जा रहे थे। ईडी के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था। उनके घर पर इनकम टैक्स के छापे मारे जा रहे थे। यह भाजपा की खूबसूरती है कि जब वो किसी के यहां एजेंसियों के छापे मरवाते हैं, ईडी के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाते हैं। गहलोत पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, जैसे ही वह भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो सारे आरोपों से बरी हो जाते हैं।

सिंह ने कहा कि कैलाश ऐसी बात कर नहीं सकते हैं क्योंकि वह पांच साल तक खुद सरकार का हिस्सा रहे हैं। वह इस पार्टी का हिस्सा रहे हैं। यह सारी भाजपा की स्क्रिप्ट है। वह जिस तरह की स्क्रिप्ट बनाकर देगी और जिस तरह का षड़यंत्र उन्होंने कैलाश गहलोत के खिलाफ किया है, उन्हें उसी तरह से बोलना पड़ेगा।

वहीं, आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा पिछले कई महीने से कैलाश गहलोत को हर दिन ईडी के दफ्तर बुलाया जाता था। उनको ईडी और आईटी की रेड का सामना करना पड़ता था। उनके पास कोई और रास्ता नहीं था। उन्हें भाजपा में ही जाना था। इससे एक चीज साफ हो गई कि भाजपा दिल्ली का चुनाव हार चुकी है।

### केजरीवाल की पार्टी डूबता जहाजः देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का लगातार अरविन्द केजरीवाल का साथ छोड़ना यह साबित करता है कि जल्द आम आदमी पार्टी का जहाज डूबने वाला है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और अरविन्द केजरीवाल की स्वयंभू नीति और दिल्ली सरकार द्वारा



दिल्ली का विकास करने की जगह भाजपा से लड़ाई में बर्बाद करने जैसे आदि विषयों के तहत दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा देकर पार्टी में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

यादव ने कहा कि कैलाश ने अपने इस्तीफे में यमुना में गंदगी, सफाई में करोड़ों का भ्रष्टाचार और शीश महल के भ्रष्टाचार का भी जिक्र किया है। आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक या तो जेल जा रहे है या ईडी/सीबीआई के डर से पार्टी छोड़कर भाग रहे है।

भ्रष्टाचार अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पूरी तरह भ्रष्टाचार के आंकठ में डूब चुकी है।

## आप के ताबूत में आखिरी कील : विजेंद्र गुप्ता



- कहा, भ्रष्टाचार और निजी स्वार्थ पार्टी के उद्देश्यों पर भारी पड़ गए हैं
- भष्ट्राचार पर कैलाश गहलोत के सवालों को जवाब दे आपः कपूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंत्री कैलाश गहलोत के इस्तीफे पर कहा कि कुछ समय पहले राजकुमार आनंद, राजेंद्र गौतम और अब कैलाश गहलोत का त्यागपत्र देना आम आदमी पार्टी के टूटने और बिखरने का स्पष्ट संकेत है। आप नेता और मंत्री पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की कार्यप्रणाली से खुश नहीं हैं और अंदर ही अंदर घुटन महसूस कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आप को डूबता हुआ जहाज बताया और कहा कि अब पार्टी के मंत्री तक समझ चुके हैं कि पार्टी के कुछ बड़े नेताओं के निजी स्वार्थ पार्टी के उद्देश्यों पर भारी पड़ने लगे हैं।

गुप्ता ने गहलोत के इस्तीफे में उठाये गए मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि गहलोत खुद ही अब महसूस कर रहे हैं कि पार्टी द्वारा दिल्ली की जनता से किये गए वादे पूरे नहीं किये गए हैं।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि गहलोत ने केजरीवाल द्वारा यमुना को साफ ना करने के वादे पर टिप्पणी करते हुए इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। जिन मुद्दों को भाजपा हर मंच पर लगातार उठाती रही है, गहलोत के इस्तीफे से उन सब मुद्दों की सच्चाई प्रमाणित हो गई है। चाहे यमुना को साफ न करने का केजरीवाल का वादा हो या उनके शीश महल में किये गए अवैध निर्माण और बेहिसाब खर्च किये गए करोड़ों रुपए का मुद्दा, सभी का भारतीय जनता पार्टी ने पुरजोर विरोध किया है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार की नींव पर बने शीश महल की जांच अलग अलग एजेंसियों द्वारा की जा रही है। गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी का झूठ और भ्रष्टाचार अब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। केजरीवाल की सरकार ने केवल दिल्ली की जनता को धोखा देने, लूटने और ठगने का काम किया है। आज दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की हकीकत को समझ चुकी है।

मुफ्त सुविधाओं के नाम पर भारी भ्रष्टाचार, जनता के टैक्स के पैसों का दुरुपयोग और वादों से पलट जाना ही आप सरकार की पहचान बन चुकी है। वहीं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत ने आज अपने मंत्री पद से इस्तीफा देते हुए जो पत्र लिखा है उसमे अरविंद केजरीवाल के शीशमहल भवन निर्माण एवं यमुना की सफाई के कार्य में हुए भ्रष्टाचार के मुद्दों उठाया है जो केजरीवाल से जवाब मांगते हैं पर वह विषय को भटकाने कोशिश कर रहे हैं पर अब उनकी विदाई का समय आ गया है।

प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि पहले मंत्री राजकुमार आनंद ने इस्तीफा दिया और सरकार में भ्रष्टाचार एवं अनुसूचित जाति विरोधी रवैए को उठाया था और आज फिर एक और मंत्री कैलाश गहलोत ने इस्तीफा दिया है और उन्होने भी केजरीवाल के निजी भ्रष्टाचार के प्रतीक शीशमहल के साथ ही दिल्ली क्षेत्र में यमुना की सफाई में हुए हेरफेर को उठाते हुए जवाब मांगा। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में इस्तीफा देना कोई नई बात नहीं है लेकिन जो सवाल कैलाश गहलोत ने पूछे हैं वह जरुर चौकाने वाले है। भाजपा लगातार जिन मुद्दों को लेकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जनता की आवाज बनकर उठाती रही है उन्हीं मे से कुछ मुद्दों को कैलाश गहलोत ने अपना इस्तीफा देते हुए लिखा है जो दिखाता है कि दिल्ली का विकास चाहने वाला कोई भी दिल्लीवासी अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार में सहभागी नहीं बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बोडोलैंड महोत्सव में विरासत और शिल्प का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** राजधानी में तीन दिनों तक जारी बोडोलैंड महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। इस महोत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को राजधानी के केडी जाधव कुश्ती स्टेडियम में किया था। इस दो– दिवसीय मेगा कार्यक्रम में स्वदेशी बोडो जनजाति के घर बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) की समृद्ध विरासत, पर्यटन, भोजन, भाषा और हथकरघा विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया गया। इस चर्चा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. धर्मेंद्र प्रधान, दीपेन बोरो, अध्यक्ष एबीएसयू, डॉ. समुज्जल कुमार भट्टाचार्य, मुख्य सलाहकार सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। एक अन्य चर्चा सत्र पर्यटन और संस्कृति के माध्यम से जीवंत बोडोलैंड क्षेत्र का निर्माण में प्रमोद बोरो, सीईएम, बीटीआर, पाबित्रा मार्गेरिटा, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री, बिस्वजीत दैमारी, अध्यक्ष, असम विधान सभा ने भाग लिया। शाम के दौरान, माननीय केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ओर लोकसभा सांसद दिलीप सैकिया ने एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन किया। प्रसिद्ध गायक पपोन ने आकर्षक प्रस्तुति देकर मोहत्सोव की शोभा बढ़ाई और अपनी भावपूर्ण धुनों से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### समुद्री तापमान बढ़ने से प्रजातियां खतरे मेंः अहमद




**नई दिल्ली।** पांचवें विश्व पर्यावरण शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मालदीव के राज्य मंत्री डॉ अमजथ अहमद ने बताया कि समुद्र मालदीव की जीवन रेखा है, लेकिन वैश्विक तपन के कारण समुद्र का तापमान बढ़ रहा है। जिसके कारण समुद्री प्रजातियां पलायन कर रही हैं। तीन दिवसीय पांचवें विश्व पर्यावरण शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन एनवायरनमेंट एंड सोशल डेवलपमेंट एसोसिएशन , डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज एवं हंसराज कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में देश भर से आए 110 शोधार्थियों, बुद्धिजीवियों और शिक्षकों ने समिट के दूसरे दिन पर्यावरण के विविध पहलुओं पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र कुमार नागर , हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के सामाजिक शास्त्र विद्यालय के डीन डा संजीव सिंह, अमेटी यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो पीबी शर्मा, प्रो राज कुमार और डा गीतांजलि संगीना उपस्थित रहे। प्रो पी बी शर्मा ने कहा कि कभी भारत में गंगा, यमुना का जल अमृत और वायु प्राण वायु थी, परंतु आज वायु 'किलर वायु' हो गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि कार पूल करने वालों को टोल टैक्स में छूट के साथ फास्ट लेन में चलने की अनुमति मिले।

### मीठापुर चौक पर दो पुलों को उद्घाटन



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर क्षेत्र के मीठापुर चौक के समीप आगरा नहर और गुड़गाव नहर पर बने दो नए पुलों का उद्घाटन किया। इन पुलों को जनता के लिए खोले जाने के बाद अब दक्षिण दिल्ली में जाम की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल गई है। दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लोगों को भी इन पुलों से काफी राहत मिलेगी।

## नीरज बवाना गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नीरज बवाना गिरोह का एक शूटर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी हत्या, हत्या के प्रयास और लूट समेत 18 मामलों में शामिल रहा है तथा अदालती कार्यवाही से बचने के लिए उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका है। आरोपी रघू (35) को शनिवार को सोनीपत से पकड़ा गया। रघु 2014 में दिल्ली में हुए गैंगवार में शामिल था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने उसे हरियाणा के सोनीपत से पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान रघु ने पुलिस को बताया कि उसने 10वीं तक पढ़ाई की और फिर परिवार के साथ खेती करने लगा। 2009 में उसने अपने हसनपुर में पुरानी रंजिश के चलते पहली बार हत्या की थी।

## पूर्वांचली नेता अनिल झा आप में शामिल

- किराड़ी से मिल सकता है टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के पूर्वांचली नेता और किराड़ी से दो बार विधायक रह चुके अनिल झा रविवार को पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए।

यह घटनाक्रम आप को बड़ा झटका लगने के कुछ घंटों बाद हुआ जब नजफगढ़ से उसके विधायक और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पार्टी छोड़ दी। केजरीवाल ने मंडी हाउस के पास पार्टी मुख्यालय में झा का आप में स्वागत किया और उन्हें दिल्ली की राजनीति में सबसे बड़े पूर्वांचली नेताओं में से एक बताया। आप प्रमुख ने कहा कि वह न केवल किराड़ी में




बल्कि पूरे शहर में आप को आगे बढ़ाएंगे। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि झा फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में किराड़ी से मौजूदा आप विधायक की जगह ले सकते हैं। झा ने केजरीवाल की सराहना करते हुए कहा कि वह उनके व्यक्तित्व और शहर की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले पूर्वांचली लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आप सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रभावित हैं।

## विधानसभा चुनाव महाभारत जैसा धर्मयुद्ध : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तुलना धर्मयुद्ध से की और कहा कि यह महाभारत के समान एक धर्मयुद्ध है।

चांदनी चौक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि दैवीय शक्तियां आम आदमी पार्टी के पक्ष में हैं। उन्होंने दिल्ली नगर निगम महापौर चुनाव में पार्टी की जीत का हवाला दिया। केजरीवाल ने पार्टी के बूथ और जिला स्तर के कार्यकर्ताओं से प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने की चुनौती लेने का आग्रह किया और आप का संदेश पहुंचाने के लिए कम से कम 65,000 स्थानीय बैठकों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को आप की उपलब्धियों की याद दिलाते हुए दिल्ली की कॉलोनियों में 10,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का श्रेय लिया और कहा कि भाजपा उन 20 राज्यों में भी इस उपलब्धि की बराबरी नहीं कर सकती जहां वह सत्ता में है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, हम सीमित संसाधनों वाली एक छोटी पार्टी हैं। भाजपा के पास अपार धन और शक्ति है, लेकिन उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए कभी कुछ नहीं किया क्योंकि उनमें सेवा करने की इच्छाशक्ति का अभाव है। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे टिकट पाने वाले उम्मीदवार की ओर न देखें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, आपको ऐसे काम करना चाहिए जैसे कि मैं सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ रहा हूं।

## सड़क दुर्घटना में बुजर्ग महिला की मौत

- सड़क पार करते समय हुआ हादसा, एक अन्य भी घायल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में रविवार सुबह एक कार से टक्कर लगने से 64 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी सुबह करीब छह बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया, गुप्ता एन्क्लेव की निवासी कमलेश को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि घायल व्यक्ति को माता चन्नन देवी अस्पताल ले जाया गया था। घायल वृद्ध व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, दोनों व्यक्ति उत्तम नगर टर्मिनल के पास सड़क पार कर रहे थे तभी लापरवाही से गाड़ी चला रहे एक वाहन चालक ने उन्हें अपनी कार से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जनकपुरी की ओर से आ रहा वाहन चालक दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि कमलेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अज्ञात व्यक्ति की हालत गंभीर है और अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया, हमने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिससे दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान हो गई हैं और पुलिस संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज कर रही है। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेड फेयर में खादी इंडिया पवेलियन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में हॉल नंबर 6 में भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में खादी इंडिया पवेलियन का उद् घाटन किया। इस अवसर पर मनोज कुमार, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) समेत प्रमुख पदाधिकारी मौजू डीसी (एमएसएमई), एमएसएमई मंत्रालय, जेएस (एआरआई) एमएसएमई मंत्रालय, सीईओ, केवीआईसी, केवीआईसी सदस्य उत्तर क्षेत्र, सदस्य विपणन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एक बयान में कहा कि खादी इंडिया पवेलियन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है। खादी इंडिया पवेलियन में देश के विभिन्न हिस्सों के 225 प्रदर्शको हिस्सा ले रहे हैं। खादी संस्थानों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत स्थापित इकाइयों और देश भर से एसएफयूआरटीआई क्लस्टर के तहत स्थापित इकाइयों के माध्यम से खादी कारीगरों की भागीदारी के लिए स्टॉल स्थापित किए गए हैं।

## विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के बाहर एक फूड वैन में लगी आग, शार्ट सर्किट का अंदेशा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के बाहर भोजन मुहैया कराने वाली एक वैन में रविवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया, हमें सुबह 10.55 बजे सूचना मिली कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के बाहर भोजन मुहैया कराने वाली एक वैन में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और दोपहर 12 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि मौरिस नगर पुलिस थाने में पूर्वाह्नन 11.02 बजे विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के पास आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बताया कि मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर चार के बाहर एक वैन में आग लग गई। ऐसा प्रतीत होता है कि खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बिजली के उपकरणों में आग लगी थी।

### जूते के कारखाने में लगी आग, कोई हताहत नहीं



*नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम दिल्ली के घेवरा इलाके में जूते के कारखाने में भीषण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, हमें शनिवार रात करीब ढाई बजे घेवरा स्थित जूते के कारखाने में आग लगने की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि दमकल की कुल 30 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग पर काबू पा लिया गया है।*

## महंगी स्पोर्ट्स साइकिल चुराने वाला गिरफ्तार

- पिता ने परिवार छोड़ा तो छूट गई पढ़ाई, कोरोना काल में नौकरी छूटी तो करने लगा चोरी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में महंगी स्पोर्ट्स साइकिल चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम सेल्विन विल्सन है। साइकिल चोर दिल्ली के उत्तम नगर इलाके का रहने वाला है। आरोपी के पिता सरकार कंपनी में एडहॉक ड्राइवर हैं। पिता ने परिवार छोड़ा तो आरोपी की पढ़ाई छूट गई।

पेट पालने के लिए कुछ काम करने लगा तो वह भी कोरोना काल में छूट गया। दैनिक जरूरतों के लिए आरोपी ने महंगी साइकिलें चुराना शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी के पास से 9 महंगी स्पोर्ट्स साइकिल बरामद की है। अपनी पहचान छुपाने के लिए, वह अजनबियों या चलते-फिरते ग्राहकों को निशाना बनाता था और चोरी की साइकिलें बेचते समय फर्जी नामों का इस्तेमाल करता था। वह पहली बार पकड़ा गया है, उसका कोई पिछला आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

दिल्ली पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो अधिकतर मामलों में एक ही कद काठी का शख्स साइकिल चोरी करते हुए नजर आय। इसके बाद पुलिस ने द्वारका सेक्टर 12 के एक पार्क के पास ट्रैप लगाया। पुलिस की पूछताछ में सेल्विन ने हाई एंड साइकिल चोरी की कई वारदातें कबूल कर ली।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेशी पर 9 साइकिल बरामद की है.। साइकिल चोर ने बताया कि कोरोना कल के बाद से साइकिल की डिमांड काफी बढ़ गई है। लोग अपनी फिटनेस का ख्याल रखने के लिए साइकलिंग करते हैं और इसी डिमांड के चलते सेल्विन विल्सन ने हाई एंड साइकिल चुरानी शुरू कर दी।

## अपहृत शिशु शाहजहांपुर से मुक्त, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल से अपहृत डेढ़ महीने के एक शिशु को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से बचाया गया और मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया।

दिल्ली पुलिस ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग से यह बचाव अभियान संचालित किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) आकांक्षा यादव ने कहा, शिकायतकर्ता महिला 15 नवंबर को अपने पति के किडनी संबंधी इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में थी, उस दौरान ही एक महिला ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसका विश्वास हासिल कर बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। यादव ने बताया कि इसके बाद महिला एक व्यक्ति के साथ ऑटो रिक्शा में बैठकर फरार हो गई।

## ऑफिस में तनाव से निपटने के लिए कार्यशाला

- दिव्य जाग्रति संस्थान के संयोजन में भागवद्गीता पर आधारित कार्यक्रम




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऑफिस में गुटबाजी, लंबी कार्य अवधि, चापलूसी, क्रेडिट की चोरी व अन्य मुद्दों के कारण काम में असंतुष्टि एवं तनाव का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों की इन्हीं समस्याओं से निपटने के लिए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के पीस प्रोग्राम ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में भगवद्गीता पर आधारित 'गीता-लॉजी' नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में कई कंपनियों के लगभग 250 कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के सत्रों का नेतृत्व आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्याओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की सह इंचार्ज साध्वी डॉ. निधि भारती ने वर्कशॉप की शुरुआत ऑफिस में फैलें जहरीली कार्य संस्कृति पर अनेक एक्टिविटियों द्वारा कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने और इसके हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य इंचार्ज, साध्वी तपेश्वरी भारती ने कहा कि भगवद्गीता के अनुसार कोई भी आपकी मौलिक क्षमता, आपके कौशल को नहीं चुरा सकता है। यह स्वधर्म ही आपकी सबसे बड़ी विशिष्टता है और यदि कोई आपके विचारों की नकल करता है तो भी चिंता मत कीजिए। वह आपके श्रेय या अवसर को दो-तीन बार छीन भी लेगा तो भी आपके पास मौलिक प्रतिभा का स्वधर्म है, उसका उपयोग करें। कार्यशाला का अंतिम सत्र भक्ति योग पर आधारित था। जिसमें साध्वी रुचिका भारती एवं संस्थान की डांस टीम द्वारा गीता में निहित श्लोकों को कीर्तन धुनों में पिरोकर प्रस्तुत किया गया।

# मतदान को लेकर प्रशासन हुआ मुस्तैद




## कटेहरी में प्रेक्षक ने पोलिंग समेत सभी कार्यो और मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**अंबेडकरनगर।** कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निष्पक्षए पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजए अकबरपुर में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पोलिंग पार्टियों के समस्त मतदान कर्मियों को ऐप एवं वेब कास्टिंग प्रशिक्षण कार्यों का सामान्य प्रेक्षक वीपी गौथम व जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने मास्टर ट्रेनरों को मतदान की एक.एक प्रक्रिया का क्रमबद्व तरीके से प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने पोलिंग पार्टियों के सभी कार्मिकों को मतदान की समस्त प्रक्रियाओं का बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर एकदूएक प्रक्रिया एवं सावधानियों से भलीदूभांति अवगत हो लेने के निर्देश दिए। और मतदान दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान की समस्त प्रक्रियाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा समस्त मतदान कार्मिकों को पूर्ण मनोयोग से निर्वाचनएमतदान की समस्त गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करनेए पीठासीन अधिकारियों को पीठासीन डायरी एवं समस्त दिशादूनिर्देशों का गहनता से अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 नवंबर 2024 को राजकीय हवाई पट्टी से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी सभी कार्मिक समय से रवानगी स्थल पर पहुंचें। मतदान दिवस 20 नवंबर 2024 को मॉकपोल की प्रक्रियाए वास्तविक मतदान प्रक्रिया के ;प्रातः 7रू00 बजेद्ध शुरू से 90 मिनट पहले प्रारंभ की जानी है यदि पोलिंग एजेंट मौजूद नहीं है तो 15 मिनट के इंतजार के बाद मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतदान कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त गतिविधियों में समयबद्धता का अक्षरशः अनुपालन करने और मतदान की समस्त प्रक्रियाओं को निष्पक्ष पारदर्शी एवं सूचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान समस्त पीठासीन अधिकारिोंएमतदान कार्मिक प्रथम के मोबाइल में एमण्पीएएसण;मतदान प्रतिशत संकलनद्ध ऐप को इंस्टॉल कराया गया तथा मतदान दिवस को पीठासीन अधिकारियों द्वारा मॉकपोल स्टेट्सए पोलिंग प्रारंभ एवं प्रत्येक 2 घंटे ;प्रातः 9रू00 बजेए 11रू00 बजेए 1रू00 बजेए 3रू00 बजेए 5रू00 बजे तथा मतदान समाप्तिद्ध पर वोटर टर्न आउट की एमण्पीएएसण् ऐप पर फीड करने आदि प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पूरे ऐप पर किए जाने वाले समस्त कार्यों को डेमो वीडियो के माध्यम से भी प्रदर्शित कर अवगत कराया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा पीठासीन अधिकारीए मतदान अधिकारी प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय को उनके कार्यों एवं दायित्वों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सामान्य प्रशिक्षण वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व अर्थात पोलिंग पार्टी के रवानगी के दिन ;19 नवंबर 2024द्ध के दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर पहुंचने पर की जाने वाली कार्यवाईए बूथ व्यवस्थाए वास्तविक मतदान के दिन की कार्रवाईए ईवीएम मशीनों ;वीयूए सीयू एवं वीवीपैटद्ध के संयोजनए मॉक पोलए विशेष परिस्थितियों में की जाने वाली कार्यवाईए मतदान समाप्ति व समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्रवाई एवं मतदान के समस्त प्रक्रियाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों आदि का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान ईवीएम का प्रशिक्षण यथा वीवीपैटए वैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करनाए मॉक पोलए स्पेशल टैग लगानाए ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर वेब कास्टिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसमें लगे कैमरे के एंगल एवं सावधानियां के विषय में बताया गया।

इस अवसर पर मतदान कार्मिकों ;सेक्टरएजोनल मजिस्ट्रेटए माइक्रो प्रेक्षकए सहायक व्यय प्रेक्षकए वीडियोग्राफरए ड्राइवरए कंडक्टर एवं क्लीनर आदिद्ध के डाक मतपत्र से मतदान सुविधा हेतु संचालित फैसिलिटेशन सेंटर का भी संचालित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एनोडल अधिकारी प्रशिक्षण आनंद कुमार शुक्लाए परियोजना निदेशक डीआरडीएए अपर नोडल अधिकारी प्रशिक्षण अनिल कुमार सिंह आदि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद छिन जाएगी योगी की कुर्सी : अखिलेश



अयोध्या जनपद के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप सिंह ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को गदा भेट कर सम्मानित किया।

**अम्बेडकर नग।।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पराजय के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुर्सी छीन ली जाएगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री समाज में नफरत का बारूद बिछा रहे हैं और भेदभाव कर रहे हैं तथा दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के लोग उन्हें हटाने के लिए उनकी कुर्सी तक सुरंग खोद रहे हैं। यादव ने कटेहरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अलग अलग जनसभाओं को सम्बोधित कर सपा और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन की प्रत्याशी शोभावती वर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा, ``जनता ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को रिकॉर्ड मतों से जिताकर भाजपा को उत्तर प्रदेश में नम्बर दो की पार्टी बना दिया। जबसे भाजपा लोकसभा चुनाव हारी है, इनके नेताओं को नींद नहीं आ रही है। प्रदेश में नौ सीट पर हो रहा उपचुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा उपचुनाव तो हारेगी ही, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी हारेगी। उसके बाद मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) जी की कुर्सी छिन जाएगी'' सपा अध्यक्ष ने दावा किया, ``मुख्यमंत्री जी समाज में नफरत का बारूद बिछा रहे हैं। भेदभाव कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के लोग उन्हें हटाने के लिए उनकी कुर्सी तक सुरंग खोद रहे हैं। इनके उपमुख्यमंत्री दिल्ली का गाना बजा रहे हैं'' यादव ने कहा कि जबसे सपा ने पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा दिया है, मुख्यमंत्री घबराए हुए हैं, क्योंकि भाजपा सरकार ने पीडीए को कुछ नहीं दिया और वे पीडीए से नफरत करते हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा को निशाने पर लेते हुए दावा किया, ``ए जो अंग्रेजों के विचार वंशी हैं, सब उल्टा काम कर रहे हैं। समाज में नफरत घोल रहे हैं।

# कानून व्यवस्था के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को मजबूत



**सोनभद्र।** जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलम्बन के क्रम में महिला थाना राबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज के साथ ही पुलिस टीम द्वारा महिला थाना राबर्ट्सगंज में पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद के सम्बंध में 05 जोड़ा पति पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति पत्नी राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। इसके अतिरिक्त 03 प्रकरण में अग्रिम तिथि निर्धारित की गई। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिस पर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## महिलाओं क किया जा रहा है जागरूक

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव कस्बा स्कूल कालेज बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा वूमेन पॉवर लाइन 1090 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 एम्बुलेंस सेवा 108 चाइल्ड लाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102 महिला हेल्पलाइन 181मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच बैड टच के बारे में घरेलू हिंसा के बारे में साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# विद्युत कैम्प का आयोजन आज


सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के तुर्रीडीह गांव में महादेव के घर के पास 18 नवम्बर दिन सोमवार को सुबह 10 बजे से विद्युत कैम्प का आयोजन किया जाएगा। विद्युत विभाग के जेई वीरेंद्र कुमार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि तुर्रीडीह गांव में आयोजित होने वाले कैम्प में उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा, सुधारमीटर रीडिंग सहित अन्य विद्युत संबंधित समस्याओं का मीटर रीडिंग सहित अन्य विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से समस्याओं के समाधान के लिए कैम्प में मीटर नम्बर पुराना या नया कनेक्शन या खाता संख्या लेकर आने की अपील की है।

# पत्थरों का अवैध उत्खनन जारी



मड़िहान मिर्जापुर मड़िहान तहसील क्षेत्र में पत्थरों का अवैध उत्खनन लगातार जारी है। इसपर रोक लगाने में खनन विभाग नाकाम साबित हो रहा है। मड़िहान के देवरी कलां में माइनिंग की लीजें खनन के लिए जितने एकड़ के लिए ली गई थी। उससे कहीं ज्यादा जमीन पर उत्खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं बन विभाग की जमीनों को धीरे धीरे खनन में शामिल कर लिया जा रहा हैं। और ग्रामीणों की भी रियायती जमीनों को माइनिंग में शामिल करते नजर आ रहे हैं खनन कर्ता । क्योंकि देखने में लगता है। पत्थरों के उत्खनन से लगातार दायरा बढ़ता जा रहा है।मानक से अधिक खनन भी हो रहा है। ज्यादातर खनन स्थलए एक गहरें तालाब में तब्दील है। जो यहां बैरिकेटिंग की व्यवस्था बहुत जरूरी है। हो सकता है जंगली जानवरए आदमी गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाय । लेकिन बैरिकेटिंग नहीं की गई है। ग्रामीण लगातार आरोप लगा रहे है। आवेदन देकर शिकायत कर रहे हैं कि जिस प्रकार से यहां पत्थरों का उत्खनन हो रहा है उस पर लगाम लगाया जाय। मानक से अधिक उत्खनन से उत्पन्न विशाल गहरे तालाब में गौए पशु गिरकर मौत के घाट उतर रहे है। ग्रामीणों की जमीनों पर जबरदस्ती उत्खनन किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा तहसील दिवस पर आला अधिकारियों से कई बार लिखित शिकायत किया गया । सीमांकन करने के लिए निर्देशित भी किया गया था। अंचल लेखपाल नापी करके रिपोर्ट दें जिससे जांच किया जा सके । जिस संबंध में ग्रामीण अपनी आवाज मुखर कर रहे हैं। शिकायत कर रहें हैं । शिकायत का समाधान हो सके । ग्रामीणों ने बताया कुछ पत्थर खदानों का लीज एस्पायर हो गया है। इसके बावजूद भी उत्खनन जारी है। डिस्ट्रिक्ट माइनिंग आफ्सिर को यहां आकर जांच करनी चाहिए। यहां अवैध खनन हो रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की जयंत परियोजना एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्योति स्कूल, जयंत में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली के क्षेत्रीय अधिकारी संजीव मेहरा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में वायु प्रदुषण एवं जल प्रदुषण के कारण एवं रोकथाम के बारे में उपस्थित विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने वायु गुणवत्ता सूचकांक के महत्व बारे में भी उपस्थित सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर शीतांशु वर्मा स्टाफ अधिकारी जयंत एवं संजीव कुमार नोडल अधिकारी जयंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्रकृति के अनुरूप संसाधनों का अनुकूलतम प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उप प्रबंधक राकेश कुमार दुबे, ने विद्यार्थियों को ई वेस्ट प्रबंधन, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, मिशन लाइफ एवं सतत विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पर्यावरण विभाग जयंत परियोजना ने पर्यावरण संतुलन की दिशा में किये गए कार्यों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग जयंत के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में बहन की मौत, भाई घायल

**सकलडीहाध्चन्दौली** । सकलडीहा के ताजपुर बालू मंडी के समीप रविवार को शाम चार बजे करीब बाइक सवार भाई बहन को टैंकर ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे 20 वर्षीय भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बहन के सर पर टैंकर का पहिया चढ़ जाने से मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को सीधे जिला हास्पीटल पीएम के लिये भेज दिया। वही घायल भाई को सीएचसी इलाज के लिये ले गयी। थाने पर पहुंचे परिजनों ने टैंकर चालक को पकड़ने के बजाय कागज देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की बात पर ग्रामीण भड़क गये। वापस सेवखर भोजापुर राजवाहा के समीप मार्ग अवरूध कर पुलिस प्रशासन की मनमानी के खिलाफ विरोध जताने लगे। करीब आधा घंटा बाद तहसील प्रशासन के समझाने पर ग्रामीण शांत हुए।सेवखर कला गांव निवासी किसान मान्धाता पांडेय को दो पुत्र अनुज पांडेय व राजेश पांडेय व एक पुत्री रिमझिम उर्फ शिल्पी है। रिमझिम सकलडीहा इंटर कॉलेज की छात्रा थी। वह अपने भाई अनुज के साथ सकलडीहा कस्बा के अलीनगर तिराहे पर लगने वाली मीना बाजार में सामान खरीदने के लिये आयी हुई थी। सामान खरीद कर अपने भाई के साथ वापस घर जा रही थी। ताजपुर पेट्रोल पंप के समीप बालू मंडी के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही टैंकर के धक्के से बाइक सवार अंसतुलित हो गये। बाइक चला रहा भाई अपने बाये साइड में सड़क के किनारे गिर गया। वही बहन टैंकर के पहिये के नीचे आ गयी। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। ग्रामीण कुछ समझते तबतक टैंकर वाला भाग निकला। भाई ने उठकर तुरंत घर वालों को फोन करके बताया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने टैंकर चालक को पकड़ने के बजाय शव को कब्जे में लेकर सीधे जिला हास्पीटल भेज दिया। भाई को इलाज के लिये सीएचससी ले गयी। थाने पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस टैंकर चालक को पकड़ने के बजाय बेटी के शव को बगैर परिजनों को दिखाये जिला पर भेज दिया। एक सादा कागज देकर रिपोर्ट लिखने की बात कहने पर ग्रामीण भड़क गये। थाने पर हो हल्ला मचाते हुए ग्रामीण सेवखर भोजापुर राहवाहा मार्ग पर पहुंचकर मार्ग अवरूद्ध कर विरोध जताने लगे। मौके पर तहसील और पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाने पर ग्रामीण शांत हुए। इस मौके पर तहसीलदार अजीत सिंहएसीओ रघुराजएसदर कोतवाल राजेश सिंहएसकलडीहा प्रभारी अशोक मिश्रा सहित अन्य पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

# जीआरपी ने यात्रियों के गायब हुए 150 मोबाइल को बरामद कर सौंपा



मुग़लसराय । पीडीडीयू जंक्शन जीआरपी ने यात्रा के दौरान चोरी व गुम हुये 150 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद करके उन्हें सुपुर्द कर दिया। मोबाइ पाने के बाद भुक्तभोगी यात्रियों के चेहरे खिल उठे। सभी ने जीआरपी का आभार जताने के साथ ही माला पहना कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित कर उनका स्वागत किया । बरामद सभी मोबाइलों की कीमत लगभग 22 लाख रुपए आंकी गई है। विदित हो कि विगत दिनों यात्रा के दौरान ट्रेनों में यात्रियों ने मोबाइल गायब हो जाने के बाद स्थानीय जीआरपी में मोबाइल गुमशुदगी के लगभग डेढ़ सौ मोबाइलों की सूचना दर्ज हुई थी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने सर्विलांस व अपने पुलिस टीम के सहयोग से कई जगहों से 150 कीमती एंड्रॉयड मोबाइलों को बरामद करने के बाद रविवार को मोबाइल स्वामियों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर दिया। अपना खोया मोबाइल पाकर सभी ने जीआरपी का आभार जताया है तथा माला पहनकर जवानों का स्वागत भी किया। बरामद मोबाइल की कीमत 22 लाख रुपए आंकी गई है। उक्त बरामदगी में प्रभारी निरीक्षक के साथ साथ उप निरीक्षक स्वतंत्र सिंहए उप निरीक्षक राधा मोहन द्विवेदीए हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंहए हेड कांस्टेबल अनिल कुमारए कांस्टेबल राहुल यादवए कांस्टेबल रूपेश पांडेय व कांस्टेबल अजीत यादव शामिल रहे।

# कबाड़ से बनाई गई 25 फीट ऊँची तितली की मूर्ति



**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता को फिर से सिद्ध करते हुए कला शिल्प और स्थानीय कौशल के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस पहल के तहत एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ कॉलेज के फाइन आर्ट्स के छात्रों के साथ मिलकर कबाड़ से एक अद्वितीय 25 फीट ऊँची तितली की मूर्ति का निर्माण किया। एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित काशी विद्यापीठ के एमएफए के छात्र अभिषेक केशरी ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने इससे पहले भी एनटीपीसी सिंगरौली के डी. के. सारस्वत के नेतृत्व में कबाड़ से बनी कई मूर्तियों जैसे स्टीम इंजन और आइफल टावर का निर्माण किया था। इस बार उन्होंने एक बड़ी चुनौती स्वीकार की और अपनी कड़ी मेहनत और रचनात्मकता से तितली की भव्य मूर्ति बनाई। यह मूर्ति अब सिंगरौली क्षेत्र में एक प्रमुख आकर्षण बन गई है और लोग दूर दूर से इसे देखने और सेल्फी लेने के लिए आ रहे हैं। एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने इस पहल की शुरुआत की और कबाड़ से एक विशाल तितली की मूर्ति बनाने का सुझाव दिया। इस कार्य में परियोजना के कई अन्य अधिकारियों का भी सहयोग रहा जिनमें एस. के. वर्मा विपिन गुप्ता निलेश कुमार प्रवीण रजत गर्ग डी. सी. गुप्ता सौरभ और कथूरिया शामिल थे। इस भव्य मूर्ति का उद्घाटन एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर और पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज शक्तिनगर ने किया। उद्घाटन समारोह में अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन सिद्धार्थ मंडल ने इस उत्कृष्ट रचना की सराहना की और उसमें समाहित रचनात्मकता और परिश्रम की प्रशंसा की। यह पहल एनटीपीसी की अपनी स्थानीय समुदाय में रचनात्मकता को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनटीपीसी सिंगरौली मंर बने इस कबाड़ से बनी तितली की मूर्ति न केवल पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को प्रदर्शित करती है बल्कि यह जीवन के चक्र परिवर्तन और विकास का प्रतीक भी है। तितली के जीवन चक्र में कीड़े से लेकर एक सुंदर और रंगीन प्राणी बनने तक की यात्रा दर्शाती है कि जीवन में परिवर्तन और विकास संभव हैं और हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। एनटीपीसी की यह पहल न केवल कला और शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल है, बल्कि यह जीवन के अनमोल संदेश और प्रकृति की सुंदरता को भी उजागर करती है। तितली की यह कलाकृति जीवन के हर पहलु को सार्थक बनाने की प्रेरणा देती है और यह हमें यह सिखाती है कि हर पल एक नई संभावना से भरा हुआ होता है।

# सांस लेने का अधिकार

## दिल्ली की जहरीली हवा

**दिल्ली** की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर गई है, शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक- एक्यूआई 428 तक बढ़ गया है, जो देश में सबसे खराब प्रदूषण स्तर है। नतीजतन, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार सुबह 8 बजे से कड़े ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्राप-3 प्रतिबंध लागू करने की घोषणा की है। गुरुवार को, शहर के लिए 24 घंटे का एक्यूआई 428 तक पहुंच गया, जो एक गंभीर वायु गुणवत्ता श्रेणी का संकेत देता है, जो आबादी के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से मौजूद श्वसन स्थितियों वाले लोगों के लिए। 428 का वर्तमान एक्यूआई स्तर दिल्ली को गंभीर श्रेणी में रखता है, यह दर्शाता है कि हवा खतरनाक रूप से प्रदूषित है बिगड़ती वायु गुणवत्ता के जवाब में, सीएक्यूएम ने प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए निम्नलिखित बीएस-3 प्रतिबंध लगाए हैं- दिल्ली और आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सभी गैर-जरूरी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है ताकि धूल और कण पदार्थ प्रदूषण को बढ़ा न सकें। नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले वाहनों को सड़कों से प्रतिबंधित कर दिया गया है। विशेष रूप से, पेट्रोल वाहन जो बीएस-3 (भारत स्टेज 3) मानकों का पालन नहीं करते हैं और डीजल वाहन जो बीएस-4 मानदंडों के अंतर्गत



आते हैं, उन्हें दिल्ली और एनसीआर के कुछ हिस्सों में परिचालन से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन उपायों से हवा में उत्सर्जित होने वाले प्रदूषकों की मात्रा में काफी कमी आने की उम्मीद है, विशेष रूप से निर्माण स्थलों और पुराने वाहनों से, जो वायु प्रदूषण में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। मौसम की स्थिति ने शहर के ऊपर धुंध की चादर बना दी है, जिससे वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन, औद्योगिक प्रदूषण और पड़ोसी राज्यों में फसल के ठूंठ जलाने के प्रभाव बढ़ गए हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर ध्यान दिया है और आगे के प्रवर्तन उपायों पर चर्चा करने के लिए 18 नवंबर को सुनवाई निर्धारित की है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ हवा में सांस लेने का मौलिक अधिकार है, जिसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित किया गया है। दिल्ली के प्रदूषण संकट ने अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है। जबकि तत्काल ध्यान बीएस-3 प्रतिबंधों जैसे अल्पकालिक उपायों को लागू करने पर है, विशेषज्ञों का तर्क है कि स्थायी समाधान के लिए सख्त उत्सर्जन मानकों, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन विकल्पों के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों की आवश्यकता है। चूंकि शहर लगातार जहरीले धुंध से जूझ रहा है, इसलिए दिल्ली के निवासियों से आग्रह किया जाता है कि वे जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें, ज़ोरदार बाहरी गतिविधियों से बचें और वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों से खुद को बचाने के लिए ह्95 मास्क पहनें। आने वाले दिनों में, यह आशा की जा रही है कि मौसम की स्थिति और सरकारी हस्तक्षेप दोनों से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन शहर के निवासियों का दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रदूषण के स्रोतों पर अंकुश लगाने के निरंतर प्रयासों पर निर्भर करता है।

# पश्चिम एशिया पर युद्ध के बादल

क्षेत्रीय स्थिरता के संकट में होने के कारण, दुनिया उत्सुकता से देख रही है कि पश्चिम एशिया बढ़ती शत्रुता के संभावित परिणामों के लिए तैयार है।

**नीलांथा इलांगमुआ**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



3 जुलाई, 1988 को, अमेरिकी नौसेना के यूएसएस विंसेनेस ने एक बेशर्म सैन्य अतिक्रमण के तहत, फारस की खाड़ी के ऊपर, 290 यात्रियों को ले जा रहे एक नागरिक विमान, ईरान एयर फ्लाइट 655 को मार गिराया। नौसेना का यह तर्क कि यह एक अनजाने में हुई गलती थी, कठोर वास्तविकता को झुठलाता है: यह कोई गलती नहीं थी, बल्कि उन लोगों के जीवन के प्रति पश्चिमी उदासीनता का एक प्रतीकात्मक उदाहरण था जिन्हें व्यर्थ समझा जाता था।

नौसेना ने एक वाणिज्यिक उड़ान को दुश्मन के लड़ाकू विमान समझ लिया, और दो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागा और उसमें सवार सभी लोग मारे गए। फिर भी, अमेरिका की प्रतिक्रिया नैतिक विफलता को स्वीकार करने की नहीं थी, बल्कि अपने इनकार को और भी दोहराते हुए, न तो वास्तविक माफ़ी मांगी और न ही पीड़ितों के परिवारों को क्षतिपूर्ति की पेशकश की। यह त्रासदी भू-राजनीतिक प्रभुत्व की अपनी अथक खोज में पश्चिम एशिया के लोगों को अमानवीय बनाने की पश्चिम की लंबे समय से चली आ रही प्रथा की एक गंभीर याद दिलाती है। ईरानी लोगों के लिए, यह केवल एक सैन्य भूल नहीं थी; यह उनकी मानवता की एक सरासर उपेक्षा थी, जिसने पश्चिमी हलकों में इस गहरी जड़ जमाए हुए विश्वास को मजबूत किया कि इसकी सीमाओं से परे लोगों का जीवन, सत्ता की खोज में, सबसे अच्छा, संपार्श्विक क्षति है।

इस त्रासदी की गूँज आज भी बनी हुई है, जो अमेरिका और ईरान के बीच अस्थिर संबंधों से और भी बढ़ गई है। डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से चुने जाने के कुछ ही दिनों बाद, अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रपति की हत्या की ईरान द्वारा की गई साजिश का पर्दाफाश करने का दावा किया। ईरान ने इन आरोपों को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया, विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने उन्हें तीसरे दर्जे की कॉमेडी के रूप में खारिज कर दिया और



अमेरिका पर आगे की आक्रामकता को सही ठहराने के लिए एक कहानी गढ़ने का आरोप लगाया। अराक्ची के उपहास-एक हत्यारे की ईरान में बैठकर और स्वच्छ से ऑनलाइन बात करने की मूर्खता का मज़ाक उड़ाना-ने अमेरिका-ईरान संबंधों को परिभाषित करने वाले गहरे अविश्वास को फिर से जगा दिया।

अब जबकि ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है और वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन जाएंगे, यह स्पष्ट है कि उनकी विदेश नीति, विशेष रूप से ईरान के प्रति, कहीं अधिक आक्रामक हो सकती है, जिसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। आक्रामक व्यक्तियों की उनकी नियोजित नियुक्तियाँ - जैसे कि पीट हेगसेथ को रक्षा सचिव, स्टीवन सी विटकॉफ को पश्चिम एशिया मामलों के विशेष दूत और माइक हुकाबी को इज़राइल में राजदूत - यह सुझाव देती हैं कि पश्चिम एशिया में शांति पहले से कहीं अधिक दूर है। ये विकल्प इज़राइल के हितों के साथ बढ़ते तालमेल को दर्शाते हैं, तनाव को और बढ़ाते हैं और एक भयावह संघर्ष की नींव रखते हैं - जो ईरान के खिलाफ युद्ध को पश्चिमी हस्तक्षेप के दशकों के अंतिम परिणाम के रूप में देख सकता है।

> **अब जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है और वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन जाएंगे, यह स्पष्ट है कि उनकी विदेश नीति, विशेष रूप से ईरान के प्रति, कहीं अधिक आक्रामक हो सकती है, जिसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।**

इस आसन्न आपदा को पश्चिम एशिया में पश्चिमी हस्तक्षेप की ऐतिहासिक विरासत से अलग नहीं किया जा सकता है। पश्चिम के साथ ईरान के संबंध सदियों के विश्वासघात और हेरफेर से आकार लेते रहे हैं। इस भयावह इतिहास में एक निर्णायक क्षण 1953 का सीआईए समर्थित तख्तापलट था, जिसमें ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधान मंत्री मोहम्मद मोसादेग को पद से हटा दिया गया था, क्योंकि उन्होंने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की थी। पश्चिमी शक्तियों द्वारा संचालित इस कृत्य ने शाह के क्रूर शासन को फिर से स्थापित किया, जिसने 1979 की इस्लामी क्रांति के बीज बोए। तेल और भूराजनीति द्वारा संचालित हस्तक्षेप के इस इतिहास ने ईरानी चेतना में विश्वासघात की गहरी भावना पैदा की, एक भावना जो आज भी ईरान की विदेश नीति को परिभाषित करती है।

सांप्रदायिक आधार पर विभाजित और अक्सर अपनी विदेश नीति में अवसरवादी, ईरान के पड़ोसी बार-बार क्षेत्रीय एकता को बाहरी दबावों से आगे रखने में विफल रहे हैं। फिर भी, इस क्षेत्र के इतिहास को आकार देने वाले भू-राजनीतिक जोड़-तोड़ एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा हैं: पश्चिम द्वारा उन राष्ट्रों की संप्रभुता को मान्यता देने से इनकार करना जिन्हें वह रणनीतिक रूप से अप्रासंगिक मानता है। ईरानी लोग बाहरी मांगों के आगे झुकने से इनकार करने में और भी दृढ़ हो गए हैं। यह अलगाव, जो शुरू में आवश्यकता से पैदा हुआ था, एक गहन अस्तित्वगत संघर्ष में भी बदल गया है।

इसके जवाब में, ईरान ने चीन और रूस जैसे देशों के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है और क्षेत्र में गैर-राज्य अभिनेताओं के साथ संबंध बनाए हैं। ये गठबंधन-जो विचारधारा से नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता से पैदा हुए हैं-ने ईरान को क्षेत्रीय प्रभाव डालने की अनुमति दी है, जिससे पश्चिम ने कभी भी इसकी कल्पना नहीं की थी कि सत्ता का संतुलन बदल जाएगा।

अपने पहले कार्यकाल में, ट्रम्प ने ईरान को कमज़ोर करने के लिए दो-तरफ़ा रणनीति का इस्तेमाल किया- अब्राहम समझौते के ज़रिए अन्य अरब देशों को इज़राइल के पक्ष में जोड़ना, यह संधि उनके यहूदी मूल के दामाद जेरेड कुशनर द्वारा तैयार की गई थी, और दूसरी बात, उन प्रमुख व्यक्तित्वों को निशाना बनाना जिन्होंने ईरान के खिलाफ़ काम करने वाले विदेश में रहने वाले ईरानियों के प्रयासों को वित्तपोषित करते हुए क्षेत्र में ईरान के प्रभाव को सक्षम बनाया।

अपने दूसरे कार्यकाल में, जो पिछले आठ वर्षों में उनके द्वारा अर्जित अनुभवों से और अधिक परिष्कृत और तीक्ष्ण हो सकता है-कार्यालय में और व्हाइट हाउस के बाहर-उनके कार्य कहीं अधिक अप्रत्याशित हो सकते हैं। नतीजतन, ईरान के खिलाफ़ युद्ध की संभावना अब दूर का डर नहीं है; यह एक तेज़ी से नज़दीक आती वास्तविकता है। यह पश्चिमी देशों के इस दृष्टिकोण की पुष्टि करेगा कि वैश्विक दक्षिण के लोगों की तरह ईरानियों का जीवन भी भू-राजनीतिक प्रभुत्व की खोज में खर्च करने योग्य है, जिससे यह युद्ध अनिवार्य नहीं बल्कि विकल्प का युद्ध बन जाता है, जिसमें ईरान का अस्तित्व दांव पर लगा हुआ है।

इस संदर्भ में, युद्ध से बचने की जिम्मेदारी केवल अमेरिका या ईरान की नहीं है, बल्कि अरब जगत सहित क्षेत्र के सभी देशों की है। अपनी अलग-अलग मान्यताओं, इतिहास और गठबंधनों के बावजूद, अरब देशों पर युद्ध के खतरे के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का दायित्व है। अरब नेताओं, खासकर जो लंबे समय से अमेरिका-ईरान संघर्ष की भू-राजनीतिक गोलीबारी में फंसे हुए हैं, की आवाज क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की रक्षा में उठनी चाहिए।

सामूहिक कार्रवाई के पक्ष में मतभेदों को अलग रखना चाहिए जो वैचारिक मतभेदों पर जीवन और संप्रभुता के संरक्षण को प्राथमिकता देता है। दुनिया और खासकर पश्चिम एशिया के देशों को कूटनीति और संवाद का रास्ता तलाशने का प्रयास करना चाहिए, ताकि एक और विनाशकारी युद्ध से बचा जा सके जो क्षेत्र के ताने-बाने को और भी अधिक नष्ट कर देगा।

# अहं का उत्थान और पतन

> “सच्ची सफलता प्रसिद्धि या शक्ति में नहीं बल्कि विनम्रता और जीवन के उद्देश्य को समझने में निहित है।”

**रवि वलूरी**
(लेखक, रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



एक चुनौतीपूर्ण कार्य या विचार आम तौर पर एंडोर्फिन जारी करता है, जो मानव मन को अलग तरीके से सोचने के लिए प्रेरित करता है, और जब इस तरह के दृष्टिकोण से संपन्न होता है, तो हम ऊंचाइयों को छूते हैं और शिखर पर पहुंचते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। हम उत्पाद या गतिविधि प्रवाह से जुड़ जाते हैं; परिणामस्वरूप, मन प्रशंसा में फंस जाता है। रैंप पर धूम मचाने के लिए जानी जाने वाली एक जीवंत मॉडल को एक सिनेमाई भूमिका के लिए चुना गया था।

उसने भूमिका को बखूबी निभाया और जल्द ही कई पुरस्कारों के लिए नामांकित हुई और उनमें से कुछ को जीतने में सफल रही, जिसमें सर्वश्रेष्ठ नए चेहरे का पुरस्कार भी शामिल है।

अभिनेत्री को कई सम्मानों से सम्मानित किया गया और इस प्रक्रिया में उन्हें प्रतिष्ठित भूमिकाएं मिलीं। यह वास्तव में एक मादक एहसास था। उन्हें विभिन्न पार्टियों में सम्मानित किया गया और वे रातोंरात एक सेलिब्रिटी बन गईं। हालांकि, उनके लालच का कोई अंत नहीं था क्योंकि उनका मन और शरीर अधिक ध्यान आकर्षित करना चाहते थे।

मैं, मुझे सिंड्रोम उसके दिमाग पर हावी हो गया और वह घंटों आईने के सामने सेल्फी लेती, अपनी आकर्षक सुंदरता और सफलता की प्रशंसा करती। अपने जोखिम पर, उसने खतरे की घंटी को अनदेखा कर दिया, मौत की घंटी उसके दरवाजे पर दस्तक दे रही थी। वह शराब, पैसे, ड्रग्स और सेक्स की आदी हो गई। प्रतिभाशाली कलाकार ने बुखार की स्थिति में अपनी समता, संतुलन और संतुलन खो दिया और इस प्रक्रिया में बदनामी को आकर्षित किया। कलाकार का उल्कापिंड का उदय अल्पकालिक था



और उसका अप्रिय व्यवहार उद्योग के लिए स्वीकार्य नहीं था, उसे जल्द ही महत्वपूर्ण भूमिकाओं से हटा दिया गया और निश्चित रूप से, शक्ति और प्रसिद्धि खो दी। त्रासदी एक क्रूर रूप में आई जब उसकी जिंदगी कम उम्र में ही खत्म हो गई जब वह नशे की हालत में एक कार दुर्घटना के बाद दम तोड़ गई। इस तर्कहीन व्यवहार के लिए किसे दोषी ठहराया जाए? झूठे अहंकार मानव मन पर कहर ढाते हैं जब विवेक की शक्ति कर्तापन की चमक और चकाचौंध में छिप जाती है। ऐसे लोगों की नस्ल राजनेताओं, उद्यमियों और साधकों में फैली हुई है, क्योंकि वे कर्तापन के जाल में फंस जाते हैं और उसे छोड़ नहीं पाते और विनम्र नहीं रह पाते। वे कुछ तात्कालिक परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और सौदेबाजी में, कथानक और बड़ी तस्वीर खो देते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी, पार्टियाँ एक व्यक्ति की सफलता और अहंकार पर निर्भर हो जाती हैं और आंतरिक लोकतंत्र और जमीनी स्तर पर संपर्क की अपनी मूल ताकत खो देती हैं। आध्यात्मिक दुनिया भी इससे अछूती नहीं है।

साधक, शुरू में बहुत साहस और दृढ़ विश्वास के साथ मार्ग पर चलते हैं और गुरु और मार्ग में असीम विश्वास रखते हैं। वे साधना, सेवा, सत्संग, ध्यान और संगठन की अन्य गतिविधियों में निरंतर भाग लेते हैं। गुरु अपनी उदारता में अपने सभी अनुयायियों को प्रोत्साहित करते हैं। कुछ लोग मार्ग पर आगे बढ़ते हैं और अन्य पीछे हट जाते हैं क्योंकि आध्यात्मिकता की कठोरता और नियम कठिन होते हैं और साधक को मन की शांति मिलने से पहले ही अशांति से भर जाते हैं। जल्द ही साधक का ज्वरग्रस्त मन गुरु के साथ निकटता महसूस करता है और इस प्रक्रिया में, साथी साधकों को गलत तरीके से परेशान करता है। कुछ साधक फेसबुक पर इन तस्वीरों को 'लाइक' करते हैं ताकि वे अपने कथित करीबी लोगों को खुश कर सकें, इस उम्मीद में कि यह गुरु की एक झलक पाने के लिए पासपोर्ट के रूप में काम कर सकता है।

एक सच्चा आध्यात्मिक नेता या गुरु अपने भक्तों को गुरु मंडल के दलदल में न फंसने की चेतावनी देता है। भगवान कृष्ण अर्जुन को समझाते हैं, झूठे अहंकार के प्रभाव में, व्यक्ति खुद को गतिविधियों का कर्ता समझता है, जबकि सभी गतिविधियां प्रकृति द्वारा एक स्वाभाविक प्रक्रिया के रूप में की जाती हैं। एक सच्चे साधक को यह समझना चाहिए कि हम इस विशाल ब्रह्मांड में असीम हैं। हमारे कार्य और कर्म, यदि वास्तव में सकारात्मक और विनम प्रकृति वाले हैं, तो वे हमें गुरु और ब्रह्मांड के नियमों के करीब ले जाएंगे।

## आप की बात

### दर्दनाक घटना

**उत्तर** प्रदेश स्थित झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड से 10 बच्चों की मौत हृदयविदारक है । इस अग्निकांड की वजह भी हर अग्निकांड की तरह इलेक्ट्रिकल एक्सीडेंट बताई जा रही है । अग्निकांड की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गई है। इसके पहले भी दिल दहलाने वाले अग्निकांड हुए हैं, इनकी जांच रिपोर्ट भी जिम्मेदारों को सौंपी गई होगी। लेकिन लाख टके का सवाल सवाल यह उठता है कि पूर्ववर्ती अग्नि कांडों से क्या सबक लिया है । जांचें, रिपोर्ट सब हाथी के दांत की तरह है, जो समय निकलने पर सब भूला दी जाकर डस्टबिन में डाल दी जाती है । ऐसा कोई भी राज्य या शहर या स्थान अछूता नहीं है, जहां अग्निकांड नहीं हुए हैं । बड़ी-बड़ी बातें की गई है, लेकिन चाल वही बेंढ़गी चलते चले आ रहे हैं, चलते रहेंगे । अग्नि कांडों को रोकने के लिए जो सुरक्षा मानक तय हैं, उनका पालन नहीं होना, एक्सपायर डेट की मशीनों का उपयोग करना, ये आग की वजह बनते हैं । आखिर इन सब की निगरानी रखने वाला तंत्र कुंभकरण की नींद क्यों सोता रहता है ? निगरानी तंत्र क्यों नहीं समय-समय पर इनकी जांच कर संबंधित अस्पतालों या अन्य संस्थाओं का संज्ञान क्यों नहीं लेते ? जिम्मेदारों की जिम्मेदारी की अनदेखी का यह परिणाम बेकसूर भुगतते हैं । कसूरवार का बाल तक बांका नहीं होता है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### शोध हिन्दी में क्यों नहीं?

**शोध** को हिंदी में करने से बढ़ेगी लोकप्रियता। माननीय मुख्यमंत्री जी ने विगत दिनों में हुए राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन भोपाल में बात कही। स्व भाषा को जानने वाले विद्वान अगर आपने रिसर्च को हिंदी में करते है और उसके तकनिकी शब्दों का हिंदी में अनुवाद करते है तो सहज रूप उसे पुरे देश में लोकप्रियता मिलेगी। वाकई हिंदी के हीत में ये पहल प्रशंसनीय है। ताकि प्रचार प्रसार होकर हिंदी को प्राथमिकता मिले। देखा जाए तो वर्तमान में अंग्रेजी शब्दों को हिंदी में से निकालना यानि बड़ा ही दुष्कर कार्य है। सुधार का पक्ष देखे तो हिंदी में व्याकरण और वर्तनी का भी बुरा हाल है। कोई कैसे भी लिखे ,कौन सुधार करना चाहता है? भाग दौड़ की दुनिया में शायद बहुत कम लोग ही होंगे जो इस और ध्यान देते होंगे। सुधार हेतु जाग्रति लाने की आवश्यकता है। बच्चों को अपनी सृजनात्मकता ,मौलिक चिंतन को विषयान्तर्गत रूप से हिंदी व्याकरण और वर्तनी में सुधार की और ध्यान देना होगा ताकि निर्मित शब्दों के हिंदी में परिभाषित शब्द सही तरीके से व्यक्त,लिख- पढ़ सकें। हिंदी के प्रचार -प्रसार हेतु लेखनीय कार्य हिंदी में ही अनिवार्य करना होगा ताकि हिंदी लिखने की शुद्धता बनाई जा सके। मातृभाषा की सही स्तुति के लिए ये कार्य करना आवश्यक है ताकि मातृभाषा का सही मायने में सम्मान हो सके।

– **संजय वर्मा,** मनावर, धार

### राजनीति का स्तर

**महोदय,** भारत के राजनैतिक दल कभी सेवाभावी होने का दम भरते थे। मगर अब यह शुद्ध व्यवसाय बन चुका है। और व्यवसाय के भी कुछ उसूल होते हैं। मगर राजनीति में तो जैसे-तैसे सत्ता पाना ही एक मात्र लक्ष्य रह गया है। यह बोतल का वह जिन्न है। जिसे इन दोनों ने हीं बोतल से बाहर निकाला है। और अब यह उन्हें ही निगलने को तैयार हैं। हर बड़े नेता को बड़ा पद चाहिए नहीं तो वह पार्टी से बगावत करने में जरा भी नहीं हिचकते हैं। टिकट नहीं मिलने पर यह अपने ही दल के प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय के रूप में खड़े होने में तनिकभी नहीं हिचकते हैं। भले ही वह नहीं जितने पाए मगर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हराने में अवश्य सफल हो जाते हैं। ऐसे आत्मघाती बम सभी दलों में मौजूद हैं। और यही परियों के हार जीत के गणित को गड़बड़ा देते हैं। यदि पार्टियों में आंतरिक प्रजातंत्र हो और कार्यकर्ताओं द्वारा ही प्रत्याशियों का चयन हो तो यह असंतोष खत्म हो सकता है। मगर सभी दल ऊपर से अपना प्रत्याशी थोपते हैं। यहां तक की राज्यों में बहुमत मिल जाने के बाद भी विधायकों को अपना नेता नहीं चुने दिया जाता है। और ऊपर से थोपे गए प्रत्याशी को ना चाहते हुए भी समर्थन देने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रजातांत्रिक व्यवस्था का खुला माखौल है। इसे सुधरे बिना राजनीति का स्तर निरंतर रसातल की ओर जाता रहेगा!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### एनआरसी ही उचित

**मणिपुर** की अशांति की वजह भले ही जाति संघर्ष हो मगर हिंसा के लिए जिस प्रकार म्यांमार की सीमा से हथियारों की आपूर्ति हो रही है वह सारे फसाद की जड़ है। सरकार को सीमा पर सख्त होना होगा ताकि ना आएंगे हथियार और ना होगी हिंसा। इसके साथ ही राज्य में जितनी जल्दी हो सके एनआरसी लागू करना चाहिए। मणिपुर में रुक-रुक कर सिर उठाती हिंसा से एक बात साफ हो गई है कि उग्रवाद को बाहर से मदद मिल रही है। इसमें पुलिस थाने से लूट गए हथियार उनके संघर्ष का बड़ा स्रोत है। म्यांमार की सीमा के पास से लूटे गए हथियारों का एक बड़ा जखीरा पुलिस ने जप्त किया था इसमें बड़ी संख्या में दंगा नियंत्रण उपकरण भी शामिल थे। जातीय संघर्ष में अवैध निवासियों की बड़ी भूमिका है। ऐसे में बार-बार हो रही हिंसा के हालातो में अगर राज्य में एनआरसी लागू करने की बात की जा रही है तो वह संघर्ष पर लगाम का एक बड़ा माध्यम बन सकती है। यदि राज्य में नागरिक राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू हो जाता है तो इससे अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी वहीं स्थाई बस चुके अराजक तत्वों को राज्य से बाहर निकलने का रास्ता साफ होगा।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# एनटीपीसी ऊंचाहार के तीन अभियंताओं एवरेस्ट पर पहुंचकर फहराया झंडा

**संवाददाता।** ऊंचाहार




**यदि** दृंढ संकल्प और कुछ नया कर जाने की इच्छा शक्ति हो, तो व्यक्ति किसी भी ऊंचाई को छू सकता है। इस कथन को साबित किया एनटीपीसी ऊंचाहार के तीन अभियंताओं ने। एनटीपीसी उंचाहार परियोजना के तीन अभियंता आशीष गरोला, हर्षित अग्रवाल व उज्ज्वल प्रताप सिंह ने इसी बात को साबित करते हुए माउंट एवरेस्ट की दुर्गम चट्टानों पर 5364 मीटर पर बेस कैम्प फतह की और माउंट एवरेस्ट बेस कैम्प पर भारत और एनटीपीसी का झंडा फहराकर अपनी संस्था को गौरवान्वित किया।

9 दिनों में 2800 मीटर से 5600 मीटर तक की कठिन चढाई करते हुए हिमालय की चुनौती पूर्ण व विपरीत परिस्थितियों में अदम्य साहस और धैर्य का परिचय देते हुए यह विशेष कामयाबी हासिल की। इन्होंने खराब मौसम , कम ऑक्सीजन और ऊंचाई के साथ गिरते तापमान और साथ ही साथ शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद अपने मिशन को जारी रखा ! वहीं इन्होंने ने बताया कि ऐसी ऊंचाई को फतह करने के लिए शरीर के साथ साथ दिल व दिमाग के सामर्थ्य की ज्यादा आवश्यकता होती है। अपनी दृढता और अपने आत्मविश्वास के बल पर ही हर्षित अग्रवाल ने काला पत्थर की चोटी 5634 मीटर पर झंडा फहराकर विजय प्राप्त की ।

इन तीनों की इस कामयाबी ने यह साबित कर दिया कि एनटीपीसी में कर्मचारी न केवल बिजली उत्पादन में दक्ष है बल्कि अन्य क्षेत्रों में कुछ असाधारण कर गुजरने का जज्बा रखते है । इस उपलब्धि के साथ इन तीनों ने ना केवल उंचाहार परियोजना का अपितु सम्पूर्ण एनटीपीसी का नाम रोशन किया है।

# मणिराम दास छावनी से चित्रकूट के लिए निकली 52 वीं भरत यात्रा



**अयोध्या।** दशकों से चले आ रहे परम्परागत आयोजन की कड़ी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या से आज 52 वी श्रीभरत यात्रा मणिराम दास जी छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री के संयोजन मे वैदिक मंत्रोच्चारण और भरत शत्रुघ्न के स्वरूप पूजन के उपरांत रविवार को प्रात: चित्रकूट हेतु प्रस्थान हुई।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के आशिर्वाद से सैकड़ो संत धर्माचार्यो और भरत वा शत्रुघ्न के स्वरूप को लेकर एक दर्जन वाहनों से चित्रकूट के लिए रवाना हुई, यात्रा विभिन्न दर्शनीय स्थलो पर दर्शन पूजन अनुष्ठान करते हुए नंदीग्राम, सुलतानपुर, प्रतापगढ़ ,प्रयागराज होते चित्रकूट 19 को चित्रकूट पहुंचेंगे 20 नवंबर को भरत मिलाप का भव्य कार्यक्रम होगा और 21 नवंबर को पुन: है यात्रा अयोध्या पहुंचेगी। इस दौरान मार्ग मे संतों का प्रवचन श्रीराम लीला तथा वृहदस्तर पर भोजन भंडारे का भी भक्तों द्वारा आयोजन होगा। यात्रा प्रस्थान कराने से पूर्व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज ने भरत शत्रुध्न के स्वरूप का अपने कक्ष में पूजन किया और यात्रियों को आशीर्वाद देकर विदा किया।

# दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा, विजेता किये गए पुरस्कृत

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**समग्र** शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत तहसील स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घघाटन एस डी एम धनघटा अरुण कुमा एव अधिशासी अधिकारी हैसर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम में धनघटा तहसील के नाथनगर हैसर बाजार पौली एवं आसपास के बच्चों द्वारा लगभग 50 दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया इसमें कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के समापन में द्वावा महोत्सव समिति एवं चेयरमैन प्रतिनिधि नीलमणि द्वारा समस्त प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ?200 का विशेष पुरस्कार प्रदान करते हुए माला पहनकर उनका अभिनंदन किया गया तथा प्रत्येक प्रतिभागी बच्चों के साथ-साथ प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कारों से पुरस्कृत भी किया गया इस अवसर पर नगर पंचायत धनघटा के अधिशासी अधिकारी हैसर द्वारा घोषणा की गई थी इस कार्यक्रम में जितने भी प्रतिभागी दिव्यांग बच्चे थे उन सभी बच्चों को नगर पंचायत की तरफ से गर्म कपड़े उपलब्ध कराए जाएंगे। तथा 60 विद्यालयों को स्मार्ट क्लास से सुसज्जित भी किया जाएगा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले श्री जगन्नाथ एवं सोनी को 500 रुपये का विशेष पुरस्कार अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि द्वारा दिया गया इस अवसर पर विशेष अध्यापक दिलीप यादव दुर्गेश यादव शंभू प्रसाद वीरेंद्र चौधरी अर्जुन प्रसाद प्रमोद उपाध्याय के साथ तीनों विकास क्षेत्र के स्पेशल एजुकेटर अध्यापक तथा दिव्यांग बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# पांच वाहन चोर सरगना गिरफ्तार 11 चोरी की बाइकें हुई बरामद



**उरई, जालौन।** एसओजी, सर्विलांस टीम के साथ उरई कोतवाली व आटा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग दौरान झांसी-कानपुर हाइवे पर संकट मोचन मंदिर के समीप नर्सरी के पास पांच वाहन चोर सरगनाओं को पकड़कर उनके कब्जे से चोरी की गयी 11 बाइकों को बरामद कर किया।

उक्त मामले का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि लंबे समय से दोपहिया वाहन चोरों का गिरोह जनपद में विभिन्न स्थानों से दोपहिया वाहनों की चोरी करने में संलिप्त थे जिनकी धरपकड़ के लिये एसओजी, सर्विलांस टीम, सदर कोतवाली व आटा थाना पुलिस संयुक्त रूप से वाहन चोर गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखे हुये थे तभी दौरान चेकिंग जैसे ही संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि नेशनल हाइवे के समीप नर्सरी संकट मोचन मंदिर के पास कुछ लोग एकत्रित हैं जो दोपहिया वाहनों से आये हुये है। उक्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने उनकी घेराबंदी कर ललकारा तो वह भागने का प्रयास करने लगे तभी पुलिस ने उनको धर दबोचा। पकड़े गये पांचों वाहन चोरों के विरुद्ध चार-चार मुकदमे विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं।

# गौशालाओं के निरीक्षण में खामियां मिलने पर तत्काल करें कार्रवाई: प्रमुख सचिव

**संवाददाता।** उरई, जालौन




**कलेक्ट्रेट** सभागार में आज प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, दुग्ध विकास, मत्स्य एवं पशुधन विभाग रविंद्र नायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने जनपद में चल रही गौशालाओं, पशुपालन और मत्स्य पालन योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रविंद्र नायक ने कहा कि जनपद की सभी गौ आश्रय स्थलों पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भूसा, हरा चारा, पानी, चोकर, सफाई, और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम विकास अधिकारियों व केयर टेंकरों को गौशालाओं के देखभाल के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके अलावा उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित भ्रमण करने का निर्देश दिया और कहा कि अगर कहीं अव्यवस्था पाई जाए तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि पशु चिकित्सा अधिकारी गौशालाओं में नियमित रूप से जाकर गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और कृत्रिम गर्भाधान तथा बधियाकरण योजनाओं की सफलता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि गौवंश का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी से बचाव हो सके। साथ ही, मुख्यमंत्री सहयोगिता योजना के तहत कुपोषित बच्चों के परिजनों को गाय सौंपने की प्रक्रिया में प्रगति लाने निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निदेशालय को समय पर डिमांड भेजने के निर्देश दिए। वहीं, सर्दियों के मद्देनजर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पुराने बोरे से काऊ कोट बनाने की योजना को प्रोत्साहित किया, जिससे न केवल गोवंश को गर्माहट मिलेगी, बल्कि स्थानीय महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने वृहद गौशाला जुगराजपुर और नुनवई को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाए।

उन्होंने मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि यदि यूनिट में कोई चिकित्सक छुट्टी पर जाता है तो इसकी जानकारी सुनिश्चित की जाए और सेवा में कोई बाधा न आने पाए। इसके अलावा, मत्स्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग को अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित रहे, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंच सके।

# मीटिंग में एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को लंबित मामले निपटाने के दिये निर्देश

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**उप** जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों तथा राजस्व समस्याओं के मामलों को जल्द निपटाने के लिए जोर दिया गया। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में लेखपालों को निर्देश देते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए।

उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुरा बंटवारे की जो पत्रावलियां लम्बित है उनमें रिपोर्ट तैयार कर नियत तिथि से पहले न्यायालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मार्ग निर्देशन के मुताबिक निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम को निष्पक्षता तथा ईमानदारी से निपटाया जाए।

बैठक में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायाब तहसीलदार तारा शुक्ला, चंद्रमोहन शुक्ला, नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक प्रमोद दुवे, अनूप तिवारी, रामराजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रियंका सिंह, अमित कुशवाहा राघवेन्द्र निरंजन, एसके महान, शिव मंगल पाठक,सलीम खान, मतदाता पंजीकरण केंद्र प्रभारी शशांक कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, फरार की तलाश

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव में घर के सामने महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। महिला महिला गंभीर रूप से घायल हो गई,जिसे सीएचसी में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। शनिवार की देर शाम गाँव निवासी जमुना प्रसाद की पत्नी निर्मला 50 वर्ष नल पर पानी भरने जा रही थी।तभी पारी की ओर से आ रहे बाइक चालक ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जगतपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के डॉक्टर मनीष मिश्रा ने बताया कि महिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है, बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

# नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार की मूर्ति स्थापना करायी गयी

**जालौन, उरई।** मोहल्ला फर्दनवीस में नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार के साथ मां दुर्गा व हनुमानजी की मूर्ति स्थापना को लेकर नगर में गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के बाद मंदिर में हवन, पूजन व वैदिक रीति रिवाज के साथ मूर्ति की स्थापना की गई।

नगर के मोहल्ला फर्दनवीस में महादेव सर्वेश्वर महाराज के मंदिर का निर्माण कराया गया है। काशीनाथ निवासी लोकतंत्र सेनानी रहे ओमप्रकाश श्रीवास्तव के पुत्रों द्वारा निर्मित कराए गए मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी, मां दुर्गा व हनुमानजी की मूर्ति स्थापित थी। मंदिर में स्थापित कुछ मूर्तियां खंडित हो गई थीं। मंदिर में नई मूर्तियों की स्थाना के लिए रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में स्थापना स्थल से हुआ। मंदिर से निकली शोभायात्रा पानी की टंकी, टाउन बिजली, झंडा चौराहा, द्वारिकाधीश मंदिर, बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी होते हुए साहनी वाली गली से पुन: मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में भक्त भजनों की मधुर ध्वनि पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। महिलाएं नाच गाकर ताली बजाते हुए चल रही थीं। मंदिर में स्थापित हो रही मूर्ति की जिस गली से होकर शोभायात्रा निकल रही थी दर्शक मूर्ति स्वरूप को देखकर भाव विभोर हो रहे थे और शोभायात्रा पर फूल बरसाकर स्वागत कर रहे थे। डीजे की धुनों पर गाते थिरकते हुए भक्त शोभायात्रा के साथ स्थापना स्थल पर पहुंचे। जहां विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित चंद्रशेखर त्रिपाठी ने हवन पूजन कर मूर्तियों की स्थापना कराई।

इस मौके पर अवनींद्र कुमार श्रीवास्तव, आलोक कुमार, अंकुर, केशव, नीतू गुर्जर, आशीष सोनी, अरविंद, पप्पू पाटकार, निशा, सोनिया, कंचन आदि भक्त मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## उप चुनाव के लिए 10 दरोगा, 100 व 25 महिला सिपाही रवाना

**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 हेतु चुनाव कराने हेतु पुलिस बल को झंडी दिखाकर जनपद अम्बेडकरनगर रवाना किया गया। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह द्वारा विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 हेतु जनपद अम्बेडकरनगर में होने वाले विधानसभा उपनिर्वाचन (277-कटेहरी) मतदान हेतु चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस लाइन संतकबीरनगर में पुलिस बल को ब्रीफ करके हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । जनपद संतकबीरनगर से चुनाव ड्यूटी हेतु 10 उपनिरीक्षक, 100 मुख्य आरक्षी / आरक्षियों व 25 महिला आरक्षियों को लगाया गया है । महोदय द्वारा पुलिस पार्टियों को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में कर्मियों को एकत्र करके चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने हेतु हिदायत दी गयी।

## गंगा आरती व दीपोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती, सिरसिया।** गंगा समग्र के तत्वाधान में रविवार को विकास खण्ड सिरसिया अंतर्गत डगमरा पहाड़ी नाला पर दीपोत्सव व गंगा आरती का आयोजन किया गया इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दीप जलाकर घाट को रोशन किया । इस दौरान मां गंगा की आरती उतार कर भारतीय संस्कृति व सभ्यता को जीवंत रखने का व नदियों के संरक्षण का संकल्प लिया गया। दीपोत्सव का शुभारंभ जिला संयोजक जय प्रकाश मिश्र ने किया इस अवसर पर जिला सह संयोजक संतोष कुमार सोनी जिला शिक्षण संस्था आयाम प्रमुख आत्मा राम वर्मा राम फेरन मिश्र हर शिव सोनी पंकज श्रीवास्तव रमेश गुप्ता रामनिवास सोनू सोनी दिनेश सोनी संतोष गुप्ता उमेश सोनी संदीप कसौधन संत ओम प्रकाश महराज बेचू दयाल मिश्र संतोष महराज देवी प्रसाद पाण्डेय पुजारी काली मंदिर जोखवा बाजार सौरभ मिश्र समेत सैकड़ों संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी भिनगा संतोष कुमार के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 461/2024 धारा 137(2), 96 , 64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त फिरोज अहमद पुत्र मो0 फारूक निवासी ग्राम लक्ष्मन नगर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को मुखविर की सूचना पर मंगल भट्ठा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को भी बरामद कर लिया गया।

## डलमऊ महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ महोत्सव में कलाकारों ने सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य के माध्यम से चार चांद लगा दिए हैं। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से हजारों की संख्या में कलाकारी देख रहे दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। डलमऊ महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ प्रतिनिधि महोत्सव व्यवस्थापक शुभम गौड़ की देखरेख में किया जा रहा है। शुभम गौड़ के अथक प्रयास से ही डलमऊ महोत्सव में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लोग ले पा रहे हैं। डलमऊ महोत्सव का आयोजन 14 से 21 नवंबर तक होना है। जनसंपर्क एवं सूचना विभाग द्वारा लखनऊ के सौजन्य से महोत्सव के तीसरे दिन दुर्गेश्वरी संस्थान बहराइच के द्वारा श्रीकृष्ण, शंकर पार्वती की झांकी सजाकर विभिन्न प्रकार के दृश्य दिखाये गये। दृश्य को देखकर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, वही अंकित राज बरेली के कलाकारों के द्वारा गली गली अंगना सजाएगे सांस्कृतिक गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। नृत्य को देखकर पूरे पंडाल के लोग प्रशंसा पर प्रशंसा करने लगे। वही कवि सम्मेलन मे कवियो द्वारा समां ही बांध दिया कवियो ने अपनी अपनी कविता से श्रोताओ को मग्नमुग्ध कर दिया।

## बोलेरो सवार दरोगा ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**रायबरेली।** एक नौसिखिया दरोगा को गाड़ी सीखना महंगा पड़ गया। एक मोटरसाइकिल सवार को बोलेरो गाडी चलाना सीख रहे एक दरोगा ने टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। रायबरेली जनपद के गदागंज थाना क्षेत्र के बंसी रिहायक बाबा का पुरवा के पास हिट एंड रन का यह मामला सामने आया है। दरोगा प्रेम सिंह बोलेरो गाड़ी चलाना सीख रहे थे तभी गांव से बाइक सवार युवक अपनी बाइक से घर जा रहा था।दरोगा प्रेम सिंह अपनी बोलेरो को संभाल नही पाए और युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारकर दरोगा रुके भी नही और गाड़ी आगे बढ़ाकर चलते बने। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए गौरा सी एच सी ले जाया गया है। जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे रायबरेली के जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया

## युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तेरुखा गांव के पंचायत भवन के पास एक 30 वर्षीय युवक का शव खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। वही ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना डलमऊ पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया वही घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है गई। घटना डलमऊ कोतवाली के तेरुखा गाँव की है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पूरे राना का पुरवा मजरे भीरा गोविंदपुर निवासी बसंत 30 वर्ष पुत्र छेददन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को सुबह धान के खेत में पैरा के पास मिला। युवक के गले और चेहरे पर चोट के निशान थे। ग्रामीण युवक की हत्या होने की आशंका जताते हुए कहा कि इसके पीछे एक विद्यालय के प्रिंसिपल का हाथ होने आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने विद्यालय के प्रिंसिपल पर इस हत्या का आरोप लगाया हैं। फिर हाल इस घटना की किसी भी प्रकार की तहरीर अभी तक नहीं दी गई है । वही डलमऊ पुलिस मौत का सही कारण पता लगाने के लिये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है । इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक ने आत्महत्या कर किया है। फिलहाल इस घटना में अभी तक तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम सामूहिक विवाह के कार्यक्रम की तैयारी का जिला समाज कल्याण अधिकारी ने लिया जायज़ा

**रायबरेली।** रायबरेली में शासन के निर्देश पर होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम की तैयारी का जिला समाज कल्याण अधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जायजा लिया है और आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। आपको बता दे कि जनपद के सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले सात ब्लॉक के गाना काटा मैदान में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी का जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अपने विभाग की टीम के साथ तैयारी का जायजा लिया और संबंधित मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि यह लगभग 305 जोडों की शादी 18 नवंबर को सुबह 10रू00 बजे से कराई जाएगी जिसकी तैयारी का जायजा लिया गया है। शासन के निर्देश पर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की लगभग तैयारी पूरी हो चुकी हैं और जो भी तैयारी बची हुई है वह सुबह सवेरे तक पूरी हो जाएगी इसी पूरे पंडाल में जनपद भर के आए हुए 305 जोडों का विवाह करने का लक्ष्य रखा गया है।

# गोवंश की सेवा ही सच्ची सेवा, गोवंशों को गुड़ खिला किया पूजन



**कदौरा, जालौन।** गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने विकास खंड के ग्राम पंचायत चतेला स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गोवंशो की नियमित देखरेख करें। भूसा, चारा पानी आदि की कमी नही होनी चाहिए। विकासखंड कदौरा के गांव चतेला में रविवार को गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गोशाला पहुंचकर गोवंशों को गुड़ खिला कर फूल माला डालकर पूजन किया। गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, दाने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बेहतर गोशाला संचालन के लिए प्रधान की सराहना की। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) संतोष बाबू गौतम ने बताया कि गोशालाओं में तैनात केयर टेकर दिन व रात्रि में ड्यूटी करते है। पशुपालन की टीम नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करती है। सेक्टर प्रभारियों के साथ साथ नोडल अधिकारी भी बनाए गए है। जो गोशालाओं का निरीक्षण करते है। सभी गौशालाएं सीसीटीवी कैमरों से लैस है। आयोग के सदस्य ने नगर पंचायत द्वारा संचालित कान्हा गोशाला और क्षेत्र की खुटमिली गांव स्थित गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी। इस दौरान प्रधान मोहम्मद आवेश, सचिव अर्चना प्रजापति, मनोज वर्मा, रामसिंह, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नगर में गौरव ताईबाई की प्रतिमा देवनगर चौराहे पर ही लगाई जानी चाहिए: सिंह

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**ऐतिहासिक** व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। उनकी स्मारक लोगों को इतिहास से परिचित कराते हैं। इसलिए नगर की गौरव रही ताई बाई कर प्रतिमा नगर के देवनगर चौराहे पर लगाई ही जानी चाहिए। यह बात पूर्व आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

पूर्व विधायक चौधरी गरीब दास के आवास पर आयोजित एक बैठक में पूर्व आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व जालौन एक राज्य रहा है। सन् 1840 में महाराजा गोविंदराव की मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने जालौन राज्य को ईस्ट इंडिया कंपनी में मिलाने की घोषणा कर दी। लेकिन जालौन राज्य की जनता और जालौन राज्य की अंतिम शासिका ताईबाई ने इस विलय को स्वीकार नहीं किया। बिठूर के पेशवा नाना धुंधू पंतज ने तात्या टोपे को भेजकर पेशवाई के अधिकार से नाना गोविंद राव की नातिन ताई बाई के पांच वर्षीय पुत्र गोविंदराव को जालौन राज्य का राजा घोषित कर दिया और उनके संरक्षक के रूप में ताई बाई को शासन चलाने की जिम्मेंदारी सौंपी गई।

ताई बाई ने जालौन राज्य में स्वतंत्र क्रांतिकारी सरकार की घोषणा कर दी। अंग्रेजों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ताईबाई ने डटकर अंग्रेजों का मुकाबला किया था। लेकिन अंग्रेजों के संसाधानों के आगे उन्हें पराजित होना पड़ा। इसके बाद भी उन्होंने अंग्रेजों की दासता स्वीकार नहीं की। जिसके बाद अंग्रेजों ने उन्हें बिहार की मुंगेर जेल में जीवन पर्यंत के लिए भेज दिया। 1870 में जेल में ही उनकी मृत्यु हुई।

वहीं अंग्रेजों ने जालौन भव्य किले को नष्ट कर दिया। किले को खोदकर तत्कालीन अंग्रेज अफसर पीजे व्हाइट ने व्हाइट गंज बाजार बना दिया जिसे अब बैठगंज कहते हैं। उन्होंने कहा कि जालौन राज्य के लिए जान देने वाली क्रांतिकारी शासिक का अंग्रेजों ने इतिहास में स्थान नहीं दिया।

लेकिन अब उन्हें याद किए जाने की आवश्यकता है। ताकि आने वाली पीढ़ियां उनसे पराक्रम से परिचित हो सकें। ऐसे में नगर के देवनगर चौराहे पर न सिर्फ उनकी प्रतिमा लगाई जाए बल्कि उनके ऐतिहासिक पराक्रम से भी लोगों को परिचित कराया जाए। बैठक का संचालन कैलाश पाटकार ने किया। इस मौके पर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदुम्न दीक्षित, एके त्रिवेदी, भगवती प्रसाद मिश्रा, योगेंद्र राठौर शशिकांत आदि अन्य मौजूद रहे।

# जिले में स्थापित सभी आरओ वाटर प्लांट की होगी जांच-खाद्य सुरक्षा आयुक्त

**● उचित टीडीएस न देकर उपभोक्तओं के सेहत के साथ कर रहे है खिलवाड़, रोजाना पानी का टीडीएस डायरी मे होना चाहिये दर्ज, नियम कानून को ताक में रखकर संचालित है आरओ वाटर प्लांट**


आरओ वाटर प्लांट

**हमीरपुर।** जिले में संचालित करीब डेढ़ दर्जन आरओ वाटर प्लांट उचित टीडीएस युक्त पेयजल मुहैया कराने के नाम पर लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे है। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त दिवतीय ने सभी आरओ वाटर प्लांटों की जांच कराने का आश्वासन दिया है। जिले में शुद्ध पानी मुहैया कराने के लिये जिले में करीब डेढ़ दर्जन आरओ प्लांट संचालित है पेयजल की टीडीएस (टोटल डिजाल्व सालिड) कम से कम सौ होना चाहिये इससे कम नही होना चाहिये ज्यादा हो जाये तो नुकसान नही होता है। इसके स्थापना के लिये अनुमति लेना चाहिये यही नही पानी के बोर के लिये भी लाइसेंस होना चाहिये टीडीएस कितना होना चाहिये इसके लिये एक व्यक्ति तकनीकि जानकार होना चाहिये। पानी में तमाम ऐसे तत्व होते है जो उनको नष्ट करने से बचाना चाहिये जो मिनरल नष्ट करना होता है उनको ही नष्ट होना चाहिये मगर ऐसा कुछ नही हो रहा है। विभाग के डीओ डा. गौरीशंकर का कहना है कि विभागीय टीम लगाकर मामले की जांच करायी जायेगी। ताकि लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ न हो सके। वही विभाग के मुख्य खाद्य निरीक्षक मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि जो लोग आरओ प्लांट स्थापित किये है उनको चाहिये कि हर रोज तिथिवार पानी की टीडीएस नोट करना चाहिये क्योकि जांच में यह देखा जा सके कि संबंधित वाटर प्लांट से कब कितना टीडीएस जा रहा है वह सेहतत के लिये उचित है या नही उनका कहना है कि आरओ वाटर खुला पानी है इसका सैम्पल नही भरा जा सकता है यदि पाउच में बिकता होता तो इसका सैंपल भरने का नियम है फ्लिहाल आरओ वाटर प्लांट के सेहतकी सुरक्षा की दृष्टि से बहुत नियम कानून कायदे है। जिनका पालन करना आवश्यक होता है।

# अलर्टः जिले भर में सरकारी, निजी अस्पतालों में अफसरों ने परखी अग्नि सुरक्षा की व्यवस्था

**● जिला अस्पताल पहुंचे सीडीओ, अग्नि व विद्युत सुरक्षा इंतजामों को परखा, दिए निर्देश**

**●सीडीओ संग सीएमओ, सीएफओ ने भी देखे सुरक्षा इंतजाम**

**लखीमपुर खीरी।** चिकित्सालयो में विद्युत सुरक्षा और फायर सेफ्टी प्रबंध को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएफ्ओ डॉ एआर शर्मा संग जिला अस्पताल मोतीपुर (ओयल) एवं सभी एसडीएम, एमओआईसी ने अपने तहसील क्षेत्र के सरकारी और निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। अग्नि सुरक्षा और विद्युत सुरक्षा के इंतजामों को परखा। सीडीओ अभिषेक कुमार पूरे दलबल के साथ अचानक जिला चिकित्सालय पहुंचेए अस्पताल में सीडीओ के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने आग से निपटने के लिए लगाए गए फायर यंत्रों की जांच की। सीडीओ ने खुद अस्पताल में लगे सेंट्रल फायर सिस्टम को चेक किया और उचित दिशा निर्देश दिए। वार्डों में लगाए गए अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की गई और जिसमें उनके एक्सपायरी भी देखी गई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने सीएमएस को निर्देशित किया कि अस्पताल में सुरक्षा मानकों, इमरजेंसी हालात से निपटने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। अधिकारियों ने अस्पतालों में आग बुझाने संबंधी व्यवस्थाओं का लिया जायजा लेकर पैरामेडिकल स्टाफको समय समय पर अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने जिला चिकित्सालय में 02 दिन के भीतर फायर सेफ्टी ड्रिल करने के निर्देश दिए। क्रमशः एनआरसी, चिल्ड्रन वार्ड, पीकू वार्ड में विद्युत एवं अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल की। भर्ती बच्चों के संबंध में तिमारदारों एवं प्रभारी सीएमएस डॉ आरपी वर्मा से जानकारी ली। उन्होंने फायर पंप का भी जायजा लिया। पंप चलाकर जहां.जहां लीकेज आदि की समस्या दिखे उसे तत्काल दुरुस्त कराए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सालय में फायर सेफ्टी के लिए अत्याधुनिक उपकरणों की क्रियाशीलता को भविष्य में भी सुनिश्चित रखा जाए। जिलेभर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी चिकित्सालय में एसडीएम की अगुवाई में एमओआईसीए अग्निशमन विभाग के उत्तरदाई अफ्सरो ने विद्युत एवं फायर सेफ्टी प्रबंधन की जमीनी हकीकत जानी और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने सीएफ्ओ के साथ निजी चिकित्सालय अनुपम नर्सिंग होम गुप्ता नर्सिंग होम सृजन नर्सिंग होम सहित अन्य चिकित्सालयों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के संबंध में गहन पड़ताल की।

## तहसील स्तर पर टीमें गठित, करेंगी फायर एवं विद्युत ऑडिट

डीएम ने जनपद लखीमपुर.खीरी के समस्त सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों का फॉयर एवं विद्युत ऑडिट कराये जाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक तहसील स्तर पर टीमें गठित की गई है।

# प्रयागराज मण्डल अध्यक्ष का पत्रकारों ने किया स्वागत

**फतेहपुर।** प्रेस क्लब ऑफ यूपी की आवश्यक बैठक में प्रयागराज मण्डल के कार्यवाहक अध्यक्ष रियाज अहमद का पत्रकारों ने माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। उधर बैठक में संगठन मजबूती पर जहां चर्चा की गई वहीं निर्णय लिया गया कि भीषण ठण्ड में चिन्हित जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। प्रेस क्लब ऑफ यूपी की बैठक जिलाध्यक्ष मो. शमशाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मेराज उद्दीन महताब ने शिरकत की। संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य पत्रकारों ने भी हिस्सा लिया। सर्वप्रथम प्रयागराज मण्डल के नवमनोनीत कार्यवाहक अध्यक्ष रियाज अहमद का उपस्थित पत्रकारों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने कहा कि भीषण ठण्ड का समय नजदीक आ रहा है, जितने भी पदाधिकारी संगठन में हैं वह सभी अपने-अपने मुहल्ले के जरूरतमंदों को चिन्हित कर लें और उनकी सूची संगठन को उपलब्ध कराएं। जिससे उन्हें भीषण ठण्ड के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। संगठन की ओर से जरूरतमंदों की समय-समय पर सेवा की जा रही है और यह सेवा आगे भी अनवरत जारी रहेगी। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री श्री महताब ने कहा कि संगठन में एकता जरूरी है, और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कुनबे को और बढ़ाया जाएगा। जल्द ही सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी। बैठक के अंत में नवमनोनीत कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष श्री अहमद ने सभी का आभार जताया। उन्होने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर काम करें। जिससे संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। संचालन जिला महामंत्री अनिल श्रीवास्तव ने किया।

# खनिज अधिकारी ने ट्रक मालिक के सिर पर डंडा मार कर किया जख्मी

**● कानपुर भर्ती, डीएम ने जांच कमेटी गठित कर चौबीस घंटे के अन्दर रिपोर्ट देने को कहा**


पुलिस को बयान देते ट्रक मालिक

**हमीरपुर।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात मौरंग भरे वाहनों की जांच कर रहे खनिज अधिकारी व ट्रक मालिक के मध्य पैसे को लेन देन को लेकर हुये विवाद में खनिज अधिकारी ने ट्रक मालिक के सिर पर डंडा से वार कर दिया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गयेएगंभीर हालत में ट्रक मालिक को कानपुर में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है वही जिलाधिकारी ने रविवार को एडीएम की अध्यक्षता मे दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाकर जांच के आदेश कर दिये हैण्वही ट्रक मालिक ने कोतवाली पुलिस से खनिज अधिकारी की लिखित शिकायत की है। स्थानीय गौरा देवी मोहाल निवासी महेश शर्मा के कई ट्रको के मालिक है। शनिवार देर रात खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव ट्रको की जांच कर रहे थे तभी कुछेछा चौकी के पास ट्रक मालिक वही से गुजर रहे थे पीडित महेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि जिला खनिज अधिकारी ने उनसे दस लाख रुपये मांगे थे जैसे ही उन्होने सिर झुकाकर पैसे के लिये माफी मांगने लगे वैसे ही खनिज अधिकारी ने सिर पर डंडा से कई वार कर दिया जिससे सिर उनका फट गया और वह बुरी तरह जख्मी हो गये। महेश शर्मा को आनन फानन जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया जहा पर डाक्टरों ने उन्हे कानपुर रिफर कर दिया है। महेश शर्मो को कानपुर रिजेंसी अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया है। जहा पर उनकी हालत नाजुक बतायी जाती है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मामले को गंभीरता से लेते हुये अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी व अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता को जांच सौपी है जांच रिपोर्ट चौबीस घंटे में देने को कहा है। वही एडीएम वित्त श्री तिवारी का कहना है कि जांच की जा रही है साक्ष्य जुटाये जा रहे है जो दोषी होगा उसके खिलाफकडी कार्यवाही की जायेगी। पैसे को लेन देन को लेकर खनिज विभाग व मौरंग व्यापारियो के मध्य आय दिन विवाद होता रहता है। अब मारपीट की नौबत आ गयी है। इसके पहले भी कई मर्तवा विवाद व्यापारियो से हो चुका है। खनिज विभाग का कहना है कि मौरंग व्यापारी विना रवन्ना के मौरंग विक्री के लिये ले जाते है यदि इसमे रोकथाम लगायी जाती है तो लोग इसका विरोध करते है जिससे विवाद होता रहता है।

## जांच में खनिज अधिकारी को मिली क्लीन चिट, मारपीट व लेन देन की कोई पुष्टि नहीं

**हमीरपुर।** खनिज अधिकारी द्वारा ट्रक मालिक के साथ मारपीट के मामले में जांच कमेटी ने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया मारपीट की कही पुष्टि नही हो रही है न ही कोई लेन देन का मामला सामने आ रहा है। कमेटी का कहना है कि ट्रक मालिक द्वारा खनिज अधिकारी के फोन पर सात मर्तवा काल किया था मगर उन्होने उठाया नही था,वही महेश शर्मा की तीन ट्रको का चालान ओवर लोड व बिना रायल्टी के संचालन को लेकर किया जा चुका है। इसके पहले भी गाड़ियों का चालान किया जा चुका है। कमेटी का कहना है कि जांच चल रही है। मगर ट्रक मालिक को चोट कैसे लगी इसका रिपोर्ट में कोई जिक्र नही किया गया है। जांच में खनिज अधिकारी को क्लीन चिट मिल गयी है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी रामकुमार की मृत्यु, झाड़ियों में मिला था शव

**राठ (हमीरपुर)।** दो दिन पहले हमीरपुर मार्ग स्थित धनौरी मंडी के झाड़ियों में बाइक सवार युवक का शव खून से लथपथ मिला था। रविवार को युवक की शिनाख्त हो गई है। स्वजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो जाने की बात कही है। शुक्रवार की दोपहर हमीरपुर रोड स्थित धनौरी मंडी के पास झाड़ियों में बाइक सहित 35 वर्षीय युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। वहां से निकल रहे ग्रामीणों ने घायल युवक को पड़ा देख एंबुलेस को सूचना दी थी। एंबुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी लाई थी। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह ने युवक को मृत घोषित कर दिया था। युवक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया था। रविवार को युवक की शिनाख्त कोतवाली के धनौरी गांव निवासी 35 वर्षीय रामकुमार पुत्र भवानी दीन पाल के रुप में हुई। मृतक के छोटे भाई दिनेश पाल ने बताया कि शुक्रवार को पूर्णिमा के दिन देवरा गांव में अपनी बहन मन्नू के यहां बाइक से टटिया खोलने जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई है। बताया कि शाम तक वह बहन के पास नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन की। बताया कि रविवार को सोशल मीडिया पर फोटो के माध्यम से उसके भाई की पहचान हुई है।

### रोडवेज बस की चपेट में आकर पिता-पुत्र गंभीर

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के सुजरही गांव के समीप एनएच-2 में रविवार की दोपहर रोडवेज बस की चपेट में आ जाने से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमांव निवासी ननकू का 55 वर्षीय पुत्र राम किशोर अपने 23 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार के साथ बाइक से रिश्तेदार को देखने जा रहा था। जैसे ही ये लोग सुजरही मोड़ के निकट पहुंचे तभी तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आकर घायल हो गए। घायल पिता-पुत्र को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने दोनों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कैंची मोड़ के समीप रविवार की सुबह ड्यूटी पर आ रहे 45 वर्षीय बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा निवासी राम शंकर का पुत्र श्रीकांत पटेल मेडिकल कालेज में गार्ड के पद पर तैनात है। बताते हैं कि आज सुबह वह बाइक से ड्यूटी आ रहा था। जब वह कैंची मोड़ के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### दो दिन बाद गंगा में डूबे किशोर का शव बरामद

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बरी में दो दिन पूर्व गंगा में डूबे 11 वर्षीय किशोर का शव रविवार की सुबह घटनास्थल वाली जगह से गोताखोरों ने बरामद किया है। थाना क्षेत्र के आलमपुर नरही खेरूवा गांव निवासी दिलीप निषाद का पुत्र पियूष अपनी मां छेदाना व भाई हिमांशु के साथ 15 नवंबर को ननिहाल बरी गांव गया था। मां व दोनों बेटे गंगा में नहाने चले गए तभी तीनों डूबने लगे। जिस पर आस-पास के लोगों ने महिला को तो बचा लिया जबकि दोनों भाई गंगा में डूब गए। उसी दिन रायबरेली जनपद के अंतर्गत हिमांशु का शव गोताखोरों ने बरामद कर लिया था जिसका पोस्टमार्टम हो चुका है। वहीं गोताखोर पियूष के शव की खोजबीन में लगे रहे। दो दिन बाद रविवार की सुबह लगभग आठ बजे उसी स्थान पर गोताखोरों ने शव बरामद कर लिया है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** खागा रेलवे स्टेशन के समीप रविवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आ जाने से 55 वर्षीय अधेड़ अज्ञात की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

### मंडल कार्यशाला में संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

**फतेहपुर।** भाजपा के संगठनात्मक संरचना कार्यों को गति प्रदान करने को लेकर रविवार को एक मंडल कार्यशाला शीतला माता मंदिर परिसर विजयीपुर में आयोजित हुई। मंडल संगठन पर्व सहयोगी (मंडल चुनाव अधिकारी) के रूप में जिला उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपस्थित शक्ति केन्द्र संगठन पर्व सहयोगियों को पार्टी के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के तिंगाई गॉव में अकबरपुर से आ रहे गलुवापर निवासी युवक की सडक के किनारे पेशाब करने के दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। रूरा चौकी इॅर्चाज राकेश कुमार सिंह ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसिफ पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम गलुवापुर थाना डेरापुर, कानपुर देहात शनिवार की रात्रि करीब 11 बजे अकबरपुर से वापस अपने घर की ओर जा रहा था, रास्ते में तिंगाई गॉव के पास उसे लघुशॅका महसूस हुयी, जिस पर उसने सडक के किनारे खडे होकर लघुशॅका करना शुरू ही किया था, उसी समय वहॉ से एक ट्रैक्टर गुजरा, ट्रैक्टर के ट्राला की चपेट में आसिफ के आने से वह बुरी तरह घायल हो गये, सूचना पर रूरा चौकी इॅर्चाज राकेश कुमार सिंह तत्काल मौके पर पहॅुचे तथा घायल युवक को उपचार के लिये अस्पताल ले गये, जहॉ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान' की महिला टीम रवाना


फ्लैग ऑफकरके टीम को रवाना करते डीएम व अन्य।

**कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रभागीय वनाधिकारी हेमन्त सेठ एवं सीएमओ, बीएसएफ डॉ. प्रवीण कुमार झा, कमांडेड इन चीफ मनोज सुंदर पाल की उपस्थिति में गंगोत्री से प्रारंभ होकर गंगा सागर तक जाने वाली 'ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान' की महिला टीम को बड़े हर्षोल्लास के साथ विदाई कर मेंहदीघाट से रिवर राफ्टिंग टीम को फ्लैग ऑफ करके कानपुर नगर के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने टीम को जनपद का इत्र भेट किया।

डीएम ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वाधान में गंगोत्री से गंगासागर के लिए बीएसएफमहिला जवानों का दल एक ऐतिहासिक यात्रा के लिए मां गंगा की गोद में निकला है। पूरी टीम राफ्टिंग के माध्यम चल रही है और जो महत्वपूर्ण स्थान हैं। लोगों से मिलकर दो संदेश दे रहे हैं। जिसमे एक मां गंगा की निर्मलता व अविरलता बनाये रखने और दूसरा 'महिला सशक्तिकरण' हेतु महिलाओं को स्वालंबन की बढ़ावा देना है। एक दल कन्नौज में रुककर कन्नौज के इत्र व कल्चर, भूमि, पर्यावरण का अनुभव लिया। बच्चों के उत्साह बर्धन व महिलाओं के मोटिवेशन हेतु कई कार्यक्रम हुए जिसमें राफ्टिंग टीम की बालिकाओं/महिलाओं ने अपना-अपना अनुभव भी साझा किया। ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान टीम अगले पढ़ाव के लिए जनपद कन्नौज से प्रस्थान कर रही है, उनकी यह मेहनत निश्चय रूप से मां गंगा की निर्मलता व अविरलता और महिलाओं को जागरूक करने में सहायक बनेगी। इस अवसर पर जोन-3 कमांडेंट दिनेश सिंह, असिस्टिंट कमांडेट विकास सिंह, महिला लीडर सुश्री प्रिया मीणा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह सहित बीएसएफ के जवान व छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

# नान वेंडिंग जोन में रेहड़ी दुकानदार सड़कों पर लगता जाम

**● पालिका ने वेंडिंग व नान वेंडिंग जोन बनाए लेकिन बेमकसद**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**शहर** में रेहड़ी दुकानदारों को सड़क फुटपाथों से हटकर सुरक्षित स्थान ले जाने की कवायद फेल होती नजर आ रही है। करीब चार वर्षों से चल रही कवायद फाइलों में ही कैद होकर रह गई है। शहर वेंडिंग और नान वेंडिग जोन बनाए गए, इसके बाद भी सड़कों और फुटपाथों पर ठेली दुकानदार अड्डा जमाए बैठे है। इससे सड़कों पर जाम लग रहा है। शासन के आदेश के बाद नगर पालिका ने शहर की सड़कों पर नान वेंडिंग और वेंडिंग जोन में बांटा था। शहर की आईटीआई रोड को वेंडिंग जोन बनाया गया था। नान वेंडिंग जोन में अभी तक ठेली दुकानदारों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट नहीं किया जा सका है। ठेली दुकानदारों का कहना है कि वेंडिंग जोन में सुविधाएं नहीं है जबकि पालिका कहती है कि ठेली दुकानदारों को वेंडिंग जोन में लाने का प्रयास किया गया लेकिन ठेली दुकानदार आने को तैयार नहीं हैं। रेलवे रोड, राधानगर रोड, कलेक्टरगंग रोड, शादीपुर आदि स्थानों पर ठेली दुकानदार सड़कों और फुटपाथों पर ठेलियां लगा रहे हैं, किसकी वजह से सड़कों पर जाम लग रहा है। अगर ठेली दुकानदारों को वेंडिंग जोन में भेजा जाए तो शहर में लगने वाले जाम से निजात मिल सकती है। खासकर शाम पहर फुटपाथ और सड़क पर दर्जनों दुकानें सजती हैं शाम के समय यहां से होकर निकलना मुश्किल होता है। लेकिन इसके बाद न तो पुलिस कुछ कर रही है और न ही पालिका इस ओर कोई ध्यान दे रही है।

# दुर्गा माता की स्थापना पर प्रसाद वितरण का आयोजन

**● शोभायात्रा में जय माता दी के उद्घोष से भक्तिमय हुआ नगर**

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज


नगर में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

**नगर** के मोहल्ला रामगंज बाईपास पार्क में स्थित भगवान बजरंग बली मंदिर में दुर्गा माता की प्रतिमा के स्थापना से पूर्व श्रद्धालुओं ने नगर में शोभायात्रा निकाली। जिसमें प्रमुख मार्गों पर भ्रमण के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। जिसके बाद महंत द्वारा विधि विधान से पूजा बंदना कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराकर कन्याभोज के बाद परसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी भैयालाल प्रजापति द्वारा बाईपास पार्क में कई वर्ष पूर्व भगवान बजरंग बली के मंदिर का निर्माण करवाया गया था। रविवार को श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल की होली खेलते हुये दुर्गा माता प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो कि नगर के फ्तेहगढ रोड, रामगंज होते हुये हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन किया गया। जिसके बाद महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कर देवी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराकर स्थापित कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय माता दी के गगनभेदी जयकारे लगाए। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा कन्या भोज के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बडे प्रजापति, छोटे प्रजापति सहित तमाम श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# खोदे जा रहे गड्ढे से रेलवे टेलीकॉम की केबल ध्वस्त

**● मौके पर पहुंचे रेलवे के अफ्सर व सीओ, कोतवाल**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**नगर** पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्ड अस्ती के समीप चल रही प्लाटिंग में विद्युत लाइन खींचने के लिए खोदे जा रहे गड्ढे के कारण रेलवे टेलीकॉम की केबल ध्वस्त हो गई। जिससे कार्य बाधित हो गया। इसकी जानकारी जब रेलवे विभाग के अफ्सरों को मिली तो वह तत्काल मौके पर पहुंचे और देर रात तक केबल दुरूस्त करने का कार्य चलता रहा। मामले की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी समेत कोतवाली इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंचे।

अस्ती के समीप होने वाली प्लाटिंग के लिए बिजली विभाग द्वारा स्टीमेट बनाया गया था। जिसके बाद सम्बंधित द्वारा लाइन के लिए पोल गड़वाए जाने का काम करवाया जा रहा था लेकिन रेलवे लाइन के समीप काम करवाए जाने के दौरान विभाग से एनओसी न लिए जाने के चलते जानकारी न होने पर हाइड्रा में फंसकर रेलवे टेलीकॉम का तार कट गया। तार टूटते ही काम कर रहे कर्मचारी मौके से फरार हो गए। वहीं तार कटने के कारण टेलीकॉम विभाग का काम बाधित होने पर टेलीकॉम विभाग के अफ्सरों के साथ ही आरपीएफ से एसआई दीपक कुमार, सीओ सिटी व इंस्पेक्टर कोतवाली पहुंचे। जहां मामले की जानकारी लेने के बाद सम्बंधित पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। वहीं रात भर केबल को दुरुस्त किए जाने के लिए रेलवे के कर्मचारी डटे रहे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की उठी सिफारिश

**● जनपद रत्न मरणोपरांत, पत्रकार रत्न, समाज सुधारक, शिक्षक, डॉक्टर किए गए सम्मानित**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**पत्रकार** एवं सामाजिक हितों पर काम करने वाले संगठन साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले भारतीय प्रेस दिवस के अवसर पर पत्रकार विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें पत्रकारों ने शिरकत करते हुए पत्रकार एवं पत्रकारिता जगत के संरक्षण तथा संवर्धन की बातों पर जोर देते हुए निर्धारित विषय राष्ट्र में मीडिया की भूमिका एवं डिजिटल मीडिया के अवसर पर चर्चा की। साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की सिफारिश हुई। साइबर जर्नलिस्ट एसो. के बैनर तले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप में देश के नामचीन पत्रकार मनोज मिश्रा के साथ ही विशिष्ट अतिथियों में नवलकांत सिंहा, संपादक हेमंत तोमर, प्रेस कोर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि चक्र के साथ ही युवा चर्चित समाजसेवी आशीष तिवारी के साथ ही जनपद के साथ अन्य जनपदों के पत्रकारों ने भी शिरकत किया।

कार्यक्रम का आयोजन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने किया। संचालन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। संगठन ने जनपद के विकास में सराहनीय कार्य करने वाले पत्रकारों, समाज सुधारकों, शिक्षकों, डाक्टरों व प्रधानों को मंच से सम्मानित किया। साथ ही मरणोपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बासुदेव दीक्षित, राजनीतिज्ञ स्व. जागेश्वर प्रसाद, पत्रकार एवं राजनीतिज्ञ खान गुफ्रान जाहिदी, पत्रकार स्व0 दुर्गा शंकर जायसवाल एवं राजनीतिज्ञ स्व0 मुन्ना लाल मौर्य को जनपद रत्न सम्मान दिया गया। इसी कड़ी में शिक्षक रत्न का सम्मान कई अवार्ड से सम्मानित शिक्षिका आसिया फारूकी एवं आनंद मिश्रा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज मिश्रा ने मीडिया की कठिनाइयों का व्याख्यान करते हुए सहयोग दिए जाने की बात कही।

कार्यक्रम आयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी ने भविष्य में और बड़ा कार्यक्रम करते हुए जनपद के महाविभूतियों का सम्मान करने की बात कही। जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, प्रवक्ता प्रदीप कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने आए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर संगठन की राष्ट्रीय सचिव प्रियंका, शिवकुमार मौर्या, कर्म मोहम्मद, सोनू वर्मा, प्रदीप कुमार, रवि सिंह चौहान, धीर सिंह यादव, अभिमन्यु मौर्या, ओमनारायण विश्वकर्मा, महेश चौधरी, ताज आब्दी, नाजिया परवीन के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।


पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 18 नवम्बर 2024



# एक और नवजात ने दम तोड़ा

## झांसी मेडिकल कॉलेज में आग





**झांसी।** (भाषा) उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में आग लगने के दौरान बचाए गए बच्चों में एक बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे मृत नवजातों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार रात करीब पौने 11 बजे महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया था कि हादसे में बचाए गए 38 नवजात बच्चों का उपचार किया जा रहा है। कुमार ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया, तीन नवजात की हालत गंभीर बताई गई थी जिनमें से एक नवजात की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत नवजात बच्चों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बच्चे की मौत जलने की वजह से नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बच्चों का उपचार किया जा रहा है उनमें से कोई भी जलने की वजह से जख्मी नहीं है। उन्होंने बताया कि ए वे बच्चे हैं जिन्हें अस्पताल के कर्मचारियों ने बचाया था। कुमार ने बताया कि एनआईसीयू में भर्ती बच्चों की हालत गंभीर है। जिलाधिकारी ने पत्रकारों को यह भी बताया कि उन्होंने रविवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और पीआईसीयू में भर्ती बच्चों का हालचाल जाना तथा उनके परिजनों से भी बात की। उन्होंने कहा, "मैंने डॉक्टरों से बात की है और बच्चों की हालत स्थिर है" कुमार ने कहा, "मृत 10 बच्चों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक बच्चा हमारे पास था और एक परिवार बच्चे पर दावा कर रहा था। चूंकि कल सत्यापन नहीं हो सका था, इसलिए आज सत्यापन किया गया। सत्यापन के बाद बच्चे को दावा करने वाले परिवार को सौंप दिया गया। अब कोई बच्चा लापता नहीं है" सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित एक सवाल पर कुमार ने कहा कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में लगी आग की जांच के लिए शनिवार को चार सदस्ईय समिति बनाई है। उत्तर प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा ने इस घटना के संबंध में शनिवार को चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक की अध्यक्षता में चार सदस्ईय जांच समिति गठित करने की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना की जांच के लिए गठित समिति तीन बिंदुओं पर जांच करेगी। समिति को प्राथमिक कारण, किसी भी प्रकार की लापरवाही या दोष की पहचान करना और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं के बचाव के लिए सिफारिशें देने का दायित्व सौंपा गया है। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक की अध्यक्षता में निदेशक (स्वास्थ्य) चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं, अपर निदेशक, विद्युत चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं और महानिदेशक अग्निशमन द्वारा नामित अधिकारियों को समिति में शामिल किया गया है।

प्रमुख सचिव ने जांच समिति से कहा है कि वह अपनी जांच रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर शासन को उपलब्ध कराए। इस बीच, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने झांसी की घटना का सात संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को शनिवार को नोटिस जारी कर एक हफ्ते के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरूल हसन ने पीटीआई वीडियो से कहा कि आयोग ने झांसी में बच्चों की मौत पर संज्ञान लिया है तथा सवाल यह है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसी एजेंसी या संगठन को कितनी गंभीरता से लेती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हालात बेहतर नहीं हैं तथा प्रदेश में बच्चों की मौत हुई है और भाजपा सरकार को इन सवालों का जवाब देना पड़ेगा।

# पवार साहेब को छोड़ना पड़ा क्योंकि विधायक विकास कार्यों के लिए सरकार से जुड़ना चाहते थे: अजित पवार



**बारामती।**(भाषा) महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को कहा कि उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक और अपने चाचा शरद पवार से इसलिए अलग होना पड़ा क्योंकि पार्टी के सभी विधायक रुके हुए विकास कार्यों को पूरा करने के लिए एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल होना चाहते थे। अजित पवार और आठ विधायकों के शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद पिछले साल जुलाई में राकांपा दो धड़ों में बँट गई थी। निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद अजित पवार को पार्टी का नाम और घड़ी चिह्न मिल गया था जबकि शरद पवार की अगुवाई वाले धड़े का नाम राकांपा (शरदचंद्र पवार) रखा गया और उसे तुरही बजाता व्यक्ति का चिह्न दिया गया। बारामती में प्रचार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, आप सोच रहे होंगे कि मुझे इस उम्र में पवार साहेब को नहीं छोड़ना चाहिए था। मैंने साहेब को नहीं छोड़ा। मैंने उनसे कहा कि यह सभी विधायकों की राय है कि हमें (शिंदे) सरकार में शामिल होना चाहिए क्योंकि हमने (महा विकास आघाडी सरकार के तहत) जिन कई विकास कार्यों को मंजूरी दी थी, उन्हें रोक दिया गया है। विधायकों ने (सरकार में शामिल होने के प्रस्ताव के समर्थन में) हस्ताक्षर भी किए। राकांपा प्रमुख ने जनसभा में एकत्रित लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में शरद पवार और उनकी बेटी एवं सांसद सुप्रिया सुले का समर्थन किया था। इस साल के लोकसभा चुनाव में सुले ने बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को आसानी से हरा दिया था। अजित पवार ने कहा, अब, मुझे समर्थन दीजिए। मैं यहां कल एक रैली में भाग लूंगा और पवार साहेब भी एक रैली करेंगे। मैं आपके सामने अपने विचार रखूंगा।

# डीजीपी की नियुक्ति के लिए उत्तराखंड सरकार भी उप्र की प्रक्रिया अपनाए: अंतरिम डीजीपी

**देहरादून।** उत्तराखंड के अंतरिम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने प्रदेश पुलिस अधिनियम 2007 के प्रावधानों का हवाला देते हुए राज्य सरकार से उत्तर प्रदेश की तरह पुलिस प्रमुख पद पर नियुक्ति प्रक्रिया अपनाने का अनुरोध किया। उत्तराखंड में डीजीपी की नियुक्ति के लिए पारदर्शी और स्वतंत्र प्रक्रिया के वास्ते प्रदेश के गृह सचिव शैलेश बगौली को दिए अपने प्रत्यावेदन में कुमार ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के पुलिस प्रमुख की नियुक्ति को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया में संघ लोक सेवा आयोग एवं गृह मंत्रालय की निर्णायक भूमिका है जो उनके विचार से संवैधानिक व व्यवहारिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1996 बैच के अधिकारी कुमार ने इस संबंध में पुलिस अधिनियम 2007 के प्रावधानों की ओर ध्यान दिलाया जिसके तहत राज्य सरकार एक समिति का गठन करेगी जो स्क्रीनिंग के बाद योग्य अधिकारियों का एक पैनल तैयार करेगी और इसमें से ही राज्य सरकार डीजीपी की नियुक्ति करेगी। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि इस पैनल में अधिकारियों की संख्या पुलिस महानिदेशक स्तर के स्वीकृत पदों की संख्या के तीन गुने से अधिक नहीं होगी। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि हाल में उत्तर प्रदेश में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार डीजीपी की नियुक्ति के लिए नए नियम लागू किए गए हैं ताकि पुलिस बल के प्रमुख की नियुक्ति में संवैधानिक व्यवस्था और शीर्ष अदालत के निर्णय के अनुरूप राज्य सरकार की निर्णायक भूमिका बनी रहे। उन्होंने कहा, चूंकि पुलिस व्यवस्था भारतीय संविधान की अनुसूची सात की सूची दो के तहत राज्य विषय है। यह महत्वपूर्ण है कि उत्तराखंड सरकार भी ऐसे नियमों को लागू करने पर विचार करे ताकि डीजीपी की नियुक्ति में पारदर्शिता और स्वायत्तता के साथ राज्य सरकार की निर्णायक भमिका भी सुनिश्चित हो सके। कुमार की डीजीपी के पद पर अंतरिम नियुक्ति पिछले साल 30 नवंबर को की गई थी।

# रियो की अगुवाई में मंत्रिमंडल नगा राजनीतिक मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात करेगा

कोहिमा।भारत सरकार के साथ नगा राजनीतिक मुद्दे के समाधान में देरी के कारण नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम-इसाक मुइवा (एनएससीएन-आईएम) द्वारा जंगलों में वापस जाने की धमकी के बाद नगालैंड के मंत्रिमंडल ने जल्द से जल्द दोनों पक्षों से मिलने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और उपमुख्यमंत्री टी आर जेलियांग तथा वाई पैटन के नेतृत्व में नगालैंड के मंत्रिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल नगा राजनीतिक मुद्दे के समाधान में तेजी लाने के लिए दबाव बनाने के वास्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के लिए सोमवार को दिल्ली रवाना होगा। एक बयान में एनएससीएन-आईएम के महासचिव टी मुइवा ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ऐतिहासिक समझौते के प्रमुख प्रावधानों, विशेष रूप से नगा राष्ट्रीय ध्वज और संविधान को मान्यता देने से जानबूझकर इनकार कर रही है। एनएससीएन-आईएम ने सात नवंबर को नगा राजनीतिक मुद्दे पर गतिरोध को दूर करने के लिए तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की मांग की थी। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली रवाना होने से पहले राज्य का मंत्रिमंडल विचार-विमर्श के लिए एनएससीएन-आईएम नेतृत्व से संपर्क कर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना भर्ती रैली में 26,000 से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

पुंछाजम्मू।(भाषा) जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पांच साल के अंतराल के बाद सेना द्वारा आयोजित भर्ती रैली में 26,000 से अधिक युवा उम्मीदवारों ने भाग लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रादेशिक सेना में सैनिक सामान्य ड्यूटी के 307 रिक्त पदों और क्लर्क एवं ट्रेड्समैन के 45 रिक्त पदों को भरने के लिए आठ नवंबर को सुरनकोट के एडवांस लैंडिंग ग्राउंड में भर्ती रैली शुरू हुई थी। इस रैली में सामान्य ड्यूटी के लिए पुंछ, राजौरी, रियासी और जम्मू जिले सहित जम्मू संभाग की 31 तहसीलों के उम्मीदवार आवेदन कर सकते थे, जबकि क्लर्क और ट्रेड्समैन पदों के लिए पूरे जम्मू-कश्मीर के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र थे। सेना भर्ती कार्यालय के एक अधिकारी ने युवाओं की प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, "क्षेत्र भर से 26,000 से अधिक उत्साही उम्मीदवारों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया और 10 दिवसीय रैली के दौरान राष्ट्र की सेवा के लिए अपनी शारीरिक और मानसिक मुस्तैदी का प्रदर्शन किया" उन्होंने कहा कि भर्ती अभियान का उद्देश्य रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों को विभिन्न शारीरिक परीक्षणों से गुजरना पड़ा, इसके बाद चिकित्सा परीक्षण किया गया तथा दस्तावेजों की जांच की गई। प्रादेशिक सेना के एक अधिकारी ने कहा, "स्थानीय युवाओं की प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है। भारतीय सेना में शामिल होने के लिए ऐसा उत्साह और जुनून देखकर खुशी होती है। हम निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं" उन्होंने कहा कि लगभग 4000 उम्मीदवारों ने शारीरिक परीक्षण में सफलता हासिल की है और अब वे चिकित्सा परीक्षण में भाग लेंगे। स्थानीय लोगों ने सीमावर्ती जिले में भर्ती अभियान आयोजित करने के लिए सेना की सराहना की।

# नेशनल कांफ्रेंस जम्मू-कश्मीर में योग्यता की हत्या कर रही है: पीडीपी नेता इल्तिजा

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) पर योग्यता की हत्या करने का रविवार को आरोप लगाया और कहा कि आरक्षण को तर्कसंगत बनाने के वास्ते पार्टी द्वारा किए गए झूठे वादे सच्चाई से बहुत दूर हैं। मुफ्ती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आरक्षण को तर्कसंगत बनाने के झूठे वादों के जरिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं के साथ छल करने वाली पार्टी दिनदहाड़े योग्यता की हत्या कर रही है। पार्टी के वादे सच्चाई से कोसों दूर हैं। अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज द्वारा विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में रिक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किए जाने के बाद उनकी यह टिप्पणी आई है। उपलब्ध 17 सीट में से केवल तीन सीट सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए हैं, जबकि अन्य सीट पिछड़े क्षेत्रों के निवासियों (आरबीए), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समेत विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं। पीडीपी की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी और मीडिया सलाहकार इल्तिजा मुफ्ती ने नेकां पर निशाना साधते हुए कहा, राज्य का दर्जा ही एकमात्र मांग है, जिसके लिए वे सत्ता का निर्बाध आनंद लेने को लालायित हैं। हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए अपने घोषणापत्र में, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने केंद्र शासित प्रदेश में आरक्षण नीति की समीक्षा करने और असंतुलन को ठीक करने का वादा किया था।

# महाराष्ट्र में नौकरियां खत्म हुईं



**मुंबई।**( भाषा) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को सत्तारूढ़ भाजपा की नीतियों की आलोचना की और दावा किया कि कुछ बड़ी परियोजनाओं के गुजरात में स्थानांतरित होने के कारण महाराष्ट्र में नौकरियां खत्म हो गई हैं। बीस नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के नेता वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और समाज का ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की महायुति सरकार की प्रमुख योजना लाडकी बहिन को लेकर उस पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि महिलाओं को बेहतर जीवन के लिए वोट देना चाहिए, न कि इसलिए कि उन्हें प्रति माह 1,500 रुपए मिल रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) सत्ता में आता है, तो वह सोयाबीन की फसल के लिए किसानों को 7,000 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) देगा। प्रियंका ने दावा किया कि महाराष्ट्र में 2.5 लाख से ज्यादा पद खाली हैं।उन्होंने कहा कि फॉक्सकॉन, एयरबस जैसी परियोजनाओं के गुजरात में स्थानांतरित होने के कारण राज्य में नौकरियां खत्म हो गई हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, लोग प्रयास कर रहे हैं, नए कौशल सीख रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल पा रही। सरकार को इस पर प्राथमिकता से ध्यान देना चाहिए था, लेकिन वह इन पदों को भरने में विफल रही है।उन्होंने महाराष्ट्र में युवाओं की आत्महत्या को रोजगार के अवसरों की कमी से जोड़ने की भी कोशिश की। प्रियंका ने दावा किया, देश में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा युवा आत्महत्या कर रहे हैं। यह बेरोजगारी को दूर करने में भाजपा की विफलता का नतीजा है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए नारे "एक हैं तो सेफ हैं पर प्रियंका ने कहा कि सेफ शब्द के दो अर्थ हैं-सुरक्षित और खजाना। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन इस देश में सही मायने में सुरक्षित सिर्फ अडाणी ही हैं। पूरा देश जानता है कि अडाणी ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी सरकारी खजाने तक पहुंच है, जबकि आम नागरिक संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि हवाईअड्डों, बंदरगाहों और कुछ प्रमुख कंपनियों पर अडाणी का नियंत्रण है और सरकारी नीतियां भी एक व्यक्ति के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, सरकार को राष्ट्रीय संपत्ति को किसी एक व्यक्ति को सौंपने के बजाय रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रियंका ने शासन में जवाबदेही की कथित कमी के लिए भी भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन के दौरान हमारे नेता लोगों के प्रति जवाबदेह थे। हालांकि, भाजपा के शासन में यह जवाबदेही खत्म हो गई है। मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री लोगों के प्रति जवाबदेह नहीं रह गए हैं। प्रियंका ने कहा, उनका व्यवहार अलग है... वे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं और समाज का ध्रुवीकरण करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कांग्रेस महासचिव ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में अडाणी की कंपनियों को आदिवासी भूमि आवंटित किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के लोगों से पूछें कि अडाणी को कितनी आदिवासी भूमि दी गई है? प्रियंका ने वादा किया कि अगर एमवीए सत्ता में आता है, तो वह जवाबदेही सुनिश्चित करने, रोजगार सृजन और लोगों को सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# अभिनेत्री कस्तूरी को अदालत में पेश किया गया, न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**चेन्नई।** तमिलनाडु के तेलुगु भाषी लोगो पर टिप्पणी करने वाली अभिनेत्री कस्तूरी को रविवार को यहां एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ द्वारा कुछ दिन पहले उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद चेन्नई पुलिस की एक टीम ने उन्हें 16 नवंबर को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि विवाद के तुरंत बाद अभिनेत्री ने अपनी टिप्पणी वापस ले ली और माफी भी मांग ली, लेकिन इस बीच उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई। चेन्नई पुलिस की एक टीम ने हैदराबाद में एक फिल्म निर्माता के घर से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें चेन्नई लाकर यहां एग्मोर में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें 29 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाद में उन्हें पुझल केंद्रीय कारागार में रखा गया। उनके हालिया आरोप ने विवाद को जन्म दे दिया जिसका सार यह था कि सदियों पहले तत्कालीन शासकों की सेवा करने के लिए राज्य में आए कुछ तेलुगु भाषी लोग अब तमिल होने का दावा कर रहे हैं। अभिनेत्री के अनुसार, ऐसे लोग जो एक खास राजनीतिक विचारधारा को मानते है, वे भले ही तेलुगु मूल के होने के बावजूद खुद को तमिल बताते हैं, लेकिन तमिल ब्राह्मणों को तमिल नही मानते। यही वजह है कि उन्होने अपनी विचारधारा के लिए द्रविड़ की पहचान चुनी और तमिल नही चुन पाए।

# सूरत में रोड रेज की घटना में वाहन चालक ने व्यक्ति को कुचलकर मारडाला

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में तेज गति से वाहन चलाने को लेकर चालक के साथ 56 वर्षीय एक व्यक्ति की बहस हो गई, जिसके बाद उसे कुचलकर मार डाला और टेम्पो से सड़क पर घसीटा। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी चालक मयूर मेर (39) को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि टेम्पो चालक ने व्यक्ति को कुचल दिया और वाहन से उसे घसीटा, हालांकि उसका (मृतक का) बेटा वाहन रोकने के लिए चालक से गुहार लगाता रहा। शनिवार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे रत्नमाला चौराहे पर हुई इस घटना के लिए कतारगाम पुलिस थाने में चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतक जितेन्द्र कंथारिया और उनका बेटा ट्रैफिक सिग्नल पर रूके हुए थे तभी टेम्पो ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। प्राथमिकी के अनुसार, पिता-पुत्र ने टेम्पो चालक को ठीक से वाहन चलाने के लिए कहा, जिस पर चालक नाराज हो गया और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। तेज गति से वाहन चलाने को लेकर पिता-पुत्र की टेम्पो चालक से तीखी बहस हुई। जब पीड़ित दोपहिया वाहन से उतरकर टेम्पो चालक के पास गया तो चालक ने उसे कुचल दिया और करीब 15 फुट तक उसे घसीटते हुए ले गया। अधिकारी ने बताया कि कंथारिया की मौके पर ही मौत हो गई।

# असम में मामूली बात पर स्थानीय एएएमएसयू नेता की चाकू मारकर हत्या

रंगिया (असम)। असम के कामरूप जिले में एक मामूली बात को लेकर एक व्यक्ति ने ऑल असम माइनोरिटी स्टूडेंट्स यूनियन (एएएमएसयू) के एक स्थानीय नेता की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को छायगांव के पास गोरोइमारी में ब्रह्मपुत्र घाटी अकादमी के युवा महोत्सव में हुई। उन्होंने बताया, जब कार्यक्रम चल रहा था तो दो लोगों में किसी मुद्दे पर बहस शुरू हो गई। फिर यह बढ़ते हुए एक बड़े झगड़े में बदल गई। उनमें से एक ने अचानक दूसरे पर कई बार चाकू से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत गोरोइमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान स्थानीय एएएमएसयू नेता लोहित हुसैन के रूप में हुई है। इस बीच लोगों ने हमलावर का पीछा कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

# पेज 1 का शेष

## मणिपुर के...

को नाकाम कर दिया। गुस्साई भीड़ ने इसके बाद बीरेन सिंह के आवास की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर टायर जलाए और वाहनों की आवाजाही को अवरुद्ध कर दिया। मुख्यमंत्री के पैतृक घर से करीब तीन से चार किलोमीटर दूर मन्त्रीपुखरी इलाके में रात करीब 11 बजे तक प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री के पैतृक घर पर हमला करने वाले प्रदर्शनकारी अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के थे, न कि हिंगांग विधानसभा क्षेत्र से। मुख्यमंत्री बीरेन हिंगांग सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिरीबाम में छह लोगों के शव बरामद होने के बाद इंफाल घाटी में हुए हिंसक प्रदर्शन के चलते यहां रविवार सुबह स्थिति शांत, लेकिन तनावपूर्ण बनी रही।

## शीश महल...

आप के नेता भी केजरीवाल को ईमानदार राजनेता नहीं मानते। पार्टी नेता कपिल मिश्रा ने इस्तीफे का स्वागत किया और कहा कि केजरीवाल को लिखे पत्र में गहलोत की टिप्पणी आप और दिल्ली सरकार पर गंभीर सवाल उठाती है। गहलोत का इस्तीफा सीएम आतिशी ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के बागी होने के कुछ सप्ताह बाद ही उनका इस्तीफा आया है, हालांकि वह पार्टी की सांसद हैं। आप के वरिष्ठ नेता का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब पार्टी अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। केजरीवाल के इस्तीफे के बाद गहलोत सीएम पद के प्रमुख दावेदारों में से एक थे। हालांकि, केजरीवाल ने शीर्ष पद के लिए आतिशी को चुना। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल और उनकी टीम उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ गहलोत की निकटता के कारण खुश नहीं थी, जिन्होंने उन्हें इस साल स्वतंत्रता दिवस पर छत्रसाल स्टेडियम में तिरंगा फहराने के लिए नामित किया था। इसके अलावा, कई मौकों पर दिल्ली कैबिनेट ने उन्हें सूचित किए बिना निर्णय लिए। अपने इस्तीफे में गहलोत ने कहा, एक और दुखद बात यह है कि लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय हम केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं। इससे दिल्ली के लोगों को बुनियादी सेवाएं देने की हमारी क्षमता भी बुरी तरह से कम हो गई है। अब यह स्पष्ट है कि अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है तो दिल्ली का वास्तविक विकास नहीं हो सकता। पार्टी के सामने आने वाली चुनौतियों को गिनाते हुए गहलोत ने कहा मैं आपसे साझा करना चाहता हूं कि आज आम आदमी पार्टी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। अंदरूनी चुनौतियों के साथ-साथ उन मूल्यों के लिए भी चुनौतियां हैं, जिनके कारण हम आप में आए हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पीछे छोड़ दिया है, जिससे कई वादे अधूरे रह गए हैं। उदाहरण के लिए यमुना को लें, जिसे हमने स्वच्छ नदी में बदलने का वादा किया था, लेकिन कभी पूरा नहीं कर पाए। पत्र में लिखा है, अब यमुना नदी शायद पहले से भी ज्यादा प्रदूषित हो गई है। गहलोत ने स्पष्ट किया कि पार्टी से अलग होने का उनका फैसला दिल्ली के लोगों की सेवा करने की उनकी निरंतर इच्छा से प्रेरित था, लेकिन उन्हें लगा कि आप के विजन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अब पार्टी की मौजूदा दिशा के साथ मेल नहीं खा सकती। मैंने दिल्ली के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी और मैं इसे जारी रखना चाहता हूँ। यही वजह है कि मेरे पास आप से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, गहलोत ने निष्कर्ष निकाला। मार्च में, गहलोत को दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी ने तलब किया था। हालाँकि, यह सभी आप नेताओं और मामले के आरोपियों को ज़मानत दिए जाने से पहले की बात है। 2018 में, गहलोत और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े कई ठिकानों पर आयकर विभाग ने कई करोड़ रुपये की कर चोरी का आरोप लगाते हुए छापेमारी की थी। गहलोत 2015 के विधानसभा चुनाव से पहले आप में शामिल हुए और नजफगढ़ सीट पर 1,550 वोटों के मामूली अंतर से जीत हासिल की। 2020 में उन्होंने फिर से 6,000 से ज्यादा वोटों से सीट जीत ली।

## मुर्शिदाबाद...

इलाके में इंटरनेट सुविधाएं बंद कर दी गई हैं, हालांकि उत्सव को देखते हुए अभी तक कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं की गई है। सूत्रों ने कहा कि कुछ घायलों को बरहामपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना ऐसे समय में हुई जब बंगाल के विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुंबई में आरोप लगाया कि कैसे बंगाल रोहिंग्याओं का प्रवेश द्वार बन गया है। उन्होंने कहा, वे बंगाल के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे हैं क्योंकि राज्य सरकार बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही है।

## भारत ने...

उद्योग भागीदारों द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। हाइपरसोनिक मिसाइलों को अत्यधिक गतिशील और द्रुतगामी माना जाता है क्योंकि वे बीच में ही रास्ता बदल सकती हैं। पांच मैक तक उड़ान भरने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों की उनकी पूर्व निर्धारित प्रक्षेप पथ को देखते हुए सीमित गतिशीलता होती है। हाइपरसोनिक मिसाइलें ध्वनि की गति से पाँच गुना अधिक गति से यात्रा करने में सक्षम हथियार हैं। उनकी सीमा आम तौर पर 6,125 किमी/घंटा (मैक 5) और लगभग 24,140 किमी/घंटा (मैक 20) के बीच होती है। ये गति उन्हें पता लगाना और रोकना अविश्वसनीय रूप से कठिन बनाती है। हाइपरसोनिक मिसाइलों के दो मुख्य प्रकार हैं।

## सरकार ने...

इसमें इसके स्थान पर केंद्र सरकार को अधिसूचना जारी करके अनुसूची में संशोधन करने का अधिकार देने का भी प्रस्ताव है। मसौदा विधेयक पर जनता की राय मांगते हुए विभाग ने याद दिलाया कि संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 इसलिए बनाया गया था कि सरकार के अधीन आने वाले लाभ के कुछ पद अपने धारकों को संसद सदस्य बनने या चुने जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराएंगे। अधिनियम में उन पदों की सूची शामिल है, जिनके धारक अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और उन पदों का भी जिक्र है, जिनके धारक अयोग्य करार दिए जाएंगे।

## एनसीआर...

और बीएस-4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। राजधानी शहर में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई सफदरजंग हवाई अड्डे पर सुबह 07:00 बजे से सुबह 09:00 बजे तक सबसे कम दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई, जो उसके बाद सुधरकर सुबह 09:30 बजे 400 मीटर हो गई और दोपहर 12:30 बजे 600 मीटर हो गई। फ्लाइटरडार के अनुसार, रिपोर्ट के अनुसार, 250 उड़ानों में देरी हुई जबकि तीन को रद्द कर दिया गया। धुंध की स्थिति के कारण नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशनों पर आने वाली 30 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेनें दो से नौ घंटे देरी से चल रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को रोकने के उपायों को लागू करने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई 18 नवंबर की वाद सूची के अनुसार, जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी। भारतीय बायोगैस एसोसिएशन ने वायु प्रदूषण को रोकने और लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों या संपीडति बायोगैस (सीबीजी) या प्राकृतिक गैस पर आधारित वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली एनसीआर में चार पहिया वाहनों के लिए ऑड-ईवन नियम लागू करने का सुझाव दिया है। दिल्ली परिवहन विभाग ने चल रहे अभियान के तहत 1 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच 2,234 मियाद पूरी कर चुके वाहनों को जब्त किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों में 260 डीजल चार पहिया वाहन शामिल हैं जो 10 साल से अधिक पुराने हैं, साथ ही 1,156 पेट्रोल दोपहिया वाहन और 818 पेट्रोल तीन और चार पहिया वाहन हैं, जो सभी 15 साल से अधिक पुराने हैं। हरियाणा का बहादुरगढ़ 445 की एक्यूआई के साथ भारत के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में सबसे ऊपर है, इसके बाद दिल्ली 441 है जबकि शनिवार को यह 417 था। बवाना में सबसे अधिक 471 रीडिंग दर्ज की गई, उसके बाद अशोक विहार और जहांगीरपुरी दोनों में 466 है। मुंडका और वजीरपुर में भी एक्यूआई का स्तर 463 दर्ज किया गया, जो शहर भर में व्यापक प्रदूषण का संकेत देता है। स्थानीय प्रदूषण और पड़ोसी राज्यों में मौसमी फसल जलाने के मिश्रण के कारण उत्पन्न घनी धुंध ने शहर के आसमान को ढक लिया, जिससे दिल्ली में वायु प्रदूषण के साथ चल रही लड़ाई को लेकर व्यापक चिंताएं पैदा हो गईं।

# खुफिया रिपोर्ट बताती है कि हेमंत सरकार ने बांग्लादेशियों को शरण दी : नड्डा

भाषा। बोकारो

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि एक खुफिया रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को मदरसों में शरण दी और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें जमीन तथा आधार कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज मिलें। नड्डा ने यह कहते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा कि वह ओबीसी के चैंपियन बनना चाहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले सामाजिक सेवा संगठन राजीव गांधी फाउंडेशन एवं पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार से संबद्ध राष्ट्रीय सलाहकार समिति में कितने ओबीसी सदस्य रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आज झारखंड में तीन चुनावी रैलियों में अपने संबोधन में राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन के दो मुख्य घटकों-- झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। नड्डा ने कहा, अभी मुझे खुफिया रिपोर्ट मिली है। उसमें कहा गया है कि यहां (राज्य में) बांग्लादेशी घुसपैठियों को मदरसों में शरण दी जाती है। उनके लिए, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, गैस कनेक्शन एवं राशन कार्ड हासिल करना आसान बनाया गया। झामुमो नीत सरकार उनके लिए जमीन सुनिश्चित करती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने बोकारो जिले के गोमिया में एक रैली को संबोधित करते हुए एक कागज दिखाया और दावा किया कि यह खुफिया रिपोर्ट है। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन ने झारखंड के जल, जंगल, जमीन को लूटा। राज्य में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हो रही है। घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कानून लाएंगे कि उनकी (घुसपैठियों की) संतानें जमीन से वंचित हों। केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ही घुसपैठ रोक सकती है। नड्डा ने पूरे झामुमो-राजद-कांग्रेस गठबंधन को भ्रष्ट नेताओं का कुनबा बताया और कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया, जमानत पर बाहर आए हेमंत सोरेन फिर जेल जाएंगे। वह 5,000 करोड़ रुपए के खनन घोटाले, 236 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले और कई अन्य घोटालों में लिप्त हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में 31 जनवरी को सोरेन को गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उन्हें 28 जून को जेल से रिहा किया गया था। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया, हेमंत सोरेन सरकार ने बाँटो और राज करो की नीति का पालन किया, लोगों के बीच अशांति पैदा की। अब सत्ता से उसकी विदाई का वक्त आ गया है। हम यहां सरकार बनाएंगे। हेमंत सोरेन सरकार ने लोगों के साथ विश्वासघात किया, राज्य को लूटा तथा वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दिया। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी खुद को ओबीसी के चैंपियन के रूप पेश करने की चेष्टा कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस कार्यसमिति, राजीव गांधी फाउंडेशन और उनकी मां सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार समिति में कितने ओबीसी सदस्य रहे हैं।



# स्कूली शिक्षा तभी फलदाई जब उसका उपयोग समाज के लिए होः संघ प्रमुख भागवत

भाषा। पिथौरागढ़



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि स्कूली शिक्षा केवल उन लोगों के लिए ही फलदाई है जो उसका उपयोग करना जानते हैं और अगर कोई शिक्षा का इस्तेमाल करना नहीं जानता तो उसे उसका कोई खास लाभ नहीं है। भागवत ने कहा, अनेक महान व्यक्तियों के ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने स्कूल में शिक्षा हासिल न करने के बावजूद समाज को महत्वपूर्ण दिशा दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को शिक्षा के विद्या भारती मॉडल को बढ़ावा देना चाहिए जो न केवल उसे या उसके परिवार की बेहतरी के लिए बल्कि पूरे समाज की भलाई के लिए शिक्षा प्रदान करता है। संघ प्रमुख ने कहा कि संस्कार ही समाज को मजबूती देते हैं और समाज ही सर्वोपरि होता है। जिले के मुवानी में शेरसिंह कार्की सरस्वती विहार की इमारत का उद्घाटन करने के बाद संघ कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने जोर देकर कहा कि स्कूल और कॉलेजों में प्राप्त शिक्षा का उद्देश्य समाज की भलाई के लिए उसका उपयोग करना होना चाहिए। भागवत ने कहा कि दुनिया में कोई भी सरकार युवाओं को केवल 10 प्रतिशत नौकरियां ही दे सकती है जबकि बाकी लोगों के रोजगार या व्यवसाय समाज की मजबूती से ही पैदा होते हैं। अपने भाषण में संघ प्रमुख ने कहा, हमारा प्रदेश अतीत में समृद्ध रहा है और समाज की मजबूती के साथ भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। उन्होंने कहा, यह समाज ही है जो हमें सिखाता है कि एक उद्देश्यपूर्ण जीवन कैसे जिया जाता है। भागवत ने कहा कि उत्तराखंड तपोभूमि है जहां सालभर हजारों ऋषि तपस्यारत रहते हैं लेकिन उनकी तपस्या का फल हमेशा आसपास रहने वाले दूसरे लोगों को आलोकित करता है। संघ प्रमुख उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के दौरे पर हैं और वह शनिवार रात को चंपावत से पिथौरागढ़ पहुंचे। पिथौरागढ़ में संघ के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुवानी में उनके कार्यक्रमों में नवनिर्मित स्कूल परिसर में चंदन के पौधे का रोपण करना तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात करना भी शामिल था।

## नरेश मीणा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**जयपुर।** राजस्थान में देवली-उनियारा की एक अदालत ने आगजनी के एक मामले में निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा को रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राजस्थान की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात एक उप-विभागीय अधिकारी को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के मामले में मीणा को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। मीणा को शनिवार को टोंक पुलिस ने आगजनी के एक मामले में जेल से दोबारा गिरफ्तार किया और कोतवाली थाने ले आई। पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह भाटी ने बताया कि रविवार को मीणा को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया।

## हमारा ध्यान आतंकी तंत्र के पूर्ण उन्मूलन पर : सिन्हा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि विकास के लिए केंद्र शासित प्रदेश से आतंकवाद और आतंकवादियों का समर्थन करने वाले तंत्र को पूरी तरह से खत्म करने पर जोर दिया। यहां वरिष्ठ सिविल और पुलिस अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादी तंत्र को सहायता और बढ़ावा देने वाले के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जानी चाहिए। सिन्हा ने कहा,अधिक तालमेल और समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ हमारा ध्यान आतंकवाद और उसे समर्थन देने वाले पूरे तंत्र के पूर्ण उन्मूलन पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को तब तक चैन से नही बैठना चाहिए जब तक आतंकवादियों का सफाया नही हो जाता। जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करना न केवल सुरक्षा के लिहाज से बल्कि शांति स्थापित करने के लिहाज से भी आपका सबसे बड़ा योगदान होगा।

## शिल्पा बनी ब्रांड एंबेसडर

**नाएडा।** देश का अग्रणी ब्रांड न्यूट्रेला, सोया और नगेट्स ने आज बॉलीवुड अभिनेत्री और फिटनेस आइकन शिल्पा शेट्टी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। भारतीय बाजार में लगभग चार दशकों के विश्वास के साथ न्यूट्रेला सोया और नगेट्स की एक विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए उपलब्ध करवा रहा है। न्यूट्रेला चंक्सए मिनी चंक्स और ग्रेन्यूल विभिन्न पैक आकार में आते हैंए जो प्रीमियम गुणवत्ता के सोया से बने होते हैं। शिल्पाए एक अभिनेत्री, उद्यमी और फिटनेस आइकन और संतुलित जीवन की प्रयाय है। जो न्यूट्रेला के हेल्थ और न्यूट्रेशन के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं। गौरतलब हो की यह कोलेबरेशन न्यूट्रेला की विरासत और इससे बनने वाले व्यंजनों की रेंज को पैष्टिक जीवनशैली के लिए बेहतर विकल्प के रूप में दर्शाता है। जैसा की संजीव अस्थाना सीईओए पतंजलि ने बताया शिल्पा शेट्टी न केवल एक अभिनेत्री हैं बल्कि एक हेल्थ गुरु भी हैं। उनकी फिटनेस यात्रा और संतुलित आहार के प्रति समर्पण न्यूट्रेला के सोया और नगेट्स के हर घर पोषण के मूल्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

## रील बनाने के लिए बांध के पानी में कूदा युवक लापता

**गुना (मप्र)।** मध्यप्रदेश के गुना जिले मे रविवार को सोशल मीडिया रील बनाने के लिए बांध मे कूदा 20 वर्षीय एक युवक लापता हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर रुठियाई इलाके मे गोपीसागर बांध पर शाम करीब पांच बजे हुई। धरनावदा थाने के प्रभारी प्रभात कटारे ने बताया कि दीपेश लोढ़ा नामक युवक ने बांध के फाटक के पास पानी में गोता लगाते समय अपना मोबाइल फोन रील बनाने के लिए अपने दोस्त राज को दे दिया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोढ़ा ने अपने दोस्त से यह भी कहा था कि वह तैरना जानता है,।

## पुरी में चार दिसंबर को भारतीय नौसेना के शक्ति प्रदर्शन में 40 विमान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरी के ब्लू फ्लैग तट पर चार दिसंबर को होने वाले भारतीय नौसेना के शक्ति प्रदर्शन अभियान में मिग-29के और हल्के लड़ाकू विमान सहित 40 विमान और 25 युद्धपोत भाग लेंगे। वे नौसेना की समुद्री ताकत और अभियानगत क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में परेड भी होगी और इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल रघुबर दास, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कार्यक्रम का आयोजन सुचारू तरीके से हो ।

# सच्चाई सामने आ रही : प्रधानमंत्री मोदी ने गोधरा कांड पर बनी फिल्म पर कहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2002 में गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन अग्निकांड की घटना पर बनी एक फिल्म का जिक्र करते हुए रविवार को कहा कि फर्जी विमर्श को कुछ समय के लिए ही आगे बढ़ाया जा सकता है। उक्त घटना के समय वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने यह टिप्पणी एक उपयोगकर्ता के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए की। पोस्ट में फिल्म साबरमती रिपोर्ट की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि यह हमारे हाल के इतिहास की सबसे शर्मनाक घटनाओं में से एक की महत्वपूर्ण सच्चाई को सामने लाती है। उपयोगकर्ता ने अन्य



बिंदु भी उठाए, जिनमें दावा किया गया कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों को बेरहमी से जलाए जाने की घटना को निहित स्वार्थ वाले समूह द्वारा राजनीतिक खेल में बदल दिया गया। उसने मोदी के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि एक नेता की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, ठीक कहा। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है और वह भी इस तरह कि आम लोग इसे देख सकें। अयोध्या से बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही ट्रेन में आग लगाने का आरोप मुस्लिम भीड़ पर लगा था। वहीं, अन्य तबके ने इसे महज एक हादसा कहा। इस आग में 50 से अधिक यात्री मारे गए थे, जिसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे। केंद्र में कांग्रेस की (संप्रग) सरकार में रेल मंत्री रहने के दौरान लालू प्रसाद द्वारा गठित की गई जांच समिति ने हादसे के सिद्धांत का समर्थन किया था। हालांकि, ट्रेन में आग लगाने के मामले में कई आरोपियों को अदालतों ने दोषी ठहराया, जिससे राज्य पुलिस के दावे की पुष्टि हुई।

## महाराष्ट्र पुलिस-सेना के संयुक्त अभियान में नौ कश्मीरी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अहिल्यानगर (पूर्व नाम अहमदनगर) पुलिस और सैन्य खुफिया एजेंसी तथा सेना की दक्षिणी कमान के संयुक्त अभियान में नौ कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया गया और कथित तौर पर उनके पास से नौ राइफल तथा 58 कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के कुछ लोगों के महाराष्ट्र में सुरक्षा गार्ड के तौर पर नौकरी करने और फर्जी लाइसेंस के साथ हथियार रखने की पुष्ट सूचना मिलने के बाद जांच शुरू की गई। उन्होंने कहा कि जांच के तौर पर इन हथियार लाइसेंस का सत्यापन करने के लिए जम्मू कश्मीर में प्राधिकारियों को पत्र भेजे गए और लाइसेंस नकली होने की पुष्टि होने के बाद छापे मारे गए। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान अहिल्यानगर में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से 12 बोर की नौ राइफल तथा 58 कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग जम्मू कश्मीर के राजौरी के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान शब्बीर मोहम्मद इकबाल हुसैन गुज्जर (38), सलीम उर्फ सलीम गुल मोहम्मद (32), मोहम्मद सरफराज नजीर हुसैन (24), जहांगीर जाकिर हुसैन (28), शहबाज अहमद नजीर हुसैन (33), सुरजीत रमेशचंद्र सिंह, अब्दुल रशीद चिडिया (38), तुफेल अहमद मोहम्मद गाजिया और शेर अहमद गुलाम हुसैन के रूप में हुई है। शेर अहमद गुलाम हुसैन इस गिरोह का सरगना है और उसने 12 बोर की राइफल तथा उनके फर्जी लाइसेंस उपलब्ध कराने के लिए प्रत्एक आरोपी से 50,000 रुपए लिए ताकि आरोपियों को सुरक्षा गार्ड के तौर पर नौकरी मिल सके।

# किसी को भी राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए : नितिन गडकरी

भाषा। नागपुर

**केंद्रीय मंत्री नितिन** गडकरी ने रविवार को कहा कि किसी को भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए और महाराष्ट्र के लोग 20 नवंबर को राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन में फिर से विश्वास जताएंगे। गडकरी ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, जिस तरह से राहुल गांधी बोलते हैं, कोई भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेता...मुझे लगता है कि लोगों को उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी याददाश्त कमजोर होने संबंधी राहुल गांधी के आरोपों पर गडकरी ने कहा कि कांग्रेस नेता गैर-जिम्मेदाराना बात करते हैं। लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद महायुति गठबंधन की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष ने लोकसभा चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर मतदाताओं को गुमराह किया था। उन्होंने कहा, यह विमर्श गढ़ा गया था कि अगर हम 400 से अधिक सीट जीत जाएंगे तो हम बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा लिखा संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा, संविधान बदलने का सवाल ही नहीं उठता। न तो हम इसे करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। गडकरी ने कहा, अब लोगों को एहसास हो गया है कि लोकसभा



चुनाव के दौरान विपक्ष का प्रचार अभियान झूठ पर आधारित था और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र में सकारात्मकता के साथ महायुति का समर्थन करने का फैसला लिया है। भाजपा द्वारा विकास की राजनीति की बात करने लेकिन उसके नेताओं के बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे लगाने के बारे में वरिष्ठ नेता ने कहा, हम विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे हैं। हम सब एक हैं। कोई मंदिर जाता है, कोई मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च जाता है। लेकिन हम सब भारतीय हैं और हमारे लिए सबसे ऊपर देश है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बंटेंगे तो कटेंगे टिप्पणी का विरोध किए जाने के बारे में पूछे जाने पर गडकरी ने कहा, सबसे पहले तो हमारी अलग-अलग पार्टी है और यह जरूरी नहीं कि हमारी एक ही राय हो। मीडिया भी तोड़-मरोड़कर पेश करता है। इससे भ्रम पैदा होता है।

## पिछली भाजपा सरकार 40% कमीशन के आरोपों से मुक्त : पार्टी नेताओं का दावा

**बेंगलुरू,।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को दावा किया कि लोकायुक्त जांच ने पार्टी की पिछली सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन के आरोपों से मुक्त कर दिया है तथा कांग्रेस द्वारा उसके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह साबित हो गया है कि 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप कांग्रेस के टूलकिट का हिस्सा था। पिछले साल (2023) के विधानसभा चुनावों के दौरान तत्कालीन विपक्षी कांग्रेस ने कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के 40 प्रतिशत कमीशन शुल्क को तत्कालीन भाजपा सरकार को घेरने के लिए एक प्रमुख हथियार के रूप में इस्तेमाल किया था। इसे चुनाव में भाजपा की हार का एक कारण बताया जाता है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा, यह साबित हो गया है कि भाजपा के खिलाफ लगाया गया 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप झूठा है। हम इससे बाहर आ गए हैं...कांग्रेस ने (तत्कालीन) राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष केमपन्ना और उपाध्यक्ष को अपने टूल किट के रूप में इस्तेमाल करते हुए आरोप लगाया था कि सरकार 40 प्रतिशत कमीशन ले रही है। इसके आधार पर मामला दर्ज किया गया और अब सच्चाई सामने आ गई है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ठेकेदार आर अंबिकापति जिन्होंने तत्कालीन सरकार पर आरोप लगाए थे ।

# एनजीटी ने नालों के शोधन के लिए जल्द कदम उठाने का दिया निर्देश

भाषा। नई दिल्ली

● नदी आदिगंगा
**गोमती प्रदूषण**

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण** (एनजीटी) ने जौनपुर जिले में आदिगंगा गोमती नदी की पारिस्थितिकी को बनाए रखने के लिए उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों को उन नालों के पानी का शोधन करने के लिए तेजी से कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, जिनका पानी सीधे नदी में जाता है।अधिकरण नदी के सूखने और इसके रासायनिक प्रदूषण से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसके कारण बड़ी संख्या में मछलिया मर गईं। आठ नवंबर के आदेश में, एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और जिला अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने नदी का निरीक्षण किया था तथा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। इसने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, नदी में बहने वाले दो नालों से पानी बिना शोधन के नदी में बहाया जाता है। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट मानसून के दौरान टीम के दौरे पर आधारित है जब नदी में प्रवाह अधिक था, जबकि अधिकरण मानसून पूर्व मौसम के दौरान नदी की बिगड़ती स्थिति के मुद्दे की पड़ताल कर रहा है जब इसका प्रवाह काफी कम था। अधिकरण ने कहा, हालांकि, रिपोर्टउत्तरों में बताए गए तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, हमारा मानना है कि दो नालों- बजरंग घाट नाला एक और बजरंग घाट नाला दो -के जरिए पानी बिना शोधन के बहाया जा रहा है। इन नालों के पानी का जल्द शोधन करने की जरूरत है। इसने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील की ओर से कही गई बातों पर गौर किया कि दोनों नालों के पानी को अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (एएमआरयूटी) 2 योजना के तहत मोड़ा जाएगा और उसका शोधन किया जाएगा। अधिकरण ने कहा, इसलिए, हम मूल आवेदन का निस्तारण करते हैं और प्राधिकारियों को दो नालों के पानी का शोधन करने के लिए शीघ्र कदम उठाने तथा यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि गर्मियों के दौरान जब नदी में पानी का स्तर कम होता है तब नदी की पारिस्थितिकी को बनाए रखने के लिए सभी संभव उपाय किए जाएं।

# जाति और धर्म को लेकर राजनीति कर रहा महायुति गठबंधन : मायावती

भाषा। पुणे



**बहुजन समाज पार्टी** (बसपा) की प्रमुख मायावती ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन पर जाति और धर्म को लेकर राजनीति करने का रविवार को आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बसपा उम्मीदवारों के लिए पुणे में प्रचार के दौरान यह टिप्पणी की। मायावती ने रविवार को यहां एक रैली को संबोधित करते हुए लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा और कांग्रेस को खारिज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर हर समुदाय को न्याय देगी। बसपा सुप्रीमो ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर राजनीतिक लाभ के लिए जाति और धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा, चुनाव में उम्मीदवारों को टिकट देते समय जाति को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि महायुति सरकार अपने फायदे के लिए आरक्षण कार्ड भी खेलेगी। बसपा प्रमुख ने दावा किया, सत्ताधारी पार्टी राज्य में चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड का इस्तेमाल करेगी। कुछ राजनीतिक दलों के कई सदस्यों को वोटों को विभाजित करने और सत्तारूढ़ पार्टी की मदद करने के लिए जानबूझकर चुनाव लड़ने के लिए कहा गया है।

## गुजरात में रैगिंग से एमबीबीएस छात्र की मौत, जांच के आदेश

**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 18 वर्षीय छात्र की रैगिंग के दौरान कथित तौर पर तीन घंटे तक खड़े रहने के कारण मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज ने शनिवार को हुई इस घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र को उसके वरिष्ठ छात्रों द्वारा काफी देर तक खड़े रहने के लिए मजबूर किया गया, जिसके कारण वह बेहोश हो गया था। वह कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। यह घटना शनिवार रात पाटन के धारपुर स्थित जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छात्रावास मे हुई। कॉलेज के डीन डॉ. हार्दिक शाह ने बताया कि पीड़ित छात्र अनिल मेथानिया को उसके सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के दौरान कथित तौर पर तीन घंटे तक खड़ा रखा गया, जिसके कारण वह बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। डॉ. हार्दिक शाह ने कहा, अनिल मेथानिया के बेहोश हो जाने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे बचाने के सभी प्रयास विफल रहे और उसे मृत घोषित कर दिया गया। अनिल के सहपाठियों ने बताया कि उसकी मौत कॉलेज के छात्रावास में तीन घंटे तक खड़े रहने और सीनियर छात्रों के सामने अपना परिचय देने के बाद हुई। डीन ने कहा कि कॉलेज की रैगिंग निरोधक समिति ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यदि सीनियर छात्र रैगिंग के लिए जिम्मेदार पाए गए तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्वाई की जाएगी।

## केरल के मुख्यमंत्री ने आईयूएमएल नेताओं की संदीप वारियर से मुलाकात की निंदा की

**पल्लक्कड़ (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व नेता संदीप जी. वारियर के कांग्रेस में शामिल होने के एक दिन बाद इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के शीर्ष नेताओं से उनकी मुलाकात की रविवार को आलोचना करते हुए कहा कि आईयूएमएल के कार्यकर्ता और समर्थक इसे स्वीकार नही करेंगे। मुख्यमंत्री ने वारियर का नाम लिए बिना मीडिया पर उनके कांग्रेस मे शामिल होने का महिमामंडन करने का भी आरोप लगाया। पलक्कड़ विधानसभा उपचुनाव के लिए सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (एलडीएफ) के उम्मीदवार पी सरीन के लिए एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पलक्कड़ के लोग वास्तव में 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के दौरान बदलाव चाहते हैं और दक्षिणपंथी खेमा इसे लेकर चिंतित है। हालांकि, वामपंथी नेता ने अपने पूरे भाषण में सीधे तौर पर वारियर का नाम नही लिया। विजयन ने कहा कि वारियर के आईयूएमएल नेताओ से मिलने की खबर ने कई साल पहले बाबरी मस्जिद के विध्वंस के तुरंत बाद इस जिले के ओट्टापलम में हुए चुनाव की यादें ताजा कर दी।

## हिंदू समाज को वोट जिहाद का मुकाबला करना चाहिएः राम मंदिर कोषाध्यक्ष

**पुणे।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने रविवार को कहा कि राजनीतिक लड़ाई को वोट जिहाद कहना गलत है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को इसका मुकाबला करना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के वोट जिहाद पर हमले और इसका जवाब धर्मयुद्ध से देने के आह्वान के बीच आई। हिंदू संत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व में इस बारे में निर्देश धार्मिक स्थलों से पर्चे बांटकर दिए जाते थे कि वोट किसे देना है, लेकिन अब खुलेआम वोट जिहाद जैसे नारे दिए जा रहे है। उन्होंने कहा, दो राजनीतिक दलों के बीच लड़ाई को युद्ध कहना सही नही है। लेकिन, वोट जिहाद की खुलेआम वकालत की जा रही है, इसलिए हिंदू समाज को बिना किसी हिचकिचाहट के इसका मुकाबला करना चाहिए। स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि मतदान प्रत्एक नागरिक का अधिकार और जिम्मेदारी है। इससे पहले, भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार के खिलाफ एक इस्लामिक विद्वान द्वारा वोट जिहाद की कथित अपील का जिक्र करते हुए फडणवीस ने इसका मुकाबला करने के लिए वोट का धर्मयुद्ध करने का आह्वान किया था।

## सनातन धर्म का अनादर करने वालों को जवाब देंगे अनुयाईः पवन कल्याण

**चंद्रपुर(महाराष्ट्र)।** जनसेना पार्टी के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने रविवार को कहा कि सनातन धर्म के अनुयाई इसका अनादर करने वालों को जवाब देंगे। कल्याण ने छत्रपति शिवाजी और बाल ठाकरे को अपने संगठन की प्रेरणा करार दिया।कल्याण, भाजपा नेता और महायुति उम्मीदवार सुधीर मुनगंटीवार के समर्थन मे चुनाव प्रचार के लिए बल्लारपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।अभिनेता ने कहा, पुराने शहर (हैदराबाद) के लोगो ने हमेशा भारतीय संस्कृति और भारत के त्योहारों की आलोचना की है। हालांकि, सनातन धर्म के अनुयायियों ने हमेशा सभी का सम्मान किया है फिर चाहे उनका धर्म कोई भी हो। हालांकि, सनातन धर्म के अनुयाई इसका अनादर करने वालों को जवाब देंगे।

## गुजरात विविय में भारत महोत्सव का उद्घाटन

**अहमदाबाद।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय में आयोजित भाव, राग और ताल के संगम जैसे भारतकूल् महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश और राज्य की कला और संस्कृति को उजागर करने वाले ऐसे आयोजन देश के युवाओं को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो आह्वान किया हैए उसे साकार करने के लिए अमृतकाल् को सचमुच कर्तव्यकाल के रूप में साकार करने हेतु सबको मिलकर संकल्पबद्ध होने का मुख्यमंत्री ने आह्वान किया। गुजरात मीडिया क्लब द्वारा आयोजित भारतकूल कार्यक्रम के उद्घाटन पर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुएए मुख्यमंत्रीभूपेंद्र पटेल ने भाव् के बारे में बात करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में ष्भावष् का विशेष महत्व है। भाव् से व्यक्ति और व्यक्तित्व दोनों बदल जाते हैं। यहां तो भाव.ताल.राग का त्रिवेणी संगम होगाए उन्होंने ऐसा जोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अमृतकालष् को सचमुच कर्तव्यकाल कहा है। ऐसे में यदि हम वर्तमान समय को कर्तव्यकाल के रूप में स्वीकार करेंगे, तभी ष्विकसित भारतष् की कल्पना साकार होगी।

## पारस कलनावत ने साझा किया अनुभव

**मुंबई।** ज़ी टीवी का पॉपुलर प्राइमटाइम शो . कुंडली भाग्य अपनी शुरुआत से ही दर्शकों को टीवी स्क्रीन से बांधे हुए है। बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित इस शो में श्रद्धा आर्य ,प्रीता, शक्ति आनंद करण, मनित जौरा ऋषभ, पारस कलनावत राजवीर अद्रिजा रॉय पलकी शनाया शालिनी महल और बसीर अली शौर्य जैसे चर्चित कलाकार नज़र आ रहे हैं। इस शो के एक खास क्रॉसओवर एपिसोड में दर्शकों को फिल्म द साबरमती रिपोर्ट् के कलाकारों के साथ एक अनोखा सिनेमाई ट्विस्ट देखने को मिलेगा। इस एपिसोड में फिल्म द साबरमती रिपोर्टष् के विक्रांत मैसीए राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा एक खास गेस्ट अपीयरेंस में नज़र आएंगे, जब लूथरा परिवार दोनों बहनों पलकी और शनाया की मेहंदी की रस्म में व्यस्त होगा। इस एपिसोड में राशि खन्ना पलकी की दोस्त के रूप में नजर आएंगी, जबकि रिद्धि डोगरा शौर्य की कॉलेज बैचमेट बनकर इस समारोह में रंग जमाएंगी। इसके साथ हीए विक्रांत मैसी की दमदार मौजूदगी और उनकी परफॉर्मेंस सबको मोहित कर देगी। यहां तक कि ऑफस्क्रीन भी उन्होंने पूरी कास्ट और क्रू कोए खास तौर पर पारस कलनावत को बेहद प्रभावित किया। यह पूरा सीक्वेंस दर्शकों के लिए बेहद खास और मनोरंजक होने वाला है। पारस कलनावत ने कहा कि विक्रांत मैसी,राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा के साथ शूट करना मास्टर्स के साथ काम करने जैसा था एक ऐसा अनुभव जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। विक्रांत की विनम्रता और सादगी ने मुझे बहुत प्रभावित कियाय वो टैलेंट के पावरहाउस होने के बावजूद जमीन से जुड़े हैं।

# नाइजीरिया के सर्वोच्च सम्मान से पीएम मोदी सम्मानित

भाषा। अबुजा



**नाइजीरिया ने** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शानदार नेतृत्व और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से रविवार को सम्मानित किया। इसके साथ ही, मोदी यह सम्मान को पाने वाले दूसरे विदेशी गणमान्य व्यक्ति बन गए। स्टेट हाउस में आयोजित एक समारोह में नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू से सम्मान ग्रहण करने के बाद कहा, नाइजीरिया द्वारा ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत गर्व है। मैं इसे बड़ी विनम्रता से स्वीकार करके भारत की 140 करोड़ आबादी और भारत–नाइजीरिया की मैत्री को समर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री ने इस सम्मान के लिए नाइजीरिया की सरकार और जनता को धन्यवाद दिया। मोदी ने रविवार को कहा कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें रक्षा, व्यापार और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। वार्ता में दोनों नेताओं ने आतंकवाद, समुद्री डकैती और कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से लड़ने तथा ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोदी रविवार सुबह अबुजा पहुंचे। यह 17 वर्षों के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी ने नाइजीरिया को कृषि, परिवहन, किफायती दवाओं, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल परिवर्तन के मामले में भारत के अनुभवों का लाभ उठाने की पेशकश की। वहीं, टिनुबू ने भारत द्वारा प्रस्तावित विकास सहयोग साझेदारी तथा स्थानीय क्षमता, कौशल और पेशेवर विशेषज्ञता के सृजन में इसके सार्थक प्रभाव की सराहना की। सुबह मोदी का राष्ट्रपति भवन में 21 तोपों की सलामी के साथ औपचारिक स्वागत किया गया, जिसके बाद उन्होंने टिनुबू के साथ आमने–सामने की बैठक की। बाद में दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में नाइजीरियाई राष्ट्रपति के साथ वार्ता को "बहुत सार्थक" बताया और कहा कि उन्होंने रणनीतिक साझेदारी को गति देने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत बनाने की अपार संभावनाएं हैं। वार्ता के बाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सीमा शुल्क में सहयोग और सर्वेक्षण सहयोग को लेकर तीन सहमति ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान अपने संबोधन की शुरुआत में मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद, समुद्री डकैती और मादक पदार्थों की तस्करी को प्रमुख चुनौतियां करार देते हुए कहा कि दोनों देश इनसे निपटने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, "हम नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं... मुझे विश्वास है कि हमारी वार्ता के बाद हमारे संबंधों में एक नया अध्याय शुरू होगा।

## विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण मामलों में सीओपी29 में कोई प्रगति नहीं: भारत

भाषा। बाकू (अजरबैजान)

**भारत ने** विकासशील देशों में जलवायु कार्वाई का समर्थन करने के तौर-तरीकों पर सीओपी29 में गंभीरता से चर्चा न करने के लिए विकसित देशों के प्रति निराशा व्यक्त की और कहा कि वित्तीय एवं प्रौद्योगिकी मदद के बिना जलवायु परिवर्तन से निपटना असंभव है। एमडब्ल्यूपी पर सहायक निकायों की बैठक के समापन सत्र में शनिवार को एक वक्तव्य देते हुए भारत ने कहा कि विकसित देशों ने जलवायु कार्वाई में बार-बार देरी की है और लगातार लक्ष्य बदले हैं जबकि इन्होंने ऐतिहासिक रूप से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में सबसे अधिक योगदान दिया है तथा इनके पास जलवायु परिवर्तन पर कार्वाई करने के लिए अधिक संसाधन और क्षमता है। भारत के उप प्रमुख वार्ताकार नीलेश शाह ने कहा, हमने (पिछले सप्ताह के दौरान) विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण मामलों में कोई प्रगति नहीं देखी है। दुनिया का हमारा हिस्सा जलवायु परिवर्तन के कुछ सबसे बुरे प्रभावों का सामना कर रहा है, उन प्रभावों से उबरने या जलवायु प्रणाली में उन परिवर्तनों के अनुकूल होने की हमारी क्षमता बहुत कम है, जिनके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। एमडब्ल्यूपी का उद्देश्य मदद करना है, दंडित करना नहीं, तथा इसमें प्रत्येक देश के अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और परिस्थितियों के आधार पर अपने जलवायु लक्ष्य निर्धारित करने के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए।

## हिजबुल्ला का मुख्य प्रवक्ता मध्य बेरूत में इजराइली हमले में मारा गया

**तेल अवीव।** चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला का मुख्य प्रवक्ता मध्य बेरूत में इजराइली हमले में मारा गया। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रविवार को मध्य बेरूत पर एक महीने से अधिक समय में पहला इजराइली हवाई हमला हुआ। अधिकारी ने बताया कि हमले में हिजबुल्ला के मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अफीफ की मौत हो गई। सितंबर में इजराइल की सैन्य कार्वाई में वृद्धि होने और लंबे समय से हिजबुल्ला के नेता रहे हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद, अफीफ अपने संगठन का मीडिया में पक्ष रख रहा था। इससे पहले, इजराइली लड़ाकू विमानों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर बमबारी की थी। सेना ने लोगों से कई इमारतों को खाली करने के लिए आगाह किया था। इस इलाके में हिजबुल्ला आतंकवादी समूह की मजबूत उपस्थिति है और ए हमले ऐसे समय में हुए हैं जब लेबनानी अधिकारी अमेरिका की मध्यस्थता वाले युद्ध विराम प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। रविवार को ही इजराइली पुलिस ने कहा कि उन्होंने उत्तरीय शहर कैसरिया में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास पर गोले दागे जाने के बाद तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब रात में नेतन्याहू और उनका परिवार अपने आवास पर नहीं थे, तब दो गोले दागे गए और इससे कोई हताहत नहीं हुआ। पिछले महीने हिजबुल्ला ने ड्रोन से भी आवास पर हमला किया था, उस समय भी नेतन्याहू और उनका परिवार घर से बाहर थे।

## सीओपी29 का पहला सप्ताह गतिरोध की भेंट चढ़ा, मतभेदों के कारण जलवायु कार्वाई की प्रगति बाधित

**बाकू (अजरबैजान)।** बाकू में सीओपी29 शिखर सम्मेलन का पहला सप्ताह बिना किसी महत्वपूर्ण सफलता के संपन्न हो गया क्योंकि विकसित और विकासशील देशों के बीच गहरे मतभेदों के कारण जलवायु वित्त, व्यापार उपायों और जलवायु कार्वाई के लिए न्यायसंगत जिम्मेदारी जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रगति अवरुद्ध हो गई। जी-77चीन एवं अन्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत ने अधूरी वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर विकसित देशों से जवाबदेही की मांग की। जी-77चीन गुट ने जलवायु वित्त पोषण के लिए प्रतिवर्ष 1.3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग दोहराई, जिसमें अनुदान और रियायती वित्तपोषण पर जोर दिया गया ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से पहले से ही जूझ रही कमजोर अर्थव्यवस्थाओं पर बोझ न पड़े। विकसित देशों से ऋण-प्रेरित प्रणाली से परहेज करने का आग्रह करते हुए एक भारतीय वार्ताकार ने कहा, अब तक उपलब्ध कराए गए जलवायु वित्त का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा ऋण के रूप में है। यह अस्वीकार्य है और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर अनुचित दबाव डालता है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु प्रमुख साइमन स्टील ने जी-20 देशों से साहसिक कदम उठाने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि इसके बिना, समूह में कोई भी अर्थव्यवस्था जलवायु-संचालित आर्थिक नुकसान से बच नही पाएगी। हालांकि, एकजुटता के उनके आह्वान से गतिरोध दूर नही हो सका। ई3जी की जलवायु कूटनीति टीम की कोसिमा कैसल ने भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार किया, लेकिन रियो डी जेनेरियो में आगामी जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की संभावनाओं को रेखांकित किया। ई3जी एक इंजीनियरिंग और पर्यावरण परामर्श फर्म है।

## सुधा मूर्ति ने अपने दामाद ऋषि सुनक के अच्छे भारतीय मूल्यों की प्रशंसा की

**लंदन।** विख्यात लेखिका और राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति ने ब्रिटेन में अपने दामाद एवं पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की परवरिश में उनके माता-पिता द्वारा डाले गए अच्छे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर उनपर (सुनक पर) गर्व जताया है। सुधा मूर्ति शनिवार शाम यहां भारतीय विद्या भवन के वार्षिक दिवाली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं, जहां ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति (सुधा मूर्ति की बेटी) भी मौजूद थी। भारतीय मूल के ऋषि सुनक की माता उषा सुनक और पिता यशवीर सुनक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विद्या भवन के ब्रिटिश विद्यार्थियों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य का मंचन किया। सुधा मूर्ति ने अपने संबोधन में कहा, मै हमेशा मानती हूं कि जब आप विदेश में हों, तब आपके माता-पिता को दो चीजे अवश्य करनी चाहिए: एक तो अच्छी शिक्षा है, जो आपको पंख देती है और आप कही भी जाकर बस सकते है। दूसरा महान संस्कृति, आपका मूल है जो भारतीय मूल या जड़े हैं, वह आपको अपने माता-पिता के साथ भारतीय विद्या भवन में मिल सकती हैं। उन्होंने कहा, मै अपनी संबंधी और अच्छी मित्र उषा जी को बधाई देना चाहती हूं, जिन्होंने अपने बेटे पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भारतीय संस्कृति से जुड़ने का एक बेहतरीन रास्ता दिया, फलस्वरूप वह एक गौरवान्वित ब्रिटिश नागरिक बने और उनमें अच्छे भारतीय सांस्कृतिक मूल्य स्थापित हुए।

**जांच कराई जाए कि गाजा पर इजराइल का हमला जनसंहार की श्रेणी मे तो नही : पोप फ्रांसिस**

रोम। कैथोलिक ईसाई धर्म के शीर्ष नेता पोप फ्रांसिस ने यह तय करने के लिए जांच का आह्वान किया है कि क्या गाजा में इजराइल के हमले नरसंहार हैं। पोप जुबली ईयर से पहले रविवार को जारी एक नई पुस्तक के अंशो से यह जानकारी दी गई। पोप फ्रांसिस ने पहली बार गाजा पट्टी में इजराइल की सैन्य कार्वाई के दौरान नरसंहार के आरोपो की जांच के लिए खुलकर मांग की है। उन्होंने सितंबर में कहा था कि गाजा और लेबनान में इजराइल के हमले अनैतिक और असंगत है और उसकी सेना युद्ध नियमो से परे चली गई है। हर्नान रेएस अलकेड द्वारा लिखित और पोप के साथ साक्षात्कार पर आधारित इस पुस्तक का शीर्षक है आशा कभी निराश नही करती।

## पाकिस्तान में गर्भवती महिला की हत्या कर उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े किए गए

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक चौकाने वाली घटना में एक गर्भवती महिला की उसकी सास ने कथित तौर पर हत्या कर दी और अपने तीन साथियों के साथ मिलकर उसके शव को दर्जनो टुकड़ों में काट कर नाले में फेंक दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना पिछले सप्ताह लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले के दासका में हुई। पुलिस ने बताया कि मामले में चार संदिग्धो को गिरफ्तार किया है जिनमें सास सुघरान बीबी, उसकी बेटी यास्मीन, उसका पोता हमजा और दूर के रिश्तेदार नवीद शामिल है।

## टाइटैनिक के कप्तान को दी गई सोने की घड़ी 20 लाख डॉलर में बिकी

**लंदन।** टाइटैनिक जहाज से 700 लोगों को बचाने वाले एक जहाज के कप्तान को दी गई सोने की घड़ी नीलामी में लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर में बिकी है। टाइटैनिक के मलबे से प्राप्त यादगार वस्तुओं की बिक्री का यह एक रिकार्ड स्थापित हुआ है। टिफनी एंड कंपनी की 18 कैरेट सोने की घड़ी जीवित बची तीन महिलाओं ने आरएमएस कार्पेथिया जहाज के कप्तान आर्थर रोस्ट्रॉन को दी थी। कप्तान रोस्ट्रॉन ने टाइटैनिक के उत्तरी अटलांटिक में हिमखंड से टकराकर डूबने के बाद उस पर सवार लोगों को बचाने के लिए अपने यात्री जहाज आरएमएस कार्पेथिया का मार्ग बदल दिया था।

## श्रीलंका के नए मंत्रिमंडल के सदस्य सोमवार को लेंगे शपथ

**कोलंबो।** श्रीलंका के नए मंत्रिमंडल के सदस्यों को सोमवार को राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की उपस्थिति में शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रपति के मीडिया कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। दिसानायके के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने बृहस्पतिवार को हुए संसदीय चुनावों मे दो तिहाई बहुमत हासिल करके जीत हासिल की। इसने तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफ्ना निर्वाचन क्षेत्र में भी अपना दबदबा कायम किया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण सोमवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की उपस्थिति मे होगा। दसवी संसद का पहला सत्र 21 नवंबर को आयोजित होने वाला है। संविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार, कैबिनेट मंत्रियो की कुल संख्या 30 तक सीमित है। उप-मंत्रियो की संख्या कुल मिलाकर 40 से अधिक नही हो सकती।

# ट्रंप ने क्रिस राइट को ऊर्जा मंत्री नामित किया

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिबर्टी एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस राइट को ऊर्जा मंत्री नामित किया है।डेनवर स्थित लिबर्टी एनर्जी ऊर्जा क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है।राइट जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों पर अपनी बातों को हमेशा से मुखरता से रखते आए हैं और वह जीवाश्म ईंधन को बढ़ावा दे सकता है, जिसमें बाइडन प्रशासन की ओर से प्राकृतिक गैस निर्यात की मंजूरी पर एक साल की रोक को समाप्त करने के लिए त्वरित कार्वाई भी शामिल है। राइट को ऊर्जा मंत्रालय का प्रमुख बनाने के निर्णय का तेल एवं गैस टाइकून हेरोल्ड हैम ने भी समर्थन किया है। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद जॉन बैरासो ने क्रिस के अनुमोदन को उचित करार दिया है। बैरासो को ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।

## नए अमेरिकी प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं: चीन के राष्ट्रपति चिनफिंग

**लीमा।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से शनिवार को मुलाकात की और कहा कि वह अमेरिका के नए प्रशासन के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने मुलाकात की। चिनफिंग ने बैठक के दौरान कहा, चीन और अमेरिका के संबंध न केवल दोनो देशो के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानवता और भविष्य के लिए भी अहम हैं। उन्होंने कहा, सोच-समझ कर चयन करें। दो प्रमुख देशो के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए सही रास्ता तलाशें। चिनफिंग ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप का नाम लिए बिना चुनाव प्रचार के दौरान आयात के संबंध मे दिए गए उनके बयान पर चिंता जाहिर की और कहा कि इससे दोनो देशो के संबंधो पर असर पड़ सकता है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, चीन, अमेरिका के नए प्रशासन के साथ सहयोग बढ़ाने और मतभेदों को दूर कर काम करने के लिए तैयार है जिससे दोनो देशो के लोगो को इसका लाभ मिल सके। जो बाइडन ने भी अमेरिका-चीन संबंधो पर विस्तार से बातचीत की। हम हमेशा एक-दूसरे से सहमत नही होते, लेकिन हमारी बातचीत हमेशा स्पष्ट रही है। हम दोनों के बीच हुई यह बैठक उन सभी गलत अनुमानों पर रोक लगाती है और यह सुनिश्चित करती है कि दोनो देशो के बीच प्रतिस्पर्धा संघर्ष में नही बदलेगी।

## खुफिया सेवाओं की प्रमुख नामित गबार्ड का रूस के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण चिंता का कारण

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप द्वारा देश की खुफिया सेवाओ का नेतृत्व करने के लिए नामिम तुलसी गबार्ड ने 2022 मे यूक्रेन पर आक्रमण करने के लिए रूस द्वारा दिए गए कारणों मे एक का समर्थन किया था कि दुनिया के कुछ सबसे खतरनाक रोगाणुओं पर काम करने वाले दर्जनों अमेरिकी वित्त पोषित जैविक प्रयोगशालाएं यूक्रेन में काम कर रही हैं। रूस ने दावा किया था कि यूक्रेन इन प्रयोगशालाओं का उपयोग कोविड-19 के समान घातक जैविक हथियार बनाने के लिए कर रहा था, जिनका उपयोग रूस के खिलाफ किया जा सकता था और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पास अपने देश की रक्षा के लिए पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण करने के अलावा कोई विकल्प नही था।सैन्य सेवा से अवकाश प्राप्त और हवाई से डेमोक्रेट पार्टी की पूर्व कांग्रेस सदस्य गबार्ड ने बाद में सफाई दी कि वह अमेरिका या यूक्रेन पर किसी गलत काम का आरोप नहीं लगा रही थीं, बल्कि सिर्फ प्रयोगशालाओं की सुरक्षा के बारे मे चिंता व्यक्त कर रही थी।लेकिन अमेरिका मे गबार्ड के आलोचक उनकी टिप्पणी का इस्तेमाल उन्हें निशाना बनाने के लिए कर रहे है। इनमें उनकी पार्टी रिपब्लिकन और विरोधी डेमोक्रेटिक के नेता शामिल हैं। गबार्ड के बयान के कारण उनकी रूस के सरकारी टीवी पर भी प्रशंसा की गई। रूस के समर्थन मे गबार्ड की पिछली टिप्पणियां और साथ ही रूस और ईरान के करीबी सहयोगी सीरिया के राष्ट्रपति के साथ गुप्त बैठकें डेमोक्रेट्स और राष्ट्रीय सुरक्षा विश्लेषकों को नए सिरे से जांच को आकर्षित कर रही हैं। उन्हें डर है कि ट्रंप की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में वह रूस को बड़ी जीत दिला सकती है, यूक्रेन को कमजोर कर सकती हैं, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है और सहयोगियों के साथ खुफिया संबंधों को खतरे में डाल सकती हैं।ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने फ्लोरिडा के पूर्व कांग्रेसी मैट गेट्ज के बारे मे बात करते हुए कहा, गेट्ज की तरह गबार्ड भी विस्फोट के लिए तैयार एक हथगोले की तरह है। मैट गेट्ज को ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पद के लिए चुना है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का कहना है कि गबार्ड की टिप्पणी रूस समर्थक झुकाव को दर्शाती है, जो सीनेट द्वारा उनकी पुष्टि होने पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समस्या उत्पन्न करेगी।डेमोक्रेटिक पार्टी से मैसाच्युसेट्स से सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन ने कहा, क्या आप वास्तव में चाहते है कि अमेरिका और हमारी रक्षा खुफिया एजेंसियो के सभी रहस्य उसके पास हो, जबकि वह स्पष्ट रूप से पुतिन की जेब मे है?

## बांग्लादेश भारत से पूर्व पीएम हसीना को स्वदेश भेजने की मांग करेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को कहा कि उनका प्रशासन अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वतन भेजने की मांग करेगा। बांग्लादेश में अगस्त में बड़े पैमाने पर विरोध–प्रदर्शनों के चलते सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना निर्वासन में हैं। अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर राष्ट्र के नाम संबोधन में यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार हसीना सहित उन लोगों पर मुकदमा चलाएगी, जो छात्र–नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के दौरान सैकड़ों मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। हसीना के देश छोड़कर जाने के तीन दिन बाद यूनुस ने आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के प्रमुख का पदभार संभाला था। उन्होंने कहा कि न केवल प्रदर्शन में हुई मौतें, बल्कि हसीना के सत्ता में रहने के दौरान कथित तौर पर जबरन गायब किए गए लोगों सहित मानवाधिकारों के सभी अन्य उल्लंघनों की जांच की जाएगी।

# रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर 120 मिसाइलों और 90 ड्रोन से हमला किया

भाषा। कीव



**रूस ने यूक्रेन के** ऊर्जा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर रविवार को बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। रूस के इस हमले को हाल के महीनों में यूक्रेन पर किया गया सबसे भीषण हमला बताया जा रहा है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इस बात की आशंका बढ़ रही है कि मॉस्को की मंशा सर्दियों के मौसम से पहले यूक्रेन की बिजली उत्पादन क्षमता को नष्ट करने की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने यूक्रेन में बड़े पैमाने पर हमला करते हुए कुल 120 मिसाइलें और 90 ड्रोन दागे। जेलेंस्की ने दावा किया कि हमले में विभिन्न प्रकार के ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, जिनमें ईरान निर्मित शाहिद, साथ ही क्रूज, बैलिस्टिक और विमान से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलें भी शामिल हैं। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर साझा किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेनी सुरक्षाबलों ने 140 मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया। जेलेंस्की ने कहा, दुश्मन का लक्ष्य यूक्रेन में हमारा ऊर्जा ढांचा था। टकराने और गिरने वाले मलबे से नुकसान पहुंचा है। माइकोलाइव में ड्रोन हमले के परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। कीव के सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको के अनुसार ड्रोन और मिसाइल का संयुक्त हमला तीन महीनों में सबसे बड़ा था। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा अपने पड़ोसी पर किए गए पूर्ण आक्रमण के बाद से रूसी हमलों ने यूक्रेन के बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण बार–बार आपातकालीन रूप से बिजली की कटौती की गई है। यूक्रेन के अधिकारियों ने नियमित रूप से पश्चिमी सहयोगियों से आग्रह किया है कि वे हमलों का मुकाबला करने तथा मरम्मत के लिए देश की हवाई सुरक्षा को मजबूत करें। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार रविवार को यूक्रेन में राजधानी कीव, प्रमुख दक्षिणी बंदरगाह ओडेसा तथा देश के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों सहित पूरे यूक्रेन में विस्फोटों की आवाज सुनी गईं।

## विदेशों में मलाबार के विस्तार के बाद भारत पर नजर

**मध्य पूर्व।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स जिसे विश्व के प्रमुख स्वर्ण एवं हीरा रिटेल विक्रेताओं में से एक के रूप में जाना जाता हैए ने साकेत नगरए कानपुर में अपने नवीनतम शोरूम के शुभारंभ की घोषणा की है। यह उपलब्धि भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और ग्राहकों को उत्कृष्ट आभूषणों के व्यापक चयन के साथ बेजोड़ खरीदारी अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कानपुर में यह शोरूम उत्तर भारत में ब्रांड का 38वां और उत्तर प्रदेश में 12वां शोरूम हैए जो इस क्षेत्र में इसकी मजबूत नेतृत्व स्थिति को और सुदृढ़ करता है। इस शोरूम का उद्घाटन माननीय लोकसभा सांसद श्री रमेश अवस्थी ने किया। 13 देशों में 360 से अधिक शोरूम के वैश्विक नेटवर्क के साथ जिनमें भारत, मध्य पूर्व, अमेरिका, यूके, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपनी विस्तृत कलेक्शनए उत्कृष्ट गुणवत्ता और ग्राहक.केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है। ब्रांड के पास 26 देशों में 22ए000 से अधिक बहुभाषी कर्मचारियों की समर्पित टीम है, और इसने अब तक 1.5 करोड़ से अधिक संतुष्ट ग्राहकों को सेवा प्रदान की है। साकेत नगरए कानपुर शोरूम में सोने, हीर, प्लेटिनम और रत्नों के आभूषणों का एक विस्तृत संग्रह उपलब्ध है, जो विभिन्न रुचियों और अवसरों के अनुरूप डिज़ाइन किए गए हैं। पारंपरिक डिज़ाइनए जो भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करते हैंए से लेकर आधुनिक संवेदनाओं के लिए समकालीन शैलियों तकए यह शोरूम विभिन्न प्रकार की प्राथमिकताओं को पूरा करता है। चेयरमैनए एमपी अहमद ने अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा कि हम कानपुर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जो संस्कृति और परंपरा से समृद्ध एक शहर है।

## उम्रदराज मरीज के दिल पर लगा लीडलेस पेसमेकर

**हेल्थ सिटी।** भारत में पहली बार एक मरीज में लीडलेस पेसमेकर का प्रत्यारोपण हुआ है जो न सिर्फमरीज के संक्रमण का जोखिम कम करता है बल्कि इसे आसानी से हटाया भी जा सकता है। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के क्लिनिकल लीड और कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी में एक प्रतिष्ठित अग्रणी डॉ. वनिता अरोड़ा ने यह सफलता हासिल की है। इनका कहना है कि यह भारत में हृदय देखभाल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत है। डॉक्टरों का कहना है कि इस पहले सफल प्रत्यारोपण के साथ भारतीय कार्डियोलॉजी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता पेसमेकर प्रौद्योगिकी में एक छलांग का प्रतिनिधित्व कर रही है और हृदय ताल प्रबंधन की आवश्यकता वाले मरीजों खासतौर पर जिन्हें संक्रमण का जोखिम बहुत ज्यादा हो सकता है, उनमें एक नई आशा भी लेकर आई है। डॉ.वनिता अरोड़ा ने बताया कि इनोवेटिव लीडलेस पेसमेकर को एक ट्रांसवेनस यानी कैथेटर-आधारित प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्यारोपित किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि पारंपरिक सर्जिकल चीरा की आवश्यकता खत्म हो गई और उसकी वजह से होने वाला उच्च जोखिम और संक्रमण का खतरा भी कम हो गया। जानकारी के अनुसार एबॉट कंपनी ने कुछ ही समय पहले एक लीडलेस पेसमेकर लॉन्च किया जो धीमी हृदय गति के उपचार में प्रत्यारोपित होता है। इसे एवियर वीआर के नाम से जानते हैं जिसमें प्रत्यारोपित होने से पहले स्थिति का आकलन करने की मैपिंग क्षमता है। अन्य की तुलना में इसकी बैटरी लाइफभी अधिक है। डॉ. वनिता अरोड़ा ने बताया कि एक 75 वर्षीय महिला मरीज में इसका प्रत्यारोपण किया गया जो थकानए ऊर्जा की हानि और प्रीसिंकोप ;ऐसा महसूस करना कि आप बेहोश होने वाले है से परेशान थीं। चिकित्सा जांच के बाद मरीज में सिक साइनस सिंड्रोम का पता चला। यह एक ऐसी चिकित्सा स्थिति है जहां हृदय का प्राकृतिक पेसमेकर उम्र के साथ खराब हो जाता है।

## क्या वैज्ञानिकों के लिए स्वयं पर प्रयोग करना उचित है?

**ऑक्सफोर्ड (ब्रिटेन)।** विषाणु विज्ञानी बीटा हैलासी हाल में उस समय सुर्खियों में आईं जब उन्होंने एक प्रयोगात्मक उपचार से स्वयं अपने स्तन कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज करने की रिपोर्ट प्रकाशित की। पूर्व में मैस्टेक्टमी (स्तन-उच्छेदन) और कीमोथेरेपी करवा चुकी हैलासी ने अपने चिकित्सकों को बताया कि वह अपने ट्यूमर का इलाज ऐसे विषाणु के इंजेक्शन से करना चाहती है जो कैंसर कोशिकाओ पर हमला करने के लिए जाने जाते है। इस तरह के दृष्टिकोण को ऑन्कोलिटिक वायरोथेरेपी (ओवीटी) कहा जाता है। स्तन कैंसर के उपचार के लिए ओवीटी को अभी तक मंजूरी नही मिली है, लेकिन प्रयोगात्मक दृष्टिकोण के रूप मे इसका अध्ययन किया जा रहा है। हैलासी चिकित्सा मे स्व-प्रयोग की एक सफल कहानी है। वह बैरी मार्शल जैसे अन्य उदाहरणो में शामिल हो गई है, जिन्होंने गैस्ट्राइटिस और पेप्टिक अल्सर मे इसकी भूमिका साबित करने के लिए हेलिकोबैक्टर बैक्टीरिया का स्वयं पर प्रयोग किया था और इसके लिए 2005 मे चिकित्सा मे नोबेल पुरस्कार जीता था।

# मूत्र मार्ग संक्रमण के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों से हो सकता है नुकसान

भाषा। कॉलेज स्टेशन (अमेरिका)

**अमेरिका और दुनिया** भर में हर साल लाखों लोग मूत्र मार्ग के संक्रमण से पीड़ित होते हैं। कुछ आयु वर्ग के समूह विशेष रूप से मूत्र मार्ग के गंभीर संक्रमण (यूटीआई) से ग्रस्त होते हैं, जिनमें महिलाएं, वृद्ध और कुछ पूर्व सैनिक भी शामिल हैं। इन संक्रमणों का आमतौर पर एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जाता है, लेकिन जिन रोगाणुओं को ए दवाएं लक्षित करती हैं, इन दवाओं के अधिक उपयोग से वे इनके प्रति प्रतिरोधी बन जाते हैं और दवाओं की प्रभावशीलता कम हो जाती है। दीर्घकालिक यूटीआई और एंटीबायोटिक प्रतिरोध की इस समस्या को हल करने के लिए, हमने माइक्रोबायोलॉजी (सूक्ष्म जीव विज्ञान) और इंजीनियरिंग में अपनी विशेषज्ञता को संयोजित करके एक जीवित पदार्थ बनाया है जिसमें लाभकारी ई. कोलाई की एक विशिष्ट प्रजाति मौजूद है। हमारा शोध यह दर्शाता है कि इस जैव पदार्थ से निकलने वाले अच्छे जीवाणु पोषक तत्वों के लिए बुरे जीवाणु से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और जीत सकते हैं, जिससे रोग पैदा करने वाले रोगाणुओं की संख्या में नाटकीय रूप से कमी आ सकती है। हमारा मानना है कि आगे के विकास के साथ, यह तकनीक बार–बार होने वाले मूत्र मार्ग संक्रमण (यूटीआई) को ठीक करने में मदद कर सकती है, जिस पर एंटीबायोटिक्स असर नहीं करते। मूत्राशय में जीवाणु को लाना--- लोगों में रहने वाले सूक्ष्मजीवों के लिए पोषक तत्व सीमित होते हैं, शरीर के विभिन्न भागों में उनकी मौजूदगी अलग–अलग होती है। जीवाणु को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त करने के लिए अन्य सूक्ष्मजीवों और मेजबान के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। उपलब्ध पोषक तत्वों को ग्रहण करके, लाभकारी जीवाणु हानिकारक जीवाणु की वृद्धि को रोक या धीमा कर सकते हैं। जब हानिकारक जीवाणु को महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, तो वे बीमारी पैदा करने के लिए पर्याप्त संख्या तक नहीं पहुंच पाते हैं। हालांकि, मूत्र मार्ग संक्रमण (यूटीआई) को रोकने के लिए मूत्राशय तक लाभदायक जीवाणु पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। एक बात यह है कि ए उपयोगी जीवाणु स्वाभाविक रूप से केवल उन लोगों में पनप सकते हैं जो अपने मूत्राशय को पूरी तरह से खाली करने में असमर्थ होते हैं, इस स्थिति को मूत्र प्रतिधारण कहा जाता है। यहां तक कि इन रोगियों में भी, ए जीवाणु कितने समय तक उनके मूत्राशय में रह सकते हैं, इसमें व्यापक अंतर होता है। मूत्राशय तक जीवाणु पहुंचाने की वर्तमान विधियां आक्रामक हैं और इसमें बार–बार कैथेटर डालने की आवश्यकता होती है। यहां तक कि जब जीवाणु सफलतापूर्वक मूत्राशय में छोड़ दिए जाते हैं, तो मूत्र इन रोगाणुओं को बाहर निकाल देता है, क्योंकि वे मूत्राशय की दीवार से चिपक नहीं सकते।

## दुनिया भर में होने वाली मौतों में गैर संचारी रोग -एनसीडी का हिस्सा 74 प्रतिशत

सीओपीडी क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ दिवस 2024 के भाग के रूप में स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है। यह इस साल की थीम अपने लंग फंक्शन को जानें के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर में होने वाली मौतों में गैर संचारी रोग -एनसीडी का हिस्सा 74 प्रतिशत है। सीओपीडी जैसी सांस की क्रोनिक बीमारी -सीआरडी स्वास्थ्य परिणामों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, खासकर भारत में। सीओपीडी सबसे प्रचलित लेकिन कम पहचानी जाने वाली सांस संबंधी स्थिति हैए जो लगभग 55 मिलियन भारतीयों को प्रभावित करती है और ग्लोबल बर्डन ऑफ़डिजीज़ स्टडी 2019 के अनुसार देश में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है फेफड़े के कार्य के परीक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए डा.एसकेअवस्थी कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट कानपुर ने कहा कि सीओपीडी जैसी क्रोनिक श्वसन बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए बीमारी का शुरू में ही पता चल जाना और उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण हैं। स्पाइरोमेट्री, फेफड़े का एक कार्य परीक्षण है जो फेफड़ों द्वारा धारण की जा सकने वाली हवा की मात्रा और आप कितनी जल्दी साँस छोड़ सकते हैं,को मापता है। यह सीओपीडी का जल्द पता लगाने यानी इससे पहले कि स्थिति की गंभीरता और बढ़ जाए के लिए महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य सेए भारत में कई व्यक्ति सीओपीडी के लक्षणों को तभी पहचान पाते हैं जब उनके परिवार के किसी सदस्य को यह अनुभव होता हैए अक्सर शुरुआती लक्षणों को उम्र बढ़नेए सामान्य फ्लू या धूम्रपान करने वालों की खांसी के रूप में खारिज कर देते हैं। इसलिए मरीज़ों को शिक्षित करना ज़रूरी है। जानकारी देने के लिए नई ब्रीदफ़्री वेबसाइट जैसे विश्वसनीय संसाधन भारत में फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के मिशन में लोगों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे लोगों को अपने श्वसन स्वास्थ्य के प्रबंधन में सक्रिय कदम उठाने में मदद मिलती है। जबकि पल्मोनरी रिहैबिलेशन फुफ्फुसीय पुनर्वासद्ध कार्यक्रम जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार कर सकते हैं। वास्तव मेंए सही साँस लेने की तकनीक से जूझ रहे कुछ रोगियों के लिएए नेबुलाइज़्ड उपचार पर विचार किया जा सकता है।

